RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 147
नई दिल्ली, सोमवार, 3 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




फाइनल में हारीं पीवी सिंधू
स्पोर्ट्स-12

## बिहार में ताजा सांप्रदायिक हिंसा के बीच गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# सत्ता आते ही दंगाइयों को उल्टा लटका देंगे

● गृहमंत्री ने कहा- लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश सरकार खुद ही गिर जाएगी, राज्य में भ्रष्टाचार, अराजकता और दमन माहौल व्याप्त होने का आरोप लगाया

**एजेंसी।** हिसुआ (बिहार)

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार में नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, अराजकता और दमन का माहौल व्याप्त होने का आरोप लगाने के साथ ही चेतावनी भरे स्वर में कहा कि 2025 में विधानसभा चुनाव में भाजपा के सत्ता में आते ही सभी दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा किया जाएगा।

शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश सरकार खुद ही गिर जाएगी। शाह ने नवादा जिले के हिसुवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिहारशरीफ और सासाराम में सांप्रदायिक तनाव के लिए पूरी तरह राज्य की नीतीश कुमार नीत सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इन दोनों शहरों में आग लगी है और वह सासाराम में हिंसा की वजह से वहां नहीं जा पाए। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह ने सासाराम की स्थिति के बारे में कहा कि वहां पर लोग मारे जा रहे हैं और गोलियां चल रही हैं। प्रशासन का कहना है कि सासाराम और बिहारशरीफ में दंगों में अभी तक कोई हताहत नहीं हुआ है।

भाजपा ने सासाराम में सीआरपीसी की धारा 144 लगाने को शाह की यात्रा को रद्द करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जो सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर एक समारोह में शामिल होने वाले थे। हालांकि, रोहतास जिले के प्रशासन ने दावा किया है कि कोई निषेधाज्ञा लागू नहीं की गई है और उन पुलिस कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जो कैमरे के सामने लोगों को इसलिए घरों के अंदर रहने के लिए कहते हुए पकड़े गए हैं, क्योंकि 'धारा 144 लागू है।' शाह ने कहा मैंने स्थिति का जायजा लेने के लिए बिहार के राज्यपाल से बात की। ललन सिंह (जद (यू) के अध्यक्ष) इसका विरोध कर रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि मैं देश का गृह मंत्री हूं। अगर बिहार में अराजकता कायम है, तो मैं मूक दर्शक नहीं बन सकता। राज्य देश का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाएं, और विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने में मदद करें। सारे दंगाइयों को उल्टा लटका दिया जाएगा। राज्य में सांप्रदायिक हिंसा पर केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि स्थिति जल्द (शेष पेज 9)



बिहार के नवादा में सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सम्मानित करते भाजपा के वरिष्ठ नेतागण

### बिहारशरीफ में 77 गिरफ्तार हालात सामान्यः पुलिस

**पटना।** रामनवमी उत्सव के दौरान नालंदा जिले के बिहारशरीफ में सांप्रदायिक तनाव के सिलसिले में बिहार पुलिस ने अब तक 77 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बिहार पुलिस के आधिकारिक ट्विटर खाते से रविवार को किए गए ट्वीट के मुताबिक, नालंदा के बिहारशरीफ में स्थिति पूर्णतः सामान्य एवं नियंत्रण में है। हिंसा में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी की जा रही है। अब तक 77 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। घटनास्थल पर पर्याप्त संख्या में वरिष्ठ अधिकारी व पुलिस बल तैनात हैं।

# दोषसिद्धि के खिलाफ आज अपील करेंगे राहुल

● वकील और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ सूरत की अदालत में स्वयं रहेंगे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** सूरत

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी मोदी उपनाम से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ गुजरात के सूरत की एक अदालत में सोमवार को अपील दाखिल करेंगे। इस दौरान वह स्वयं अदालत में मौजूद रहेंगे। उपनाम मानहानि मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन अदालत ने राहुल को दो साल की सजा सुनाई है। हालांकि उन्हें हाथों-हाथ जमानत मिल गई और सजा पर अमल के लिए एक महीने की रोक लगा दी गई ताकि वह अपने बचाव में ऊपरी अदालत का रुख कर सकें।

कांग्रेस नेता के वकील किरीट पानवाला ने कहा कि राहुल गांधी अपराह्न करीब तीन बजे सजा के खिलाफ अपील दाखिल करने के लिए सूरत में सत्र अदालत पहुंचेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि गांधी जब सोमवार दोपहर को यहां पहुंचेंगे, तो कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी वहां मौजूद रहेंगे। सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एच वर्मा की अदालत ने मोदी उपनाम को लेकर राहुल की ओर से की गई एक टिप्पणी के संबंध में दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में उन्हें 23 मार्च को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने 52 वर्षीय राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) और 500 (किसी व्यक्ति की आपराधिक मानहानि के दोषी व्यक्ति के लिए सजा) के तहत दोषी ठहराया था। हालांकि, अदालत ने राहुल गांधी को उसी दिन जमानत भी दे दी थी और उनकी सजा के अमल पर 30 दिन के लिए रोक लगा दी थी, ताकि वह ऊपरी अदालत में अपील दाखिल कर सकें। लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया था। लोकसभा की (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में अपने आवास के बाहर कांग्रेस नेता राहुल गांधी

### अंततः कांग्रेस ने न्यायिक प्रणाली में भरोसा जतायाः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने आखिरकार न्यायिक प्रणाली में अपना विश्वास दिखाया है और अब उसे पिछड़े वर्गों का अपमान करने के लिए उनसे माफी भी मांग लेनी चाहिए। मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ राहुल गांधी द्वारा अपील करने की खबरों के बाद भाजपा की ओर से यह टिप्पणी आई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पत्रकारों से कहा कि यह स्वागत योग्य कदम है। देर से ही सही, लेकिन कांग्रेस ने न्यायिक प्रणाली में विश्वास दिखाया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता हाल तक काले कपड़े पहनकर अदालत द्वारा राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने का विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हालांकि, यह सोचने वाली बात है कि कांग्रेस ने अपने शीर्ष नेता के लिए उच्च अदालत का रुख करने में इतने दिन का वक्त क्यों लिया, जबकि कुछ अन्य मामलों में उसने कुछ ही घंटों के भीतर ऐसा किया है।

# मोदी की सुपारी टिप्पणी पर विपक्ष का पलटवार

● सिब्बल ने कहा, हमें नाम बताए और मुकदमा चलाने दें, खरगे ने लगाया आरोप-आपने लोगों की जेब काटने की सुपारी ली है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की सुपारी वाली टिप्पणी के एक दिन बाद रविवार को विपक्ष ने उन पर निशाना साधा। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने पीएम से उन लोगों के नाम बताने के लिए कहा, जिन्होंने उनकी छवि बिगाड़ने के लिए सुपारी दे रखी है और कहा कि हमें उन पर मुकदमा चलाने दें।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुछ आवश्यक दवाओं की कीमतों में कथित वृद्धि पर कहा कि उन्होंने (मोदी) लोगों की जेब काटने की सुपारी ली है। भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शनिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद मोदी ने वहां जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था, हमारे देश में कुछ लोग हैं, जो 2014 के बाद से ही यह ठानकर बैठे हैं और उन्होंने सार्वजनिक रूप से बोला भी है। उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है कि हम मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा था, इसके लिए इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है और खुद भी मोर्चा संभाले हुए हैं। इन लोगों का साथ देने के लिए कुछ लोग देश के भीतर हैं और कुछ देश के बाहर भी बैठकर अपना काम कर रहे हैं। इन टिप्पणियों पर (शेष पेज 9)

## देश में कोविड-19 के 3,824 नए केस, छह महीने में सर्वाधिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 3,824 नए मामले सामने आए है। नए मरीजों की यह संख्या बीते छह महीने में सर्वाधिक है। हालांकि मौत का आंकड़ा अभी स्थिर है। रविवार को संक्रमण से पांच लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 2.87 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 2.24 फीसदी दर्ज की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 के 3,824 नए मरीज मिलने के बाद देश में अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,22,605 हो गई। उपचाराधीन मरीज बढ़कर 18,389 पर हो गए हैं। कोरोना से पांच और मरीजों के दम तोड़ने से मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,30,881 पर पहुंच गई। कोविड-19 से स्वस्थ होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.77 प्रतिशत दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे के दौरान दिल्ली, हरियाणा, केरल और राजस्थान में एक-एक संक्रमित की मौत हुई।

# शिंदे ने सावरकर गौरव यात्रा की अगुवाई की

● राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा- कांग्रेस नेता को जवाब देने के लिए महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में ऐसी यात्रा निकाली जाएगी

**पीएनएस/एजेंसी।** ठाणे (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को अपने गृह नगर ठाणे शहर में सावरकर गौरव यात्रा की अगुवाई की जिसमें हिंदुत्व विचारक दिवंगत वीडी सावरकर के सम्मान में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने पिछले महीने घोषणा की थी कि देश में सावरकर के योगदान को सम्मान देने तथा उनके खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना का जवाब देने के लिए महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में सावरकर गौरव यात्रा निकाली जाएगी। रविवार को लोगों ने भगवा टोपियां पहनकर यात्रा में भाग लिया जिन पर मी सावरकर (मैं सावरकर हूं) तथा अन्य संदेश लिखे थे। उन्होंने ठाणे शहर में राम गणेश गडकरी रंगायतन सभागार में सावरकर को पुष्पांजलि अर्पित की, जहां से यात्रा आरंभ हुई थी।

रैली समाप्त होने पर एक सभा को संबोधित करते हुए शिंदे ने सावरकर पर बार-बार हमला करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की और कहा कि स्वतंत्रता सेनानी का अपमान देश का अपमान करने के समान है। उन्होंने कहा कि लोग सावरकर पर हमला कर हिंदुत्व की छवि बिगाड़ने की कोशिश करने के लिए कुछ ताकतों से आक्रोशित हैं। शिंदे ने कहा, हमने देखा है कि लोग लगातार सावरकर का अपमान करने के लिए कुछ लोगों से नाराज हैं। सावरकर का अपमान प्रत्येक भारतीय का अपमान है। मैं सावरकर के खिलाफ आक्षेप (शेष पेज 9)

### शिंदे पार्टी नेताओं संग नौ अप्रैल को अयोध्या जाएंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि वह अपनी पार्टी के नेताओं के साथ नौ अप्रैल को अयोध्या जाएंगे और वहां सरयू नदी के तट पर पूजा करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। शिंदे ने कहा, मैं अपनी पार्टी के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों और अन्य पदाधिकारियों के साथ नौ अप्रैल को अयोध्या जाउंगा। मैं वहां सरयू नदी के तट पर पूजा भी करूंगा। उन्होंने कहा, (राम जन्मभूमि मंदिर के लिए) जब कार सेवा हो रही थी तो मेरे गुरु आनंद दिघे ने चांदी की ईंट अयोध्या भेजी थी। हमारा अयोध्या और भगवान राम से पुराना नाता है।

# इसरो ने पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान का सफल परीक्षण किया

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान स्वायत्त लैंडिंग मिशन (आरएलवी एलएएक्स) के तहत रविवार को सफलतापूर्वक परीक्षण किया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि यह परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में किया गया। एक बयान में कहा गया है, इसी के साथ इसरो ने प्रक्षेपण यान की स्वायत्त लैंडिंग के क्षेत्र में सफलता हासिल कर ली।

इसरो ने कहा, एलईएक्स के साथ ही पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण के क्षेत्र में भारत अपने लक्ष्य के एक और कदम करीब पहुंच गया। दुनिया में पहली बार, एक विंग बॉडी को एक हेलीकॉप्टर की मदद से 4.5 किलोमीटर की उंचाई पर ले जाया जाएगा और रनवे पर स्वायत्त लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। भारतीय वायुसेना के चिनुक हेलीकॉप्टर के जरिए आरएलवी ने भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 10 मिनट पर (औसत समुद्र तल से) 4.5 किलोमीटर की उंचाई तक उड़ान भरी। तय मापदंडों तक पहुंचने के बाद मिशन प्रबंधन कंप्यूटर की कमान के आधार पर आरएलवी को बीच हवा में 4.6 किलोमीटर की क्षैतिज दूरी से छोड़ा गया। स्थिति, वेग, उंचाई आदि समेत 10 मापदंडों पर नजर रखी गई और इनके पूरा होने पर आरएलवी को छोड़ा गया। आरएलवी को छोड़े जाने की प्रक्रिया स्वायत्त थी।

आरएलवी ने एकीकृत नेविगेशन, मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणाली का उपयोग करते हुए नीचे उतरना शुरू किया और उसने भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न सात बजकर 40 मिनट पर स्वायत्त तरीके से लैंडिंग की। स्वायत्त लैंडिंग की प्रक्रिया अंतरिक्ष पुनः प्रवेश यान की लैंडिंग संबंधी सटीक शर्तों के तहत की गई। बयान में कहा गया है, आरएलवी एलईएक्स के लिए विकसित समकालीन प्रौद्योगिकियों के अनुकूल ढलना इसरो के अन्य प्रक्षेपण यानों को भी अधिक किफायती बनाता है। इसरो ने इससे पहले मई 2016 में एचईएक्स (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,991 | |
| निफ्टी | 17,359 | |
| सोना | 59,680 | /10g |
| चांदी | 71,300 | /kg |

## क्विक न्यूज

### माफिया अतीक अहमद का बहनोई गिरफ्तार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रयागराज की एक अदालत द्वारा हाल ही में उम्रकैद की सजा पाने वाले माफिया अतीक अहमद के बहनोई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) बृजेश सिंह ने रविवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में डॉ. अखलाक अहमद की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पूरी छानबीन के बाद शनिवार देर रात माफिया अतीक अहमद के बहनोई डॉ. अखलाक को मेरठ के नौचंदी इलाके से गिरफ्तार किया गया। सिंह के मुताबिक, गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ की टीम डॉ. अखलाक को अपने साथ लेकर प्रयागराज रवाना हो गई। सूत्रों के अनुसार, इसी साल फरवरी में प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद अतीक का बेटा असद और शूटर मुस्लिम गुड्डू व साबिर मेरठ आए थे।

# कूनो उद्यान से निकलकर गांव के पास पहुंचा चीता

● ग्रामीणों में फैली दहशत, वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर वापस भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो राष्ट्रीय उद्यान से निकल कर एक नामीबियाई चीता रविवार सुबह पास के गांव के खेतों में पहुंच गया। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। फौरन पुलिस और वन विभाग को खबर दी गई।

अधिकारियों ने चीते को दोबारा जंगल में भेजने के प्रयास किए। श्योपुर के वन मंडल अधिकारी प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले साल सितंबर में नीमीबिया से लाए गए चीतों में से ओबान नाम का यह चीता कूनो राष्ट्रीय उद्यान से करीब 15 से



20 किलोमीटर दूर झाड़ बड़ौदा गांव की तरफ चला गया, लेकिन वह गांव में नहीं घुसा। वह केवल जंगल से सटे एक खेत में बैठ गया।

वर्मा के मुताबिक, वन विभाग के दल ने चीते को वापस बाड़े में भेजने के लिए अभियान चलाया। बताया जता है कि देर शाम चीता वापस कूना पार्क में आ गया। वन विभाग के अधिकारियों ने (शेष पेज 9)

# नहीं रहा मांग पर छक्का जड़ने वाला क्रिकेट का शहजादा सलीम

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**काबुल** में जन्में लेकिन भारत के लिए क्रिकेट खेलने वाले सलीम दुर्रानी अपने अंदाज, शख्सियत और दर्शकों की मांग पर छक्के लगाने के हुनर के कारण भारतीय क्रिकेट के शहजादे सलीम के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने आप में एक संस्थान थे और विश्व क्रिकेट में भारत के उत्थान में उनका अहम योगदान रहा।

साठ और सत्तर के दशक में भारतीय क्रिकेट की शैशवस्था के साक्षी रहे हर क्रिकेटप्रेमी को याद होगा कि कैसे मैदान में दर्शक दुर्रानी से छक्के की मांग करते थे और वह कभी उनका दिल नहीं तोड़ते थे। ईडन गार्डंस पर करीब 90000 दर्शक पूरा गला फाड़कर एक साथ सिक्सर सिक्सर चिल्लाते थे और यह महान खिलाड़ी अगली गेंद को लांग आन या डीप मिडविकेट सीमारेखा के पास भेज देता था। सुनील गावस्कर ने एक बार लिखा था कि अगर सलीम दुर्रानी आत्मकथा लिखेंगे तो उसका शीर्षक होगा, आस्क फोर अ सिक्स। हरदिल अजीज दुर्रानी के दबदबे का आकलन 1960 से 1973 के बीच खेले गए 29 टेस्ट से नहीं हो सकता और ना ही 1200 रन या 75 विकेट से जो उन्होंने लिए। कैरियर में एकमात्र शतक, तीन बार पारी के पांच विकेट और 25 का औसत पूरी दास्तान नहीं कहता। 88 वर्ष के दुर्रानी ने रविवार को आखिरी सांस ली और उनके साथ ही मानों एक युग का अंत हो गया। अपने अंदाज और दिल जीतने के फन के कारण वह वाकई शहजादे सलीम थे। उस समय टेस्ट मैच खेलने पर 300 रुपए मिलते थे लेकिन दुर्रानी सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन और खेल से मुहब्बत के लिए खेलते थे।

वेस्टइंडीज के 1971 के दौरे पर अपनी पदार्पण श्रृंखला में 774 रन बनाकर गावस्कर ने भारतीय टीम को कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला में पहली जीत दिलाई। लेकिन पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में अगर दुर्रानी एक ही स्पैल में क्लाइव लॉयड और गैरी सोबर्स का विकेट नहीं लेते तो यह संभव नहीं होता। उसके बाद इंग्लैंड दौरे पर उन्हें टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड पर हावी मुंबई गुट को लगा कि वह इंग्लैंड के हालात में खेल नहीं सकेंगे। उन्हें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड दौरे के लिए नहीं चुना जाना समझ से परे है। इंग्लैंड के (शेष पेज 9)



सलीम दुर्रानी का फाइल चित्र

### प्रधानमंत्री सहित कई दिग्गजों ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान क्रिकेटर सलीम दुर्रानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने आप में एक संस्थान थे और विश्व क्रिकेट में भारत के उत्थान में उनका अहम योगदान रहा। गुजरात के साथ दुर्रानी के करीबी और मजबूत संबंधों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई साल गुजरात और सौराष्ट्र के लिए खेला और प्रदेश में अपना घर भी बनाया। उन्होंने कहा कि मुझे उनसे बात करने का मौका मिला और मैं उनकी बहुमुखी प्रतिभा से काफी प्रभावित रहा। उनकी कमी निश्चित तौर पर खलेगी। दुर्रानी अपने छोटे भाई जहांगीर दुर्रानी के साथ जामनगर में रहते थे। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा , सलीम दुर्रानी जी के निधन से दुखी हूं। वह भारत में कई पीढ़ियों के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणास्रोत रहे। उनका हुनर और प्रतिभा हमेशा हमें प्रेरित करती रहेंगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, टीम इंडिया के लीजैंड में से एक सलीम के निधन से दुखी हूं। हमने आज भारतीय क्रिकेटर का एक नगीना खो दिया। सचिन तेंदुलकर ने लिखा, उनके निधन से व्यथित हूं। बहुत ही जिंदादिल और प्यार करने वाले इंसान थे। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि दुर्रानी देश के सबसे रंगबिरंगे क्रिकेटरों में से एक थे। उन्होंने कहा, भारत के सबसे रंग बिरंगे क्रिकेटरों में से एक थे सलीम। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, भारत के पहले अर्जुन पुरस्कार प्राप्त क्रिकेटर और जनता की मांग पर छक्के लगाने वाले बल्लेबाज सलीम दुर्रानी।

# किसान की मौत से अन्नदाताओं में नाराजगी

## जिम्मेदार अफसरों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग, तहसील का किया घेराव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


तहसील का घेराव करते किसान।

बुजुर्ग किसान की मौत के मामले में आक्रोशित अन्नदाताओं ने रविवार को मोदीनगर तहसील का घेराव किया। किसान ने अफसरों के सामने अपने हाथ की नस काट ली। मेरठ अस्पताल ले जाते समय किसान की मौत हो गई थी।

भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले तहसील किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाने की भारी कोशिश की, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकल सका।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को मोदीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में काफी संख्या में फरियादियों अपनी शिकायत के समाधान के लिए पहुंचे थे। इनमें गांव डिडौली निवासी बुजुर्ग किसान सुशील त्यागी से इंद्रापुरी कालोनी मुजफ्फरनगर निवासी शिकायत सुन रहे अफसर एसडीएम शुभांगी शुक्ला, एसीपी रितेश त्रिपाठी के सामने पहुंचे। उन्होंने लेखपाल पर जमीन की सही पैमाइश न करने का आरोप लगाया और अफसरों पर नाराजगी जताते हुए खुद की कलाई पर धारदार वस्तु से वार करते हुए नस काट ली। यह देख वहां अफरातफरी मच गई और अफसरों के हाथ-पांव फूल गए।

घायल को सीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मेरठ अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे स्वजन पुलिस के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए। स्वजनों की ओर से पुलिस में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। किसान सुशील त्यागी की डिडौली गांव में आबादी से सटी करीब एक बीघा जमीन है।

आरोप है कि जमीन के कुछ हिस्से पर लोगों ने कब्जा कर लिया था। किसान का कहना था कि जमीन को बेचने के लिए सौदा किया तो खरीदार पैमाइश के मुताबिक उनसे जमीन को कब्जामुक्त कराने को कह रहा था। जमीन कब्जामुक्त न होने पर उसने पेशगी में दिए रुपए लौटाने की बात कह दी।

वह तहसील में जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराने के लिए तीसरी बार तहसील पहुंचा। उन्होंने लेखपाल पर कब्जेदारों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा था कि अधिकारी भी लेखपाल के कहने में हैं।

## मौत पर सफाई देने में जुटा प्रशासन

**गाजियाबाद।** किसान की मौत के बाद अब सरकारी सिस्टम सफाई देने में जुटा है। चिट्ठियां जारी करके अधिकारी ये बता रहे हैं कि किसान ने पैमाइश कराने का सही तरीका फॉलो नहीं किया, इस वजह से उनका ये काम नहीं हो पाया। फिलहाल तहसील के अधिकारियों ने अपनी जांच रिपोर्ट में खुद को क्लीन चिट दे दी है। गांव डिडौली में खसरा संख्या-336, 386 और 510 सुशील कुमार के नाम पर दर्ज है। सुशील ने 21 जनवरी और 18 मार्च 2023 को आबादी से सटी इस जमीन की पैमाइश के लिए दो बार प्रार्थना पत्र दिए। दोनों ही बार लेखपाल ने मौके पर जाकर पैमाइश का प्रयास किया, जिसका आस-पड़ोस के लोगों ने विरोध किया। लेखपाल ने तभी अधिकारियों को बताया था कि आसपास के लोग पैमाइश के लिए तैयार नहीं हैं और उप्र राजस्व संहिता-2006 की धारा-24 के तहत तहसील कोर्ट में वाद दायर होने के बाद ही पैमाइश संभव है। राजस्व निरीक्षक ने ये बात बताने के लिए किसान सुशील कुमार को कॉल किया तो नंबर स्विच ऑफ मिला। चूंकि सुशील मुजफ्फरनगर में रहते थे, इसलिए उन्हें ये सूचना नहीं पहुंचाई जा सकी। किसान सुशील ने अपनी जमीन की पैमाइश कराने के लिए मोदीनगर एसडीएम कोर्ट में कोई वाद दायर नहीं किया। बल्कि वे सीधे 1 अप्रैल को तहसील में आयोजित समाधान दिवस में उपस्थित हुए, जहां नस काटने जैसा मामला हुआ। घटना के तुरंत बाद ही शनिवार शाम को प्रशासन ऋतु सुहास और शुभांगी शुक्ला गांव डिडौली में उक्त जमीन पर पहुंचीं।

# गाजियाबाद में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

- बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय के मुरादनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर की ताबड़तोड़ गोलीबारी कर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मुरादनगर थाना क्षेत्र के उखलारसी गांव में शनिवार रात करीब नौ बजे बाइक सवार तीन बदमाशों ने 45 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर व ठेकेदार नवीन भारद्वाज की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के वक्त वह घर में अकेला था। पुलिस के मुताबिक, तीन लोग घर में घुसे और अंधाधुंध गोलियां चलाई, जिसमें फायरिंग की, जिसमें भारद्वाज को चार गोलियां लगीं। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त निमिष पाटिल ने कहा कि पड़ोसी भारद्वाज के घर पहुंचे और उसको एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मकान के सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है, जिसमें हमलावर नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, नवीन भारद्वाज की बेटी ने छह महीने पहले खुदकुशी कर ली थी। नवीन भारद्वाज के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा है जो घटना के समय घर पर नहीं थे। एसीपी पाटिल ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना रंजिश का नतीजा है।

# ट्रांस हिंडन जोन में सार्वजनिक स्थानों पर छलका रहे थे जाम, 164 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ट्रांस हिंडन जोन में शनिवार शाम को छह बजे से रात 10 बजे तक पुलिस ने ठेकों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफअभियान चलाकर 164 लोगों को पकड़ा। पुलिस ने सभी का चालान किया। इनमें सबसे अधिक इंदिरापुरम में 64 लोग पकड़े।

ट्रांस हिंडन के कौशांबी, इंदिरापुरम, खोड़ा, टीला मोड़, लिंक रोड और साहिबाबाद थाना क्षेत्र ठेकों के बाहर सड़क पर खुले में शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहा है। शाम होते ही सड़क पर ऐसे लोगों का जमावड़ा लग जाता है। आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। लोगों ने पुलिस से इसकी शिकायत की थी। शनिवार रात को दो घंटे ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले लोगों को पकड़ा।

पकड़े गए लोग पुलिस से छोड़ने की दुहाई मांगने लगे तो कोई पैरवी के लिए पुलिस को फोन कराने लगा। पुलिस ने सभी थानों से करीब 164 लोगों को पकड़ा। इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा से 16, नीतिखंड से 13, प्रह्लादगढ़ी से 12, अभय खंड से नौ लोगों को धरा गया। कौशांबी दिल्ली की सीमा से सटा हुआ इलाका है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मेट्रो स्टेशन और उसके आसपास रात के समय में सड़क किनारे रेहड़ी पटरी पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है।

लोग खड़े होकर शराब पीते हैं। हुड़दंग करते हैं। इसकी कई बार शिकायत की गई। दिल्ली व आसपास के लोग भी गाड़ियों से यहां आते हैं। पुलिस को यहां भी कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रांस हिंडन पुलिस उपायुक्त विवेक चंद यादव ने बताया कि शनिवार शाम को छह से रात 10 बजे तक अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए थे।

## अवैध दुकान बेचने के नाम पर हड़पे 26 लाख

**नोएडा।** ओमेक्स बिल्डर के खिलाफ एक बार फिर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। ओमेक्स बिल्डर के मालिक ने ग्रेटर नोएडा में रहने वाले एक युवक को लाखों रुपए में दुकान बेच दी। जिस दुकान को बेचा गया, उसका ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नक्शा पास नहीं किया।

इस मामले में पीड़ित ने पहले पुलिस को शिकायत दी, लेकिन जब पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की तो कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। ओमेक्स बिल्डर ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रेटर नोएडा के युवक के साथ 26 लाख रुपए से भी अधिक की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा में पानी का बिल दस प्रतिशत तक बढ़ा

- आवासीय आवंटियों को 170 रुपए से लेकर दो हजार रुपए तक अधिक चुकाने होंगे।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



शहर के हजारों आवंटियों को अप्रैल से 10 प्रतिशत अधिक जल शुल्क देना होगा। आवासीय आवंटियों को 170 रुपए से लेकर दो हजार रुपए तक अधिक चुकाने होंगे। बिल्डर परियोजनाओं पर हर वर्ष 25 हजार से लेकर 1.65 लाख रुपए तक बोझ पड़ेगा।

इसका कार्यालय आदेश बहुत जल्द जारी किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर के निवासियों को पानी की आपूर्ति करता है। इसके बदले निवासियों से जल शुल्क वसूल किया जाता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इस शुल्क में हर वर्ष बढ़ोतरी करता है। बीते 27 मई 2013 को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई थी। इसमें फैसला लिया गया था कि जल शुल्क में हर वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जानी है। उसी के तहत प्राधिकरण हर वर्ष जल शुल्क में वृद्धि करता है।

प्राधिकरण ने संस्थागत, औद्योगिक एवं व्यावसायिक भूखंडों के लिए एक समान जल मूल्य की दर तय कर रखी है। तीनों श्रेणी में अगर 1000 मीटर तक का भूखंड है तो उसे हर महीने 707 रुपए का शुल्क देना होता है। अब इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। चार से पांच हजार मीटर तक के भूखंड पर यह शुल्क अभी 3539 रुपए प्रति माह है।

50 से 60 एकड़ तक के भूखंड पर 58950 रुपए प्रतिमाह शुल्क है। इनमें अब 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। सामूहिक आवासीय योजनाओं और बिल्डर्स के लिए अलग जल शुल्क की दर तय है।

जानकारी के मुताबिक 5000 वर्ग मीटर तक के भूखंड के लिए 21223 रुपए, 5000 से 7500 वर्ग मीटर तक के भूखंड के लिए 26315 रुपए, 10000 से 15000 वर्ग मीटर तक के भूखंड के लिए 53056 रुपए प्रति माह जल शुल्क लिया जाता है। इसके अलावा 25000 वर्ग मीटर से 10 एकड़ तक के भूखंड पर एक लाख 137941 प्रति माह जल शुल्क लिया जाता है। इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार


बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी करते पीड़ित खरीदार।

### घर खरीदारों ने सीएम योगी को लिखी चिठ्ठी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में घर खरीदारों का प्रदर्शन लगातार जारी है। रविवार को घर खरीदारों ने विशेष अभियान चलाया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम चिट्ठी लिखी। सीएम को चिट्ठी लिखकर लोगों ने घरों की रजिस्ट्री कराने और घर दिलाने की मांग की। चिट्ठी बुधवार को पोस्ट की जाएंगी। ग्रेनो वेस्ट में घर खरीदार लंबे समय से बिल्डर प्राधिकरण और सरकार के खिलाफप्रदर्शन करते हुए आ रहे हैं। अपने घरों की रजिस्ट्री व घरों की मांग को लेकर इनका प्रदर्शन चल रहा है। हर रविवार को यह सभी लोग एक मूर्ति गोल चक्कर पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते हैं। रविवार को मुख्यमंत्री के नाम चिट्ठी लिखने के अभियान की शुरुआत की गई। 3 दिनों तक यह जारी रहेगा। बुधवार को चिट्ठी मुख्यमंत्री को पोस्ट की जाएगी।

### स्वच्छ यमुना मिशन का सामूहिक आगाज

**नोएडा।** कालिंदी कुंज यमुना घाट पर 72वां स्वच्छता अभियान एवं जल संरक्षण का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नदी के घाटों को स्वच्छ बनाना है। इस अभियान के दौरान कालिंदी कुंज यमुना घाट पर कई सफाई कार्य किए गए हैं। इसमें स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ.साथ अन्य स्थानीय लोग भी शामिल हुए। वाईएसएस फाउंडेशन के संस्थापक सचिन गुप्ता ने बताया कि मिशन का मुख्य उद्देश्य यमुना नदी के पानी को स्वच्छ रखना और जल संरक्षण के माध्यम से जल संसाधनों को बचाना है। पानी की बचत के लिए संगठनों के साथ मिलकर काम करना, प्रदूषण नियंत्रण और उच्च गुणवत्ता वाले जल का उपयोग करना है। इसके अलावा, संबंधित संगठनों के साथ मिलकर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में जन जागरूकता लाना है।

### मलिन बस्तियों के बच्चों ने देखा राष्ट्रपति का घर

**नोएडा।** मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए सेक्टर 22, नोएडा स्थित चैलेंजर्स की पाठशाला में पढ़ने वाले झुग्गियों के बच्चों ने भारत के राष्ट्रपति के घर का भ्रमण किया। इस दौरान आईआरएस अधिकारी साहिल सेठ ने बताया की बच्चों ने संग्रहालय के संग्रह में देश-विदेश में भारतीय राष्ट्रपतियों को प्राप्त अनगिनत उपहारों, रसोई, अस्त्र.शस्त्र, फ नींचर, प्रतिमाएं, राष्ट्रपति के वस्त्र, छायाचित्र, पुरालेखीय सामग्री को बारीकी से जाना। चैलेंजर्स ग्रुप अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने कहा की राष्ट्रपति भवन संग्रहालय भारतीय स्वतंत्रता, लोकतंत्र और एकता का प्रतीक है और इन बच्चों के जीवन में ऐसी शैक्षिक यात्रा प्रथम बार हुई है। इस मौके पर शुभम गुप्ता, गीतिका, समीक्षा, नीतू आदि मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बने सुधीर भाटी

**नोएडा।** रविवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने सूरजपुर स्थित पार्टी जिला मुख्यालय पर पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिलाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप कर उन पर जो विश्वास जताया है। उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। पार्टी को मजबूत करने के लिए पुरजोर मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए मेहनती और ईमानदार कार्यकर्ताओं को संगठन में प्राथमिकता दी जाएगी। सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति से जिला संगठन का गठन किया जाएगा।

# दबंगों ने युवक को सड़क पर गिराकर पीटा

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, हरकत में पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में सड़कों पर गुंडागर्दी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक एक युवक को सड़क पर गिरा कर बुरी तरह से पीट रहे हैं।

एक महिला युवक को बचाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उसके बावजूद भी युवक बाज नहीं आ रहे हैं। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है।

नोएडा में सेक्टर 125 के पास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में साफतौर पर दिख रहा है कि आधा दर्जन युवक एक युवक को बुरी तरह से पीट रहे हैं। इस दौरान उसको सड़क पर गिरा गिरा कर उन लोगों के द्वारा पीटा जा रहा है। वहां पर कुछ लोग भी मौजूद है, जो उस युवक को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद भी वह लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

वीडियो में यह भी दिख रहा है कि एक महिला उस युवक को बचाने की कोशिश कर रही हैए लेकिन उन दबंगों ने महिला की भी नहीं सुनी और युवक के साथ मारपीट करते थे।

जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, उसके बाद पुलिस इस पूरी घटना की जांच में जुट गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मारपीट की कोई भी शिकायत पुलिस से नहीं की गई है, लेकिन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह सेक्टर 125 एमिटी यूनिवर्सिटी के पास का है। फिलहाल वीडियो की जांच की जा रही है। वीडियो में दिख रहे लोगों की जल्द पहचान की जाएगी।

# पार्किंग को लेकर गाड़ी में तोड़फोड़ डांस एकेडमी के संचालक की पिटाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक डांस एकेडमी के संचालक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लड़के घेरकर उन्हें पीट रहे हैं। उसके बाद गाड़ी में भी तोड़फोड़ करके भाग निकले। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

हमलावरों की पहचान कर ली गई है। शनिवार को गाड़ी खड़ी करने को लेकर कहानुसी हुई थी। शालीमार गार्डन 866 निवासी सुरजीत डांस एकेडमी चलाते हैं। सुरजीत ने बताया, पिछले कुछ समय से उनकी डांस एकेडमी के बाहर अज्ञात गाड़ियां आकर खड़ी हो जाती हैं। इसमें लड़के तेज आवाज में म्यूजिक चलाते हैं और शराब भी पीते हैं। डांस एकेडमी में लड़कियां भी आती हैं। सुरजीत के अनुसार, शनिवार को वे डांस एकेडमी पर आए तो उन्हें एक गाड़ी खड़ी मिली। इसमें कुछ लड़के बैठकर शराब पी रहे थे।

सुरजीत ने उनसे डांस एकेडमी के सामने से गाड़ी हटाकर कहीं और खड़ी करने के लिए कहा। इतने पर गाड़ी में बैठे लड़के भड़क गए।

# डॉ. एच.आर. नागेंद्र को पंडित हरिदत्त शर्मा सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पंडित हरिदत्त शर्मा फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार एवं बेंगलुरु स्थित योग यूनिवर्सिटी स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के संस्थापक कुलपति डॉक्टर एच. आर. नागेंद्र को योग विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शोध अनुसंधानों, योग विज्ञान की साइंटिफिक शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए पंडित हरिदत्त शर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया।

पंडित हरिदत्त शर्मा भवन में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य वक्ता तनाव प्रबंधन पर बोलते हुए डॉ नागेंद्र ने कहा कि आज तनाव विश्वव्यापी समस्या बन गया हैं, जोकि बहुत ही चिंताजनक विषय है। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि डॉ. नागेंद्र ने योग का परचम पूरे विश्व में लहराया है। समारोह के विशिष्ट अतिथि और नोएडा क्षेत्र के विधायक पंकज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ नागेंद्र जी मात्र योगाचार्य नहीं है वे योग चिकित्सा, शिक्षा व योग विज्ञान के महान अनुसंधानकर्ता व शोधार्थी है। समारोह के संयोजक राजकुमार शर्मा ने बताया कि डॉ नागेंद्र द्वारा स्थापित योग विश्वविद्यालय में बरसों से योग विज्ञान पर साइंसटिफिक माध्यम से अध्ययन और अध्यापन कार्य हो रहा है।

गोसेवी डॉ. नरेश शर्मा ने कहा कि डॉ. नागेंद्र जी द्वारा स्थापित स्वामी विवेकानंद योग विश्वविद्यालय में योगासनों, प्राणायाम और ध्यान आदि पर स्व विकसित मशीनों के माध्यम से साइंटिफिक रिसर्च का महत्वपूर्ण कार्य होता है। समारोह में हार्ट सर्जन डॉ राजू व्यास, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा, भारत भूषण, डॉ. वी. एस. चौहान, मदन चौहान, दीपक सिंघल, देवदत्त आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. नागेंद्र के सम्मान में प्रस्तुत प्रशस्ति पत्र का वाचन मनोज शर्मा ने और मंच का संचालन मोनिका शर्मा ने किया।

## व्यापारी से रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गया बदमाश जोगेंद्र उर्फजुगला शातिर किस्म का अपराधी है, जो रणदीप भाटी गैंग के लिए व्यापारी और बिजनेसमैन से रंगदारी वसूलने का काम करता था। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से रंगदारी के मांगे गए रुपए और एक स्कॉर्पियो बरामद की है।

पुलिस ने बदमाश को दादरी बाईपास बिसाहड़ा अंडरपास के नजदीक से गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से 10000 की नकदी और एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की गई है।


पुलिस गिरफ्त में रंगदारी की मांग करने वाला रणदीप भाटी गैंग का बदमाश।

# नक्शा पास कराना और फ्लैट खरीदना हुआ महंगा

- 25 हजार से लेकर चार लाख तक अतिरिक्त पैसा देंगे होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में अब किसी भूखंड का नक्शा पास कराना महंगा हो गया है। इसके अलावा फ्लैट खरीदना भी महंगा हो गया है। पिछले दिनों गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की एक बैठक हुई। जिसमें फैसला लिया गया कि 1 अप्रैल 2023 से गाजियाबाद में नक्शा पास कराने के लिए अतिरिक्त पैसे लिए जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक अंबार शुल्क, अतिरिक्त विकास शुल्क और निरीक्षण शुल्क समेत सभी तरीके के शुल्क पर 4.42 प्रतिशत ज्यादा पैसे देने होंगे। मतलब, अब 200 वर्ग मीटर के भूखंड का नक्शा पास कराने के लिए 25 हजार रुपए अतिरिक्त भुगतान करना होगा। विकास प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद का वाह्य विकास शुल्क 3797 रुपए प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है। इसके अलावा मोदीनगर, मुरादनगर और लोनी का 1375 रुपए प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया है। मेट्रो स्टेशन शुल्क 383 रुपए प्रति वर्ग मीटर, एलिवेटेड रोड सेस 761 रुपए प्रति वर्ग मीटर और गंगाजल सुविधा वाला क्षेत्र में 252 रुपए प्रति वर्ग मीटर का चार्ज तय किया गया है। इसके अलावा जल शुल्क और सीवर एंड वॉटर कनेक्शन चार्ज में भी बढ़ोतरी हुई है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यदि कोई बिल्डर ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के निर्माण के लिए 2000 वर्ग मीटर का भूखंड लेता है तो उसको नक्शा पास कराने के लिए 3.4 लाख रुपए अतिरिक्त देने होंगे। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में एलिवेटेड रोड मेट्रो सेस को भी बढ़ा दिया गया है। मतलब, जब बिल्डर ज्यादा पैसे देगा तो घर खरीदारों से भी ज्यादा पैसे लेगा। इस तरीके से गाजियाबाद में अब फ्लैट खरीदना और भी ज्यादा महंगा हो गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रिटायर्ड राजपत्रित अधिकारी की मौत

- बाथरूम में मिला शव, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के राजनगर सेक्टर चार में रहने वाले एक सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव मकान के भीतर बाथरूम में मिला।

आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। राजनगर सेक्टर चार में 80 वर्षीय वेद प्रकाश गुप्ता वर्तमान में अकेले रहते थे। उनकी पत्नी कमलेश की एक साल पहले मृत्यु हो गई थी। वेद प्रकाश गुप्ता केंद्र सरकार से सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी थे। उनके दो बेटे हैं। इनमें दीपक नोएडा और मनीष इंदिरापुरम में रहते हैं। वेद प्रकाश गुप्ता के घर घरेलू सहायिका काम करती थी। रविवार सुबह वह काम करने के लिए आई, लेकिन भीतर से दरवाजा नहीं खुला। काफी देर तक बेल व दरवाजा बजाने के बाद उन्होंने दोनों बेटों व डायल-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। दोनों बेटे भी घर पहुंच गए। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया तो वह बाथरूम में गिरे हुए मिले।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 3 अप्रैल, 2023



# मेयर का कार्यकाल खत्म, नए की प्रक्रिया आज से

## महापौर तारीख तय कर फाइल निगम आयुक्त के जरिए दिल्ली सरकार और फिर एलजी के पास भेजेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



महापौर शैली ओबेरॉय का कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो गया है और नए के लिए चुनाव प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। दिल्ली नगर निगम एक्ट के मुताबिक हर बार 1 अप्रैल से निगम का सत्र शुरू होता है और पहली बैठक में महापौर, उपमहापौर और स्टैंडिंग कमेटी के 6 सदस्यों का चुनाव होता है। लेकिन एमसीडी में अप्रत्याशित घटनाक्रम के चलते इस बार स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं होगा ।

मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होने के बावजूद नए मेयर चुने जाने तक दोनों अपने पद पर बने रहेंगे। इसलिए निगम सचिव कार्यालय संभवत: सोमवार से यह प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। सबसे पहले महापौर के पास यह फाइल भेजी जाएगी। उसके बाद फाइल तैयार करके निगम आयुक्त के जरिए दिल्ली सरकार और फिर उपराज्यपाल को भेजी जाएगी। एलजी अधिसूचना जारी करेंगे। इसके बाद पार्षदों के नामांकन की तारीखों का ऐलान किया जाएगा।

दिल्ली नगर निगम में हर वर्ष महापौर के साथ ही स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव होता है, लेकिन इस बार ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि महापौर- उप महापौर का चुनाव तो होगा, लेकिन स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव नहीं होगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि पूर्व में चुने गए छह सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया तो पूरी हो गई है, लेकिन चुनाव परिणाम अभी जारी नहीं होता है।

निगम एक्ट के नियमानुसार स्थायी समिति के सदस्यों का कार्यकाल जब से शुरू होगा तब से वह निर्वाचित होते हैं। चूंकि इनके निर्वाचन का मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में चल रहा है। इसलिए इस बार महापौर और उप महापौर के साथ स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव नहीं होगा। एमसीडी के महापौर पद के चुनाव में अगर महापौर शैली ओबेरॉय को आम आदमी पार्टी फिर से उम्मीदवार बनाती है तो शैली पीठासीन अधिकारी नहीं बन पाएगी। दिल्ली नगर निगम की बैठक में अब तक महापौर व उप महापौर चुनाव कराने के लिए तत्कालीन महापौर ही ज्यादातर पीठासीन अधिकारी बनते रहे हैं, लेकिन दिल्ली नगर निगम के एक्ट के अनुच्छेद 77 में वह व्यक्ति पीठासीन अधिकारी नहीं बन सकता जो महापौर का प्रत्याशी हो।

### आप शैली को दोबारा प्रत्याशी बनाने पर कर रही विचार



*सूत्रों के अनुसार आम आदमी पार्टी शैली ओबेरॉय को दोबारा महापौर पद के लिए प्रत्याशी बनाने पर विचार कर रही है। निगम में पहले साल मेयर का पद महिला के लिए तो दूसरे साल सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित है। हालांकि दूसरे साल भी सामान्य श्रेणी में महिला चुनाव लड़ सकती है। पिछले महापौर चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की थी। ऐसे में भाजपा इंतजार में है कि आम आदमी पार्टी पहले आधिकारिक तौर पर अपने प्रत्याशी घोषित करे। कांग्रेस ने पिछले मेयर चुनाव में भाग नहीं लिया था। पिछले चुनाव में आप और भाजपा दोनों खेमों में क्रॉस वोटिंग हुई थी।*

# वर्चुअल स्कूल में विशेषज्ञ देंगे जेईई–नीट की मुफ्त कोचिंग

- शिक्षा मंत्री आतिशी ने की दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल की कार्ययोजना की समीक्षा, हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना मकसद



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल में छात्रों को विशेषज्ञ जेईई और नीट की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग देंगे। नए सत्र 2023-24 में डीएमवीएस में इन-डिमांड जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज को शामिल किया जाएगा। इसमें कोडिंग, डिजिटल मीडिया एंड डिजाईन, फाइनेंस एंड एकाउंटिंग जैसे पाठ्यक्रम के साथ छात्रों को इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा डिजाईन किए गए शार्ट टर्म और एडवांस कोर्सेज भी पेश किए जायेंगे। इन स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा मंत्री आतिशी ने समीक्षा बैठक की है।

इसमें नए शैक्षणिक सत्र में वर्चुअल स्कूल के एक्शन प्लान को लेकर कई सुझाव दिए। इनमें जल्द ही दाखिले शुरू होने वाले हैं। केजरीवाल सरकार का दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल शैक्षणिक सत्र 2023-24 में दिल्ली के क्वालिटी एजुकेशन मॉडल से सीखने को इच्छुक छात्रों तक और भी ज्यादा समृद्ध ढंग से पहुंचेगा।

मंत्री ने विशेषज्ञों को वर्तमान सत्र के साथ-साथ अगले 5 साल के लिए दीर्घकालीन कार्य योजना भी बनाने का निर्देया दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व व पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया के विजन के साथ आज देश विदेश में दिल्ली के शिक्षा क्रांति की चर्चा है।

यही कारण है कि देश-विदेश से आकर लोग यहां के शिक्षा मॉडल को देख रहे है, उसके अनूठेपन को समझ रहे है और अपने यहाँ अपना भी रहे है। इस दिशा में डीएमवीएस उन्हें स्तरीय शिक्षा मॉडल से जोड़ने का काम करेगा।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल के माध्यम से उनका मकसद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाना है ताकि आसानी से, बड़ी संख्या में और भारत में कहीं से भी छात्र अपनी सुविधा के अनुसार इसका हिस्सा बन सकें।

यह एक ऐसा स्कूल है जिसका कोई भौतिक ढांचा तो नहीं है लेकिन उसमें एक स्कूल जैसी सारी विशेषताएं है। इसकी जरुरत को समझते हुए आज इसमें दिल्ली समेत 13 राज्यों के छात्र पढ़ रहे हैं। इस साल दिल्ली का ध्यान इसे देश के और राज्यों तक पहुंचाना है।

### डीएमवीएस क्या है

दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल एक फुलटाइम नियमित ऑनलाइन स्कूल है जो पर्सनलाइज्ड टीचिंग-लर्निंग और अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग के माध्यम से दूरस्थ रूप से छात्रों को स्तरीय शिक्षा देता है। यह अपनी तरह का पहला ऑनलाइन स्कूल है जिसमें फ्लेक्सिबल डिजिटल इंटरैक्शन के माध्यम से एक स्कूल की सभी खूबियाँ है। स्कूल को बच्चों के लर्निंग नीड्स के अनुसार डिजाइन किया गया है। डीएमवीएस के लर्निंग प्लेटफार्म पर, छात्र और शिक्षक लाइव क्लासेस, छोटे समूह में ट्यूटोरियल और एकैडमिक व इंडिविजुअल सपोर्ट के लिए वन-टू-वन मेंटरिंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। डीएमवीएस की विशेषताएं देश का पहला नियमित वर्चुअल स्कूल है। दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम। नियमित पढ़ाई के साथ सर्टिफिकेशन कोर्स का विकल्प।

# आप नेताओं के भ्रष्टाचार की डिग्री का हुआ पर्दाफाश : भाजपा

- पूनावाला ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल व भगवंत मान पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में सिर्फ मनीष सिसोदिया ही नहीं बल्कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान भी शामिल हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) नेता सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करने के दौरान दिल्ली की एक अदालत द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि उन्होंने केजरीवाल और मान की भ्रष्टाचार की डिग्रियों का पर्दाफाश किया है। आप के शीर्ष नेताओं पर भाजपा का डिग्री कटाक्ष ऐसे वक्त आया है जब केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनकी शैक्षिक योग्यता को लेकर ज़ोरदार हमले बोल रहे हैं। अदालत की टिप्पणियों का हवाला देकर पूनावाला ने कहा कि यह साबित हो गया है कि रिश्वत दी गई थी।

## पीएम मोदी पर फिर हमलावर हुई आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। इस संबंध में आप सांसद संजय सिंह ने यह स्पष्ट करने को कहा कि प्रधानमंत्री की डिग्री फर्जी है या उनका बयान झूठा है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सार्वजनिक की डिग्री को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

संजय सिंह ने रविवार प्रेसवार्ता में भाजपा से पूछा कि गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद 2005-6 में मोदी जी ने क्यों कहा था कि वे स्कूली शिक्षा के आगे नहीं पढ़े। इसलिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से सार्वजनिक की गई प्रधानमंत्री की डिग्री कई सवाल खड़े करती है।

# स्कूटी और क्रेन की टक्कर में किशोर की मौत, एक घायल

- सड़क हादसे के बाद चालक फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली के केशवपुरम इलाके में स्कूटी और क्रेन की आमने-सामने की टक्कर में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना आधी रात को इंद्रलोक की ओर जाने वाले रास्ते पर एक एक रेस्तरां के पास हुई। उन्होंने बताया कि आरिब और उसका दोस्त इरफान (18) रात को खाना खाने के बाद स्कूटी पर घूमने निकले थे तभी यह हादसा हो गया, जिसमें दोनों घायल हो गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि क्रेन चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने आरिब को मृत घोषित कर दिया जबकि इरफान का इलाज चल रहा है।

# उपभोक्ता घर बैठे कर सकते हैं माप-तौल विभाग से शिकायत

- नए ऐप से उत्पाद संबंधित बिल या अन्य चीजों की तस्वीर कर सकते है अपलोड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शिकायत छोटी हो या बड़ी, उपभोक्ता का कर्तव्य भी है और अधिकार भी कि वह शिकायत दर्ज अवश्य कराए। शिकायत दर्ज नहीं कराने का प्रतिकूल प्रभाव समाज पर पड़ता है। साथ ही कार्रवाई नहीं होने से धांधली और बेईमानी करने वाले व्यापारी और विक्रेताओं का हौसला बढ़ता है।

व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में एक उपभोक्ता के रूप में लोग अपने अधिकारों को पहचानें एवं उनका उपयोग करें। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लोगों को चुकाए गये मूल्य के खिलाफ उचित वस्तु एवं सेवा प्राप्त करने का अधिकार देता है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए माप-तौल विभाग ने माप तौल शिकायत नामक एक ऐप विकसित गया है।

इस ऐप के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में उपभोक्ता अब दुकान या प्रतिष्ठान द्वारा किए जाने वाले कानूनी उल्लंघनों की शिकायत शहर के माप एवं तौल विभाग से करने के लिए एक नए ऐप के माध्यम से उत्पादन संबंधित, बिल या अन्य चीजों की फोटो अपलोड कर सकते हैं। माप एवं तौल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक माप तौल शिकायत नामक यह ऐप हाल में विकसित किया गया है और यह गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप का लक्ष्य कानूनी माप विज्ञान अधिनियम तथा तत्संबंधी नियमों के तहत शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण एवं समाधान को आसान बनाना है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रासंगिक मामलों में शिकायतकर्ता शिकायत संबंधी उत्पाद का फोटो अपलोड कर सकता है। ऐप पर दर्ज शिकायत पर दिल्ली सरकार का माप-तौल विभाग दो कार्य दिवसों (48घंटे) में कार्रवाई करेगा। जिस किसी उपभोक्ता को कानूनी मापविज्ञान अधिनियम एवं संबंधित नियमों के तहत डिब्बाबंद वस्तुओं या अन्य सामान के वजन, माप या अन्य अनिवार्य घोषणा संबंधी त्रुटिया मिलती हैं, वह इस ऐप का इस्तेमाल कर सकता है और माप तौल विभाग से शिकायत कर सकता है।

## एम्स सरकारी एजेंसी से चिकित्सा उपकरण खरीदने पर कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान प्रशासन ने एक समिति का गठन किया है चिकित्सा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद करने और कर्मचारियों को खरीद संबंधी गतिविधियों से मुक्त करने के लिए किसी सरकारी एजेंसी या सार्वजनिक उपक्रम की सेवा लेगी।

एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि भंडारण और खरीद का काम एक जैसे कर्मचारी ही संभालते हैं। अब 10 सदस्यीय समिति खरीद सहायता एजेंसी के तौर पर किसी सरकारी एजेंसी या पीएसयू की सेवा लेने के फायदों और तौर-तरीकों की पड़ताल करेगी।

# जून तक हटे संजय झील से कीचड़ व गाद

- उपराज्यपाल ने जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को पूर्व दिल्ली में डीडीए के संजय झील का दौरा कर जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की।

इस अवसर पर एलजी ने झील को पुनर्जीवित करने के लिए तलछटी में जमे कीचड़ और गाद को निकालने संबंधी कार्यों का जायजा लिया। झील में हो रहे कार्यो पर उपराज्यपाल ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों से 30 जून तक काम पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। संजय झील में गाद को निकालने का लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इससे पहले उपराज्यपाल ने अपने पहले दौरे में झील को 2.5 मीटर तक गहरा करने के निर्देश दिए थे। इससे पहले यह झील पूरी तरह से गाद से भर गया था जिसके कारण जलधारण की क्षमता सिर्फ 25 प्रतिशत तक रह गई थी।

समीक्षा के अंतर्गत झील की सफाई, झील से गाद निकालने का काम, मरम्मत और रखरखाव, सूखे पेड़ों को हटाने जैसे कामों को परखा गया। एलजी को अधिकारियों ने बताया कि उनके निर्देश पर संजय झील के समांतर एनएच-24 और कई अन्य आस-पास के रिहायाशी क्षेत्रों में बारिश के पानी को संजय झील में चैनलाइज करने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं।

इससे मानसून के दौरान आसपास की कॉलोनियों में जलजमाव की समस्या नहीं होगी।

# स्वच्छता-शिक्षा को बढ़ावा देने की तैयार करें रणनीति : कोविंद

- पूर्व राष्ट्रपति ने सम्मेलन में महात्मा गांधी को किया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को पुस्तक भेंट करते डॉ. विन्देश्वर पाठक।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिक्षाविदों से स्वच्छता से जुड़े मुद्दों और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार करने को कहा।

उन्होंने स्वच्छता को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार करार दिया। साथ ही कहा कि लाल किले की प्राचीर से शौचालय बनाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छोड़कर किसी अन्य प्रधानमंत्री ने इस विषय पर जोर नहीं दिया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने यह बात सुलभ इंटरनेशनल की इकाई सुलभ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एक्शन सोशियोलॉजी एंड सोशियोलॉजी ऑफ सैनिटेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। इस तीन दिवसीय संगोष्ठी में कई विश्वविद्यालयों के वाइस-चांसलर्स, प्रोफेसर्स और अन्य प्राध्यापक हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महात्मा गांधी के शब्दों को याद किया, जिन्होंने हमेशा स्वच्छता को प्राथमिकता दी थी।

सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ. विन्देश्वर पाठक ने कहा कि इस राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से स्वच्छता के समाजशास्त्र एवं स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध पर चर्चा की जा सके और स्वच्छता के समाजशास्त्र की दिशा की यह एक बड़ा कदम है। जब मैंने देखा कि लोग बाल्टी में भर कर लोगों का मेला अपने सर पर उठाते हैं उसे साफ करते हैं। उसे देखकर उन्हें टू पिट इकोलॉजिकल पोस्ट टॉयलेट की स्थापना का विचार आया।

## संक्षिप्त समाचार



अहिंसा रन मैराथन में भाजपा सांसद हर्षवर्धन और अन्य।

### यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से निकाली अहिंसा रन मैराथन

**नई दिल्ली।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) की ओर से यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में अहिंसा रन मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद डॉ हर्षवर्धन, विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, जितिंदर सिंह शंटी और विशेष आयुक्त आईपीएस संजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित होने वाली इस अवसर पर डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि आज पूरे विश्व को भगवान महावीर स्वामी जी के सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म पर चलने की आवश्यकता है। ईस्ट दिल्ली जीतो के उपप्रधान तरुण जैन ने बताया कि आज इस अहिंसा रन (मैराथन) में लगभग 2000 लोगों ने भाग लिया। जैन ने आगे कहा कि जे. एम. जैन प्रवीण जैन रहे। आयोजन में शैलेश जैन, अंजलि जैन, सत्या भूषण जैन, शिलेंदर सुराणा, अक्षत जैन, सौरभ जैन, विनीत जैन, मुकेश जैन, राकेश दुगड़, अर्जुन जैन, हेम चंद जैन, अनिल जैन सिटी किंग, अंशुल जैन, विपुल जैन आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. गौरव को मिला इंडो ग्लोबल अचीवर अवार्ड



**नई दिल्ली।** मलेशिया में भारत के डॉ. गौरव शर्मा को इंडो ग्लोबल अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। फ्रांस मिनिस्ट्री द्वारा पंजीकृत थेम्स विश्वविद्यालय द्वारा इंडो ग्लोबल सम्मिट अवार्ड का आयोजन किया गया। इसमें पूरी दुनिया से लगभग 50 लोगों को सम्मानित किया गया। सोनीपत निवासी डॉ. गौरव शर्मा को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए दिया गया। फ्रेंच भाषा के विशेषज्ञ डॉ. गौरव शर्मा सोनीपत स्थित ब्राइट स्कॉलर स्कूल में डायरेक्टर ऑपरेशन एवं स्कूल एम्बेसडर हैं और शिक्षा के क्षेत्र में पिछले सात वर्षों से नेकी की राह संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा एवं अन्य सहयोग दे रहे हैं।

# कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े, लोग बरतें विशेष सतर्कता

- मास्क पहनने और सार्वजनिक समारोह से बचने की सलाह

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली



सरोजनी नगर बाजार में मास्क पहनकर खरीदारी करतीं युवतियां।

दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में अचानक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि कोविड मामले में वृद्धि को लेकर लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। विशेषज्ञों ने कहा कि वैसे लोग जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम है उनपर ध्यान देनी चाहिए। विशेषज्ञों ने लोगों को मास्क पहनने और सार्वजनिक समारोहों से बचने की सलाह दी है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में शनिवार को कोविड के 416 नए मामले दर्ज किए गए, जो सात महीनों में सबसे अधिक है। विभाग के अनुसार दिल्ली में संक्रमण 14.37 प्रतिशत है, जबकि सरकार ने शुक्रवार को बुलेटिन जारी नहीं किया, बृहस्पतिवार को कोविड मरीजों की संख्या 295 थी और संक्रमण दर 12.48 प्रतिशत थी। महामारी विशेषज्ञ और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकांत लहरिया ने कहा कि संक्रमण और बीमारी के बीच स्पष्ट अंतर है। इसका मतलब है कि लोग परीक्षण करा रहे हैं, लेकिन उनमें कोविड के लक्षण नहीं हैं। उन्होंने बताया वायरस के नए एक्स बी बी 1.6 संस्करण में वृद्धि के कारण नए मामलों में वृद्धि हुई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक के बाद कहा कि पिछले चार-पांच दिनों में केवल तीन मौतें हुई हैं।

वहीं, लहरिया ने कहा कि यह फ्लू का मौसम है और हमें कमजोर आबादी की रक्षा करनी चाहिए। हम मौसमी बीमारियों में इसी तरह की गिरावट या वृद्धि देखेंगे और हमें तैयार रहने की जरूरत है।

राजकीय एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ सुरेश कुमार ने कहा कि हमारे अस्पताल में वर्तमान में आठ मरीज हैं और उनमें से एक वेंटिलेटर सपोर्ट पर है जबकि अन्य ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। मरीजों की उम्र 25 वर्ष से 64 वर्ष के बीच है। पचास फीसदी मरीजों में सह-रुग्णताएं हैं और बाकी मरीजों में नहीं हैं। वहीं, एक मरीज को छोड़कर सभी को दो टीका लगाया गया है।

## प्रतिबंधों के बावजूद ई-सिगरेट आसानी से उपलब्ध

**नई दिल्ली ।** तंबाकू की दुकानों पर ई-सिगरेट आसानी से उपलब्ध हैं और उम्र के सत्यापन के बगैर ही उन्हें किसी को भी बेच दिया जाता है। एक संयुक्त सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। इस सर्वेक्षण का निष्कर्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा किया गया है। दिल्ली समेत असम, गोवा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना में यह सर्वेक्षण किया गया।

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि जब ई-सिगरेट के लिए ऑनलाइन ऑर्डर किया जाता है तो दो-तीन दिनों में इसे पहुंचा दिया जाता है और यह बिक्री उम्र के सत्यापन के बिना की जाती है।

ज्यादातर विक्रेताओं को यह पता नहीं है कि ई-सिगरेट पर कानूनन पाबंदी है, ऐसे में ई-सिगरेट खुलेआम बेची जाती है तथा ज्यादातर ई-सिगरेट का उत्पादन चीन में किया जाता है।

# सजायाफ्ता कैदी दो साल बाद बंगाल से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे सजायाफ्ता जफर अली को अपराध शाखा ने बांग्लादेश सीमा से गिरफ्तार किया है। उसे दिल्ली की एक अदालत ने 15 साल कारावास की सजा सुनाई गई थी। कोविड-19 महामारी के दौरान पैरोल मिलने पर पैरोल जम्प कर वह दो सालों से फरार चल रहा था।

अपराध शाखा की एक टीम ने वर्ष 2010 में उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में अली और उसके सहयोगियों के पास से 142 किलोग्राम गांजा बरामद किया था और उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। एक अदालत ने अली को 15 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वर्ष 2020 में, कोरोना महामारी के दौरान उसे आपातकालीन पैरोल दी गई थी, जिसे समय-समय पर 27 फरवरी 2021 तक बढ़ाया गया था लेकिन इसकी अवधि समाप्त होने के बाद भी, उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र यादव ने बताया कि अपराध शाखा की टीम अली को गिरफ्तार करने के लिए दिनहाटा के साहेबगंज रवाना किया गया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 3 अप्रैल, 2023



# आयुध डिपो के 900 मी के दायरे वाली सभी कॉलोनी करेंगे पास : डॉ. गुप्ता

## सांसद सुशील गुप्ता ने कहा, बीजेपी-जेजेपी सरकार ने सभी वर्गों को ठगा

## वार्ड-8 गांव धनकोट में और वार्ड 11 में वार्ड मीटिंग में शिरकत की


गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता का स्वागत करते कार्यकर्ता व उपस्थित कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के नगर निगम चुनाव प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को गुरुग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने वार्ड नंबर 4, धर्म कॉलोनी में आम आदमी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया। वार्ड 8 गांव धनकोट में और वार्ड 11 में वार्ड मीटिंग में शिरकत की।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि निगम चुनावों में जीत दर्ज कर आम आदमी पार्टी आयुध डिपो के 300 और 900 मीटर के दायरे में आने वाली सभी कॉलोनी को नियमित करने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि इस दायरे में रहने वाली जनता को भी पानी बिजली और तमाम मूलभूत सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम में इस बार आम आदमी पार्टी का मेयर बनेगा।

पहली बार मेयर का चुनाव सीधा लड़ा जाएगा। आम आदमी पार्टी का मेयर गुरुग्राम में जीत दर्ज करेगा। सभी 40 वार्डों से आम आदमी पार्टी के पार्षद जीत दर्ज करेंगे। वार्ड बैठकों में डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को मोहल्ला समितियों के गठन की जिम्मेदारी भी दी। उन्होंने कहा कि 2024 में हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य क्रांति लाने का काम किया जायेगा। वहीं अबकी बार गुरुग्राम निगम में आम आदमी पार्टी का मेयर होगा।

# गुरुग्राम में कल मनेगा राजस्थान का स्थापना दिवस : नवीन गोयल

## स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर हुई संगठन की बैठक

## 74 साल के हुए राजस्थान की कला, संस्कृति के होंगे चर्चे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में राजस्थान के स्थापना दिवस मनाने की तैयारियों में एकत्रित लोग।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत मिशन के तहत एवं हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के दिशा-निर्देशानुसार एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के मार्गदर्शन में एक-दूसरे राज्यों की कला एवं संस्कृतियों को साझा करने के उद्देश्य से गुरुग्राम में 4 मार्च 2023 को सामुदायिक केंद्र सेक्टर-4 में राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

इस कार्यक्रम को लेकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-प्रमुख, कार्यक्रम संयोजक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यहां सेक्टर-4 में राजस्थान के मौजिज लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके तैयारियों पर चर्चा की। नवीन गोयल ने कहा कि अब से पहले गुरुग्राम में उत्तर प्रदेश दिवस, उत्तराखंड दिवस भी मनाया जा चुका है। उन्होंने राजस्थान के निवासियों और स्थानीय निवासियों से आग्रह किया है कि ऐसे आयोजनों का वे हिस्सा बनें, ताकि हम एक-दूसरे के और अधिक नजदीक आएं। राजस्थान स्थापना दिवस कार्यक्रम में अलवर से लोकसभा सांसद महंत योगी बालकनाथजी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू करेंगे। तैयारियों को लेकर बैठक में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, राजस्थान मित्र मंडल के अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, मनोज बिहानी, परवीन गट्टानी, पवन झंवर, बीडी जखौटिया, रिंकू ओझा, ओमप्रकाश सारस्वत, आशीष मोहता, सुनील लढ़ा, किरीट जैन, सुमंत माहेश्वरी, पवन मोहता समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के सह-संयोजक एवं हरियाणा प्रदेश अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान की कला और संस्कृति से रूबरू होने के लिए 4 मार्च के कार्यक्रम में जरूर शिरकत करें। यहां राजस्थानी व्यंजनों का भी स्वाद चखें।

# बागवानी में स्टेकिंग विधि से फल को खराब होने से बचाएं किसान


स्टेकिंग विधि से उगाई गई सब्जी। फाइल फोटो।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## हरियाणा सरकार सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग पर दे रही 50से 85 प्रतिशत तक अनुदान

**किसान** बागवानी में स्टेकिंग विधि का प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। आधुनिक युग में खेती में नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया जा रहा है, सब्जियों की खेती में स्टेकिंग ऐसी विधि है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। खास बात यह है कि हरियाणा सरकार द्वारा सब्जियों में बांस स्टेकिंग व लोहे स्टेकिंग को प्रयोग करने के लिए सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत व एससी श्रेणी के किसान को 85 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। आधुनिक युग में खेती में नई-नई तकनीकें उभरकर सामने आ रही हैं। इससे किसानों को ढेरों फायदे पहुंच रहे हैं। सब्जियों की खेती में स्टेकिंग ऐसी ही एक विधि का नाम है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक नई-नई तकनीकों से खेती करने का सबसे बड़ा फायदा होता है कि इससे ढेर सारी जानकारियां मिलती हैं। इनसे मुनाफा और फसलों की पैदावार भी अधिक होती है।

**बांस व लौह स्टेकिंग पर अलग-अलग अनुदान :** जिला बागवानी अधिकारी डॉ. नेहा यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बांस स्टेकिंग की लागत 62 हजार 500 रुपए प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 31250 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को 53125 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। वहीं लोहा स्टेकिंग लागत एक लाख 41 हजार रुपए प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 70500 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को एक लाख 19 हजार 850 रुपए का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। एससी श्रेणी के किसान के लिए बांस स्टेकिंग व लौह स्टेकिंग पर अधिकतम अनुदान क्षेत्र एक एकड़ है।

**आसान है स्टेकिंग तकनीक :** डॉ. नेहा ने बताया कि किसान पहले पुरानी तकनीक से ही सब्जियों और फलों की खेती करते थे, लेकिन अब किसान स्टेकिंग तकनीक का इस्तेमाल कर खेती कर रहे हैं क्योंकि यह तकनीक बहुत ही आसान है। इस तकनीक में बहुत ही कम सामान का प्रयोग होता है। स्टेकिंग बांस व लौहे के सहारे तार और रस्सी का जाल बनाया जाता है।

**स्टेकिंग विधि से सब्जियों में नहीं होती सड़न :** स्टेकिंग विधि से खेती करने पर सब्जियों की फसल में सड़न नहीं होती, क्योंकि वो जमीन पर रहने की बजाए ऊपर लटकी रहती हैं। करेला, टमाटर एवं लौकी जैसी फसलों को सड़ने से बचाने के लिए उनको इस तकनीक से सहारा देना कारगर साबित होता है। पारंपरिक खेती में कई बार टमाटर की फसल जमीन के संपर्क में आने की वजह से सड़ने लगती है, लेकिन स्टेकिंग तकनीक में ऐसी दिक्कत नहीं होती।

# शहर की मुख्य सीवर लाइन की क्षमता का हो विस्तार, जलभराव समस्या से मिलेगी निजात

## शहरवासी सीवर की मुख्य लाइन क्षमता को बढ़ाने की कर रहे हैं मांग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के वार्ड 19 की मंगलनगर कॉलोनी में खेत में जमा बरसाती पानी के बीच में खड़ा होकर फसल बरबादी को दिखाता एक किसान।

**शहर** से जखोपुर स्थित सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली मुख्य सीवर लाइन को बरसाती व गंदे पानी के दबाव को झेल नहीं पा रही है। जिसके कारण बरसात होने पर शहर के गंदे व बरसाती पानी लबाबल हो जाते है। शहरवासी सीवर की मुख्य लाइन क्षमता को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

शहर के शहीद भगत सिंह फ व्वारा चौक से दमदमा मोड़ तक जाने वाले मुख्य 40 फु ट चौड़े बरसाती नाले को मात्र 4 फु ट कर दिया। उसके बाद दमदमा मोड से जखोपुर में बना सीवरेज वाटर ट्रिटमेंट प्लांट तक की करीब 4 किलोमीटर लंबाई में 16 इंच की सीवर लाइन बिछाई हुई है। यह 16 इंच चौड़ी सीवर लाइन शहर के गंदे व बरसाती नाले के पानी की क्षमता को झेलने में असमर्थ है। पानी का अधिक दबाव और पानी के साथ-साथ आने वाला कचरा इस 16 इंच चौड़ी सीवर लाइन को चौक कर देता है। जिससे शहर में जलभराव की समस्या विकराल रुप धारण कर लेती है। मुख्य सीवर लाइन छोटी होने के कारण बरसाती व गंदे नाले का पानी आबादी क्षेत्र के खेत व घरों में घुस जाता है। सीवर लाइन की सफाई होने तक दो से तीन दिन तक खेत व घरों में पानी जमा रहने से स्थानीय नागरिकों का जीवन नरकीय बन जाता है।

**सीवर लाइन का हो विस्तार:** शहर की मुख्य सीवर लाइन को कम से कम साढ़े पांच फु ट चौड़ी होनी चाहिए। जिससे गंदे व बरसाती पानी की निकास समय पर हो सके। स्थानीय निवासी तेजपाल का कहना है कि बरसात बादलों को असामान में आता देख उनके दिलों की धड़कने तेज हो जाती है, क्योंकि पिछले करीब 5 साल से बरसात होने पर गंदे नाले का पानी उनके घरों में घुस आता है। यह गंदा पानी की बदबू घरों के अंदर से निकलने में 8 से 10 दिन तक ले जाती है। रोहताश सैनी का कहना है कि बरसात होने पर उनके खेतों में बरसाती नाले का पानी जमा हो जाता है। जिसे खेतों में खड़ी फ सलें खराब हो जाती है। साल में खेतों में गंदा पानी के जलभराव से दो से तीन लाख रुपये का नुकसान हो जाता है। जिससे खेतों में की गई बिजाई की कीमत भी वसूल नहीं हो पाती है।

**नालों से हटाए जाएं अवैध कब्जे:** शहरवासी बरसाती नालों की जमीन पर पक्के मकान बनाकर किए हुए अवैध कब्जों को जब तक नहीं हटाया जाएगा। तब तक शहरवासी जलभराव की समस्या से परेशान होते रहेंगे। रवि कुमार का कहना है बरसात के मौसम में शहर के आम रास्ते व सड़कों पर जलभराव होने से दुकानदारों को कई लाख रुपये का नुकसान होता है। दुकानदारों द्वारा हर साल नालों को खुला व चौड़ा करने की जाने वाली मांग प्रशासनिक अधिकारियों के कानों तक नही पहुंच पाती है।

# रक्तदान व नेत्र जांच शिविर स्वस्थ समाज के निर्माण में उपयोगी


गुरुग्राम में रक्तदान शिविर का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्य संरक्षक भारत विकास परिषद लाल बहादुर शास्त्री शाखा बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** मुख्य संरक्षक भारत विकास परिषद लाल बहादुर शास्त्री शाखा बोधराज सीकरी के तत्वावधान में लायंस ब्लड सेंटर गुरुग्राम द्वारा रक्त दान शिविर और निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। बोधराज सीकरी ने कहा कि रक्तदान और नेत्र जांच शिविर स्वस्थ समाज के निर्माण में उपयोगी होते हैं। समय-समय पर इन शिविरों का लाभ लोगों को प्राप्त हो, यह हमारी प्राथमिकता है।

डॉक्टर त्रिलोक आहूजा के निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चन्द्र लोक डिस्पेंसरी सुशांत लोक सी-ब्लॉक में आयोजित किया गया। परिषद के अध्यक्ष राजीव छाबड़ा के साथ उनकी टीम अजय भार्गव, मोहित वत्स, विजय चावला, दीपक भाटिया, सतीश चावला, आरडब्ल्यूए के प्रधान विष्णु खन्ना, महा सचिव दीपक वर्मा उपस्थित रहे। नगर संघ चालक माननीय सुरेश अग्रवाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट इंस्टीट्यूट का सपरिवार विशेष सहयोग रहा, क्योंकि उनके संस्थान के विद्यार्थी रक्तदान में अग्रणी रहे। ब्लड सेंटर के मुखिया संदीप कुमार चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपस्थिति लोगों में प्रेरणा का साधन था। भारत विकास परिषद गुरुग्राम शाखा के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता और उनके पुत्र डिस्पेंसरी के इंचार्ज डॉक्टर गौरव गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। रामधन विशिष्ट ने अपनी सेवाएं दीं। महिला प्रकोष्ठ का संचालन संयोजिका श्रीमती सुरेश सीकरी के साथ वीणू छाबड़ा, सोनिया सचदेव, प्रीति भाटिया, पूनम सचदेव, नीलम वत्स, अशिमा भार्गव, सोनिया चावला, चीना धमीजा की उपस्थिति सेवा भाव से रही। नेत्र जांच शिविर में लगभग 100 लोगों ने लाभ उठाया।

# गिरजाघरों में पाम संडे धूमधाम से मनाया

## प्रभु यीशु के चमत्कार को वचनों के माध्यम से आम जन को बताया

## सुबह प्रार्थना सभाएं हुईं और फादर ने जनसमूह को पाम संडे मनाने का अर्थ बताया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


रविवार को गिरजाघर में पाम संडे के अवसर पर होती प्रार्थना सभा।

**स्थानीय** गिरजाघरों में ईस्टर से पहले रविवार को पाम संडे के रूप में मनाया। इस अवसर पर गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं हुई। प्रभु यीशु के चमत्कार को वचनों के माध्यम से आम जन को बताया गया।

शहर के वार्ड-13 और 17 में बने गिरजाघर में रविवार को पाम संडे मनाने के दौरान भारी संख्या में प्रभु यीशु के अनुयायी थे।

सुबह प्रार्थना सभाएं हुई और चर्च के फादर ने वचनों के माध्यम से मौजूद जनसमूह को पाम संडे मनाने का अर्थ बताया। वार्ड-13 के साधु सुन्दर सिंह चर्च के फ ादर राजेश कनौई ने बताया कि प्रभु यीशु को यरुसलेम के मंदिरों में जाने पर पाबंदी लगाई हुई थी और उन्हें अपनी ईश्वर भी नहीं मान रहे थे। जबकि प्रभु यीशु बेसहरा, बोझा ढौहने वाले तथा दबे कूचले हुए नागरिकों का भला करना चाहते थे। उनकी ताकत का यहूदी मजाक बना रहे थे, लेकिन एक दिन प्रभु यीशु ने लाजर की चार दिन पुरानी कब्र में गली सड़ी लाश को जीवित करके बाहर निकाला दिया था।

इस चमत्कार को देख यहूदी लोग काफी खुश हो गए। प्रभु यीशु जब यरुसलेम गए तो उनके सम्मान में यहूदियों ने खजूर की डालियां हाथ में लेकर खुशी मनाई थी। इसलिए ईस्टर से पहले रविवार को पाम संडे के रुप में मनाया जाता है।

# गेहूं की सरकारी खरीद के पहले दिन नहीं आया एक भी दाना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


शनिवार को सोहना मंडी में हुई सरसों की आवक।

**शनिवार** से प्रदेश में शुरू हुई गेहूं की सरकारी खरीद के पहले दिन स्थानीय अनाज मंडी में पहले दिन गेहूं का एक भी दाना नहीं आया। सरसों की फिर से हुई सरकारी खरीद के पहले दिन 200 क्विंटल आवक हुई।

प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से राज्य की सभी मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी है। इसके साथ 19 मार्च से बंद सरसों की सरकारी खरीद को एक बार फिर शुरू कर दिया है। इस बार सरसों को मार्केट कमेटी के माध्यम से किसान बेच सकेंगे, लेकिन सरसो की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ही होगी। शनिवार को स्थानीय मंडी में ढेरी तो दूर गेहूं का एक भी दाना नहीं आया। गेहूं की सरकारी खरीद की तैयारी करके बैठे हेफेड और हरियाणा वेयर हाउस एजेंसियों के अधिकारी पूरे दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठें रहे।

**गेहूं की आवक देर से :** बीते 15 दिन में दो बार हुई बारिश व ओलावृष्टि ने गेहूं व सरसो की फ सलों को बरबाद करके रख दिया। जिसके कारण किसान अपनी खेतों में खड़ी व पड़ी फसलों को समेट रहा है। बार-बार बारिश होने से पकी पकाई फसल खराब हो गई है। किसान मांगेराम का कहना है कि गेहूं की कटाई करने में किसान जुट गए है। जिसमें दाना व भूसा को अलग करने में कम से कम एक सप्ताह का समय लग जाएगा। उसके बाद ही किसान अपनी फ सल को बिक्री के लिए लेकर मंडी आएगा।

**सरसों की 12 दिन बाद खरीद शुरू :** सरसों की सरकारी खरीद एक बार फिर से शुरू हो गई है। शनिवार को स्थानीय मंडी में 200 क्विंटल सरसों की आवक हुई। रविवार सामसाहिक अवकाश होने के कारण मंडी में खरीद का काम बंद रहा। सोमवार से फिर से गेहूं व सरसों की खरीद शुरू रहेगी। यह देखना है कि सोमवार को सरसों व गेहूं कितना आएगा।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों को देशी गाय खरीदने पर मिलेगी सब्सिडी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## डीसी निशांत यादव ने कहा, किसानों को अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी


डीसी निशांत कुमार यादव।

**हरियाणा** सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है, उनको देशी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना शुरू की है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम नि:शुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर किसानों का प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरुक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बाजार में बढ़ रही मांग के मद्देनजर किसानों द्वारा अधिक उपज प्राप्त करने के लिए रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्बनिक कार्बन में जबरदस्त कमी आई है। मिट्टी तथा फसल उपज में हानिकारक रसायनों में वृद्धि हुई है। इन हानिकारक रसायनों के प्रभाव को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे कि किसानों की आमदनी को दोगुना तथा खेती को जहर मुक्त बनाया जा सके।

डीसी ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के लिए शुरू की गई इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को खेती के लिए एक स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि दे सकें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की योजना लाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक अनिल तंवर ने बताया कि फसल को बिक्री व कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है। पंजीकरण किसी भी सीएससी सेंटर में जाकर करवाया जा सकता है।

# प्रो. राम सिंह अंतरराष्ट्रीय फेलो पुरस्कार आईसीईएसडी-2023 से हुए सम्मानित

## कीट विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिली है अंतरराष्ट्रीय फेलो पुरस्कार आईसीईएसडी-2023

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


प्रो. राम सिंह।

**पूर्व** निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन और प्रमुख, कीट विज्ञान विभाग, सीसीएस एचएयू, हिसार और अब स्वतंत्र रूप से पर्यावरण जैवविज्ञानी के रूप में कार्यरत प्रोफेसर राम सिंह को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कीट विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय फेलो पुरस्कार आईसीईएसडी-2023 से सम्मानित किया गया।

न्यू एज मिबिलाइजशन सोसाइटी नई दिल्ली और शोभित डीम्ड विश्वविद्यालय मेरठ ने निरंतर विकास हेतु विज्ञान-तकनीक-अनुसंधान की पहचान, कार्यान्वयन और विस्तार पर मेरठ में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। न्यू एज मोबिलाइजेशन सोसाइटी, के संरक्षक प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन हैं। इस सम्मेलन में अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, प्रशासकों, जैव प्रौद्योगिकीविदों, और नीति निर्माताओं ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। प्रो. राम सिंह के अनुसार मनुष्य ने पिछले 40 वर्षों में ग्रामीण और शहरी विकास हेतु अज्ञानता से जैविक विविधता को अपरिवर्तनीय क्षति कर एक ज्वलंत समस्या खड़ी कर दी है। दुनिया भर में कीट जैव विविधता में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी मानव अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी है। उनका कहना है कि प्रकृति से टकराव की बजाय मानव जाति को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीकों का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

### डा. राम सिंह की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

**डॉ. राम** सिंह ने भारत, इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, नेथरलैंड, फ्रांस, स्कॉटलैंड, नेपाल आदि देशों में पौध संरक्षण से सम्बंधित 52 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं। डॉ. राम सिंह को 2019 में हैदराबाद में इंटरनेशनल प्लांट प्रोटेक्शन कांग्रेस (आईपीसीसी-2019) में आउटस्टैंडिंग प्लांट प्रोटेक्शन साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर राम सिंह को कृषि अनुसन्धान परिषद अवार्ड और इसी परिषद द्वारा संचालित श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया। पूर्व में उन्हें फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज 2022, फेलो ऑफ रॉयल एंटोमोलॉजिकल सोसाइटी, लंदन, फेलो ऑफ भारतीय पौध संरक्षण एसोसिएशन, फेलो ऑफ खाद्य एवं कृषि संगठन, रोम, पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप, अंतराष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान, इंग्लैंड, प्रदान किया गया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, दिल्ली में उसके स्मरणोत्सव कार्यक्रम के शताब्दी कार्यक्रम में सम्मानित किया।

# बीके : दया-धर्म न सही, मरीज दाखिल करना तो ड्यूटी है

कविता। फरीदाबाद

**डॉक्टर** और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों का समाज में एक अहम ही दर्जा होता है, क्योंकि यहीं लोग दया दिखाते हुए गंभीर से गंभीर मरीजों की जान बचाते हैं। लेकिन बादशाह खान अस्पताल में स्वास्थ्य से जुड़े लोगों की कुछ अलग की तस्वीर नजर आ रही है। अस्पताल के रजिट्रेशन काउंटर के पीछे गंदगी से भरे शौचालय के सामने एक लाचार मरीज पिछले कई दिनों से दिन रात लेटा रहता है। यहां से चिकित्सकों के साथ ही अन्य स्वास्थ्य कर्मी दिन भर गुजरते हैं, लेकिन किसी न भी दया दिखाते उसे

## लाचार व्यक्ति को 31 जनवरी को किया था डिस्चार्ज

अस्पताल में दाखिल कराने का प्रयास नहीं किया। अस्पताल से उसे 31 जनवरी को डिस्चार्ज किया गया है, लेकिन वह अभी भी चलने में असमर्थ है।

**चलने फिरने में लाचार:** शौचालय के पास लेटे कनौज निवासी अमिताभ ने बताया कि वह अनाथ है। नवंबर 2022 में वह काम की तलाश में फरीदाबाद आया था, लेकिन यहां उसे काम नहीं मिला। फुटपाथ पर सोकर वह गुजारा कर रहा था। 27 नवंबर 2022 को उसका एक्सीडेंट होने पर बीके



बीके अस्पताल में शौचालय के बाहर मौजूद गंदगी के निकट पड़ा अमिताभ।

अस्पताल में दाखिल कराया गया था। दिसंबर में पैर के ऑपरेशन के बाद उसका इलाज बीके में चलता रहा। गत 31 जनवरी को डिस्चार्ज कर दवा देकर जाने कहा गया, लेकिन चलने फिरने से वह लाचार हो गया। वॉकर की मदद से थोड़ा बहुत चल रहा था। लेकिन अब वह चल नहीं पा रहा।

**बरसात ने बढ़ाई परेशानी:** अमिताभ ने बताया कि डिस्चार्ज होने के बाद वह पार्क में सोकर गुजारा कर रहा था, लेकिन बरसात के कारण वह पार्क में नहीं सो पाया। जिस कारण वह यहां पंजीकरण काउंटर के पीछे सोने को मजबूर हो रहा है, क्योंकि यहां बरसात से बचाव को शैड है, लेकिन अब वह चलने फिरने और उठने से भी लाचार हो गया है। कोई उसकी मदद नहीं कर रहा है।

**अब अज्ञात वार्ड नहीं रहा :** कुछ साल पहले तक बीके अस्पताल में इस तरह के बेघर और लाचार मरीजों को रखने के लिए अज्ञात वार्ड मौजूद था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन न जाने किन कारणों से अज्ञात मरीजों के वार्ड को बंद करवा कर वह जगह डायलिसिस सेंटर को दे दी। पहले अज्ञात वार्ड में पूरी तरह स्वास्थ्य होकर अनेक मरीज अपने घर लौट जाते थे। लेकिन अब अज्ञात वार्ड के अभाव में बेसहारा मरीजों को लाचार होने के बावजूद सड़क पर भटकने के लिए डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

# सीएम फ्लाइंग ने एनसीईआरटी की फर्जी किताबों का किया भंडाफोड़



पुस्तकों की जांच करती सीएम फ्लाईंग।




छापेमारी के दौरान दुकान के बाहर लगी भीड़।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उड़दस्ते ही टीम ने सेक्टर नौ स्थित किताबों की दुकान पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ रविवार को छापेमारी की। दुकान में जांच पड़ताल के दौरान एनसीआरटी की नकली किताबों के साथ निजी पब्लिशरों की महंगी किताबें भी मिलीं। दस्ते ने बरामद किताबों को जांच के लिए भेजा है।

सीएम फ्लाइंग की टीम ने बल्लभगढ़ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह के साथ मिलकर सेक्टर-9 स्थित मल्होत्रा बुक डिपो पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को भारी संख्या में प्रत्येक क्लास की फर्जी एनसीईआरटी व प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें मिलीं। जिसके बाद टीम ने किताबों का स्टॉक आगे जांच के लिए भेज

## सेक्टर नौ स्थित दुकान पर बेची जा रही थी एनसीआरटी की फर्जी किताबें

दिया है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व मंच के लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि मंच की ओर से 10 दिन पहले 23 मार्च को स्कूलों की मनमानी की जांच करने के लिए बनाई गई फीस एंड फंड्स रेगुलेटरी कमेटी एफएफआरसी के चेयरमैन कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद व जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत की गई थी कि सभी प्राइवेट स्कूल संचालक अपने स्कूल के अंदर खुली दुकान व बाहर बताई गई दुकान से एनसीईआरटी किताबों की जगह प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें बेचकर मोटा कमीशन कमा रहे हैं। लेकिन कोई तुरंत कार्रवाई नहीं की गई। मंच का कहना है कि अब जब अधिकांश पेरेंट्स ने महंगी किताब कॉपी के सेट खरीद लिए हैं। वे पूरी तरह से लूट व मनमानी के शिकार हो चुके हैं, तब यह खानापूर्ति के लिए छापेमारी की गई है।

मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा ने कहा है कि मंच के पत्र में लिखा था कि अनेक स्कूलों के भीतर ही प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें बेची जा रही हैं। जिनसे 40 से 50 प्रतिशत कमीशन स्कूल वाले कमा रहे हैं। जब कि नियम है कि सिर्फ एनसीईआरटी की किताबें ही लगाई जाएं। मंच ने अपने पत्र के साथ शिक्षा निदेशक पंचकूला व सीबीएसई के उस पत्र व सर्कुलर को लगाया था। जिनमें जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया था कि यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूल के अंदर किताब कॉपी की दुकानें ना खुलें और स्कूलों के अंदर सिर्फ निर्धारित की गई एनसीआरटी की किताबें ही लगें।

मंच ने कहा कि सीएम फ्लाइंग को आदेश दिया जाए कि वह सभी स्कूलों, खासकर सीबीएससी के नामी-गिरामी स्कूलों में जाकर हर क्लास के बच्चों के बस्तों की जांच करें। जांच के बाद अगर बस्ते का बजन निर्धारित किए गए बजन से ज्यादा मिले और उसमें एनसीईआरटी किताबों की जगह प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें मिलें तो दोषी स्कूल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।



# जेंडर इक्वेलिटी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर फूंका पुतला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**टीम** पुरूष आयोग की टीम द्वारा बीके चौक पर जेंडर इक्वेलिटी की मांग को प्रदर्शन किया और एक पुतला भी फूंका। इसके बाद बीके चौक से नीलम चौक तक पैदल मार्च भी निकाला गया। इसके बाद जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा।

टीम पुरूष आयोग के संस्थापक नरेश मेंहदीरत्ता ने बताया कि ज्ञापन में पुरूष विरोधी असंवैधानिक कानूनी व्यवस्था के विरोध, महिला का परजीवी बनाने वाले स्थाई गुजारा भत्ता का विरोध, पुरूष आयोग का गठन करने, प्रस्तावित मैरिटल रेप कानून की मांग को रद्द करके, विवाह संस्था को बचाया जाये, घरेलू हिंसा कानून को लिंगभेद रहित किया जाए, स्वस्थ एवं पढ़ी-लिखी महिला को गुजारा भत्ता क्यों, धारा 497 को वापस बहाल करो, लिव-इन रिलेशन अवैध हो आदि मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि वह वर्ष 2013 से पुरूष आयोग कानून बनाने की मांग करते आ रहे है, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की जा रही है, जोकि पूरी तरह से गलत है, जब महिला आयोग बन सकता है, तो पुरूषों के लिए कानून क्यों नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि आज महिला थाने में पीड़िता महिलाओं यानी सास और ननद की शिकायत सुनी ही नहीं जाती, क्या वह महिलाएं नहीं है, जबकि यदि बहु शिकायत करने पहुंच जाए, तो पहले शिकायत लेकर पहुंची सास और ननद की शिकायत दर्ज करने के बजाय बहु की झूठी शिकायते दर्ज कर ली जाती है। कानून अब सबके लिए बराबर नहीं है। इसलिए वह पुरूष आयोग बनाने की मांग कर रहे है। इस मौके पर टीम पुरूष आयोग के संस्थापक नरेश मेंहदीरत्ता, सचिव अनुराधा भारद्वाज, उपाध्यक्ष महिमा मेंहदीरत्ता के अलावा अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली, अनशनकारी बाबा रामकेवल, एडवोकेट राजेश खटाना, रविन्द्र सिद्ध, ए.पी. सिंह, युवा नेता जसवंत पंवार, राजेश वशिष्ठ, प्रवेश मलिक, सुनील यादव, भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, जगविजय, उमेश कुण्डु, सचिन तंवर, भगवान दास, संतोष बृजवासी, राजू बेदी, अवधेश ओझा, नंदी बाबा, बिजय सिंह, आर्यन मित्तल, राजेन्द्र प्रसाद बेतिया, हेमा, रूपम, आयुष आदि लोग उपस्थित थे।

# ब्रह्मकुमारी पूजा ने किया स्कूल का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लड़कियों** के उज्वल भविष्य और उन्हें बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से खजानी एजूकेशन सोसाइटी ने आज डबुआ पाली रोड पर 17 नंबर चुंगी के पास खजानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल का शुभारंभ किया। ब्रह्मकुमारी पूजा ने फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया। इस मौके पर डायरेक्टर बिजेन्द्र चौधरी, अशोक आनन्द, राहुल आन्नद, ब्रह्मकुमारी सुभद्रा, रचना, वंदना मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूजा ने कहा कि लड़कियों को आधुनिक शिक्षा देने के साथ साथ उनमें अच्छे संस्कार पैदा करने का काम भी यह स्कूल करेगा ऐसी में कामना करती हूं। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए अच्छा स्कूल



खजानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल का उद्घाटन करती ब्रह्मकुमारी पूजा।

## कहा, अच्छे संस्कार पैदा करने का काम करेगा ये स्कूल

चयन कर रहे अभिभावाकों की तलाश यहां आकर खत्म होगी। इस मौके पर डायरेक्टर बिजेन्द्र चौधरी ने कहा कि खजानी एजूकेशन सोसाइटी का काम धन कमाना नहीं अपितु ऐसी शिक्षित पीढ़ी तैयार करना है। जो देश विदेश में अपने माता पिता और स्कूल का नाम रोशन करें। देश की प्रगति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होनें कहा कि खजानी वूमैनस वोकेशनल इस्ट्टीयूट शाखाएं पहले ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।

# प्रो. ज्योति राणा को मिला वूमेन लीडर अवार्ड

## कौशल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन वूमेन लीडर्स फोरम ने सम्मान से नवाजा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**श्रीविश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा को वूमेन लीडर अवार्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान कौशल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। अंतरराष्ट्रीय संगठन वूमेन लीडर्स फोरम द्वारा आयोजित समारोह में प्रो. ज्योति राणा को सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड पलाऊ गणराज्य के कौंसल जनरल डॉ. नीरज ए. शर्मा और सेशेल्स के कल्चरल




डॉ. नीरज ए. शर्मा और सेशेल्स के कल्चरल एंबेसडर डॉ. दीपक सिंह से अवार्ड प्राप्त करतीं प्रो. ज्योति राणा।

एंबेसडर डॉ. दीपक सिंह ने प्रदान किया। दिल्ली में आयोजित इस समारोह में छह देशों के राजदूत और एशिया के 40 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह फोरम एशिया में भिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को अवार्ड प्रदान करती है। प्रो. ज्योति राणा श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक अफेयर्स हैं। कौशल शिक्षा के क्षेत्र में उनका काम काफी सराहनीय रहा है। उनकी कई किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो. ज्योति राणा को इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं। इस उपलब्धि पर श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ ने प्रो. ज्योति राणा को बधाई दी। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की उपलब्धि बताया। इस मौके पर प्रो. ज्योति राणा ने कहा कि कौशल पूरी दुनिया की जरूरत है। भारत जैसे अधिक जनसंख्या वाले देशों को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इसलिए हम निरंतर कौशल के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में और अधिक आगे बढ़ने की आवश्यकता है। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मंच पर देश में कौशल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। उसी की बदौलत यह अवार्ड उन्हें मिला है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को दिया।

# स्वामी विवेकानंद केंद्र ने किया चिंतन-मंथन

## समाज में फैल रही कुरीतियों व समस्याओं को समाप्त करना ही केंद्र का उद्देश्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**स्वामी** विवेकानंद केंद्र समस्त देश में अपने केंद्रों के माध्यम से भारत की संस्कृति, धर्म व समाज की एकजुटता के लिए कार्य कर रहा है। स्वामी विवेकानंद ने जीवन भर लोगों को संगठित करने व उनमे आत्मविश्वास पैदा करने के लिए भ्रमण किया। ये विचार स्वामी विवेकानंद केंद्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालकृष्ण ने अपने फरीदाबाद प्रवास के दौरान शहर के प्रबुद्ध लोगों से चर्चा के दौरान व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचारों व सोच को पूरा करने के लिए स्वामी विवेकानंद केंद्र भरपूर प्रयास कर रहा है। केंद्र के फरीदाबाद संचालक सुधीर कपूर व हरियाणा प्रदेश के सह संचालक दशरथ चौहान ने बालकृष्ण का शाल ओढ़ा कर अभिनन्दन किया। मां अमृतानंदमयी अस्पताल के निदेशक स्वामी निजामृतानन्द पुरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। श्रीकपूर ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें केंद्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फरीदाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एचके बत्रा, विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, रिटायर्ड आईएएस एचके राणा, शिक्षाविद डॉ प्रताप चौहान, डीएवी स्कूल की प्राचार्या अनीता गौतम, आरएसएस नेता संजय अरोड़ा व पूर्व पार्षद राजेश तंवर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जानी मानी गयिका हिमानी कपूर ने तन समर्पित ,मन समर्पित और यहां जीवन समर्पित गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

माता अमृतानंदमई अपस्ताल परिसर में आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जो लोग इस केंद्र से जुड़ना चाहते हैं , उनको व प्रबुद्ध लोगों को विवेकानंद केंद्र के कन्याकुमारी स्थित मुख्यालय अवश्य आना चाहिए। वहां स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी यादों के साथ समाज की एकता व राष्ट्रीयता से जुड़ी सामग्री की प्राप्ति के साथ-साथ आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। उनकी संस्था का उद्देश्य मानव निर्माण के लिए ही केंद्रित है। उन्होंने कहा मानव शरीर उन पांच तत्वों से बना है जिससे ये विश्व ही नहीं अपितु पूरे ब्रह्मांड का निर्माण हुआ है। परमात्मा रूपी आत्मा लघु कणों के रूप में हमारे शरीर व आत्मा में विराजमान है। यदि हम अपनी आत्मा के अंदर झांक कर देखें तो वहीं ईश्वर की प्राप्ति होगी। केंद्र के अध्यक्ष बालकृष्ण ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने व संगठित करने के लिए जीवन भर प्रयास किया, इसी के लिए वह भ्रमण करते रहे और लोगों में दृढ़ विश्वास पैदा करते रहे। उन्होंने बताया कि मां अमृतानंदमयी वर्ष 1983 में कन्याकुमारी स्थित केंद्र में आयी और महसूस किया कि ईश्वर से उनका संपर्क हुआ। उसके बाद से वह हर वर्ष वहाँ आती हैं।

इस अवसर पर मां अमृतानंदमयी के प्रशासकीय निदेशक स्वामी निजामृतानन्द पुरी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने को कमज़ोर नहीं समझना चाहिये। व्यक्ति को अपने अंदर झाँक कर मनन करना चाहिये। वयक्ति का संस्कारित होना जरूरी है। आज हर व्यक्ति मोबाइल फोन को ज़्यादा समय और एहमियत दे रहा है,जबकि मोबाइल फोन सदुपयोग के लिए इस्तेमाल होना चाहिये ना कि दुरूपयोग। इस अवसर पर आये हुए अतिथियों ने समाज में फैल रही कुरीतियों व परेशानियों पर विचार विमर्श किया और सुझाव दिए।

# नियम तोड़ रहे 487 वाहन चालकों के काटे चालान

## यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वर्ष 2022 में 22 और 2023 में अब तक 25 ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों के किए गए चालान

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने कल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 487 वाहनों का चालान काटकर 409500 रुपये का जुर्माना लगाया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती रहती है और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान काटकर उन्हें आर्थिक दंड से दंडित भी करती है। पुलिस ने कल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले



पुलिस कर्मियों द्वारा चालान काटने का फाइल फोटो।

487 वाहन चालकों का चालान काटा है। काटे गए चालानों में 163 रॉन्ग साइड व 52 चालान खतरनाक यू टर्न के काटे गए। 38 चालान नंबर प्लेट, 22 चालान हेलमेट के काटे गए हैं। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का वर्ष 2022 में 22 तथा वर्ष 2023 में अब तक 25 ट्रैक्टर ट्रॉली के चलान काटे गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात पुलिस नागरिकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती है।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना के 30 पॉजिटिव मिले, आठ ठीक हुए




पैर पसारने लगी कोरोना महामारी

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना महामारी ने एक बार फिर पैर पसारने शुरू कर दिए है। जिले में आए दिन मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिले में जहां शनिवार को 19 मामले सामने आए थे। वहीं रविवार को 30 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिससे जिले में एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा जिले में 107 पर पहुंच गया है। नए आए 30 संक्रमितों में से दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिससे जिले में 104 मरीज होम आईसोलेशन में हैं और तीन मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि आठ मरीजों को विभाग ने स्वास्थ्य घोषित किया है। जिले में रविवार को 257 सैम्पल जांच किए गए। वहीं जिले में 69 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिसमें सरकारी अस्पतालों के 34 और निजी प्रयोगशालाओं के 35 सैम्पल शामिल है। विशेषज्ञों द्वारा कोरोना के बढ़ते मामलों का रिजन लगातार हो रहा मौसम परिवर्तन बताया जा रहा है। लोग कोरोना नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आए दिन कोरोना संक्रमितों की संख्या का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है।

## मानव अधिकार संरक्षण संघ ने सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** मानव अधिकार संरक्षण संघ टीम फरीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता ने मूलचंद शर्मा कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार को उनके कार्यालय सेक्टर 8 फरीदाबाद पर पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग रही की आदर्श नगर क्षेत्र में अभी तक एक भी पुलिस चौकी नहीं है पहले कभी चौकी रही जो आदर्श नगर थाने में तब्दील हो गई। थाना भी इस क्षेत्र से लगभग 3 किलोमीटर दूर है। थाने की दूरी अधिक होने की स्थिति में अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। स्कूल वालो और स्थानीय निवासियों से संघ को लिखित में शिकायत मिली की कुछ मनचले, असामाजिक तत्व शराब पीकर चौराहों पर खड़े होकर लड़कियों और अध्यापिकाओं को अपशब्द बोलते है। छेड़खानी जैसी वारदात को अंजाम देते है। कुछ लोगों का कहना हैं की आए दिन यहां चोरी, लड़ाई झगड़े जैसे वारदातें बढ़ती जा रही हैं। इसलिए पुलिस चौकी होना यहां बहुत जरूरी है, जिसके तहत कार्रवाई को जल्दी आगे बढ़वाते हुए आज टीम ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा। आश्वासन मिला कि वहां पर जल्द से जल्द चौकी का निर्माण हो जाएगा। टीम यहां से पहले डीजीपी हरियाणा, जिला उपायुक्त फरीदाबाद, पुलिस आयुक्त फरीदाबाद, एसएचओ आदर्श नगर थाना सभी को ज्ञापन देकर इस बाबत अवगत करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमे आशा है मंत्री इस पर जल्द से जल्द संज्ञान लेंगे और और पुलिस चौकी खुलने का फैसला सुनाएंगे। इस मौके पर हेमराज शर्मा, सुशील कुमार, कैलाश कुमार, गुलबीर सिंह मौजूद रहे।

## श्रीराम मंदिर की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने श्रीराम मन्दिर सेक्टर-3 बल्लभगढ़ में आयोजित शोभा यात्रा में शिरकत की। पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने बताया कि वार्षिकोत्सव को लेकर रविवार को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे के साथ मंदिर के प्रांगण से 1 किलोमीटर के अंदर कॉलोनी में निकाली गई। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभा यात्रा नजदीक कॉलोनी में भ्रमण कर पुन: मंदिर परिसर में पहुंची। बैंड बाजे के साथ पालकी पर सवार श्रीराम की शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा जयकारे भी लगाए गए। जयघोष से पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण कायम था। जिस रास्ते से शोभा यात्रा जा रही थी उस रास्ते में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। लोग श्री राम के दर्शन के लिए बेताब दिख रहे थे। इस दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही हवन किया गया। सभी के लिए अग्नि को आहुति देते हुए सुख शांति की दुआ की। वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन के लिए सभी सदस्यों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु भी जुटे हुए थे।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं से कराया अवगत

**फ़रीदाबाद।** जिले के पूर्व सैनिक, सेक्टर 16 में स्थित भूतपूर्व सैनिक कैंटीन व एनआईटी क्षेत्र, एनएच- 4 में स्थित ईसीएचएस (मेडिकल सेंटर) से सम्बंधित कुछ समस्याओं से काफी समय से जूझ रहे हैं। जिस बाबत भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सतिंदर दुग्गल, विंग कमांडर ने प्रशासन को पत्र लिखकर समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने बताया की गत वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल के जन्म दिन 25 दिसंबर को पूर्व सैनिकों संबंधित फ़रीदाबाद ज़िले की ज़िम्मेवारी मिलने के बाद से ही उनके पास कई तरह की शिकायतें आई है। अब प्रशासन के साथ मिलकर एक एक कर इनका समाधान किया जाएगा व समय समय पर पूर्व सैनिकों से सम्बंधित समस्याओं को उठाया भी जाएगा। उन्होंने बताया की कैंटीन में रुपे कार्ड, आधार कार्ड सम्बंधित दिक़्क़तों, ग्रोसरी, राशन व अन्य सामना के स्टॉक की जानकारी ना होना व पूर्व सैनिक वरिष्ठ नागरिकों व पूर्व सैनिकों के परिवारों के साथ कुछ बदसलूकी होने व 14 फरवरी से ईसीएचएस. (मेडिकल सेंटर) में डेंटिस्ट ना होने से पूर्व सैनिक भाई व उनके बुजुर्ग परिवार के सदस्यों को बहुत दुख तकलीफ़ का सामना करना पड़ता है। बहुत से साथी बहुत दूर-दूर गांवों से इन सुविधाओं के लिए फरीदाबाद आते हैं।

## सरकार ने टोल टैक्स को बनाया लूट का अड्डा : भड़ाना



**फरीदाबाद।** लगातार टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी को लेकर जहां आमजन की जेब पर डाका डाला जा रहा है वहीं भाजपा सरकार रोज उद्योगपतियों के हाथों देश को बेच रही है। ये बातें आप नेता धर्मवीर भड़ाना ने हरियाणा में बढ़े हुए टूल टैक्सों को लेकर कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल देश में भ्रष्टाचार महंगाई और भूखमरी को बढ़ाने का काम कर रही है और विकास के नाम पर लोगों को टूटी फूटी सड़कें और महंगाई की मार प्रदान कर रही है। धरमवीर भड़ाना ने कहा कि बल्लभगढ़ से सोहना रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त है, बावजूद इसके टोल वसूला जा रहा है। पाली से सैनिक कॉलोनी का पूरा रोड टूटा हुआ है, जिसकी वजह से चार किलोमीटर का रास्ता पार करने में पूरा एक घंटा लगता है। इसके अलावा पाली चौकी से लेकर क्रेशर जोन तक पूरा रोड टूटा हुआ है, लेकिन टोल टैक्स लिया जा रहा है। भड़ाना ने कहा कि एक तरफ हरियाणा में भाजपा सरकार लगातार भ्रष्टाचार फैला रही रही है, तो, वहीं हरियाणा से लगते पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार दिन-ब-दिन विकास के नए आयाम छू रही है। पंजाब सरकार लगातार टोल टैक्स को खत्म करने का काम कर रही है। जबकि हरियाणा में भाजपा सरकार टोल की दरों में बढ़ोतरी कर और महंगाई को बढ़ाकर भी लोगों की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल लोगों को डर दिखाकर अपनी सत्ता चलाना चाहती है लेकिन आम आदमी पार्टी भाजपा के भ्रष्टाचार को लगातार उजागर करती रहेगी और एक दिन भाजपा को हरियाणा से ही नहीं बल्कि पूरे देश से उखाड़ फेंकेगी। आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर पूरे देश में दिल्ली और पंजाब की दर पर विकास किए जाएंगे और देश को नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा।

## विदेश व्यापार नीति

### अच्छे इरादे

**विदेश व्यापार नीति**, 2023 के पीछे अच्छे इरादे हैं, लेकिन देखना होगा कि यह 2 ट्रिलियन डालर निर्यात का लक्ष्य पूरा करने में कहां तक सहायक होती है। नई विदेश व्यापार नीति-एफटीपी आर्थिक नीति व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मूलाधारों की संगति में है। इसमें प्रोत्साहनों से मुक्ति देकर ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ना लक्षित है जिससे निर्यातकों को लागत घटाने तथा प्रक्रियागत झंझटों से मुक्ति में सहायता दी जा सके। सरकार के अनुसार इस नीति की प्रमुख दिशा चार स्तंभों पर आधारित है। इनमें गलती सुधारने को प्रोत्साहन तथा सहयोग से निर्यात प्रोत्साहन शामिल हैं जिसमें निर्यातकों, राज्यों, जिलों व भारतीय दूतावासों का सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही इस नीति में 'बिजनेस सुगमता', लेनदेन का खर्च घटाने व ई-पहलों तथा एएसई-कामर्स विकसित करने वाले उभरते जिलों व अन्य उभरते क्षेत्रों को निर्यात केन्द्र बनाना एवं स्कोमेट नीति को सुचारु बनाना शामिल है। 'स्कोमेट' विशेष रसायनों, जीवों, सामग्रियों, उपकरणों व तकनीकों का संक्षिप्तीकरण है। नीति की घोषणा करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'हम 2030 तक 2 ट्रिलियन डालर का निर्यात लक्ष्य प्राप्त करेंगे, पर ऐसा नहीं होना चाहिए कि सेवाओं का निर्यात व्यापारिक निर्यातों से अधिक हो।' सरकार का फोकस ठीक है क्योंकि व्यापारिक निर्यात पीछे हैं। 2022-23 के पहले 11 महीनों में वे 405.94 बिलियन डालर थे जो 2021-22 की इसी अवधि में हुए 377.43 बिलियन डालर निर्यात की तुलना में 7.55 प्रतिशत अधिक थे। इसके उलट सेवाओं का निर्यात अप्रैल




2021-फरवरी 2022 में 227.58 बिलियन डालर था जो अप्रैल 2022-फरवरी 2023 में 24.56 प्रतिशत वृद्धि के साथ 296.94 बिलियन डालर हो गया। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि विनिर्माण में भारत की कमजोरी कोई छिपी बात नहीं है। हालांकि, आर्थिक सुधार तीन दशक से भी पहले शुरू हुए थे, पर वे अभी सबसे निचले स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि एफटीपी में राज्यों, जिलों, बिजनेस सुगमता, लेनदेन का खर्च घटाने तथा ई-पहलों पर ज्यादा जोर क्यों दिया गया है।

एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एफटीपी 2023 निर्यात प्रोत्साहन में समय की कसौटी पर खरी उतरी योजनाओं की निरंतरता पर आधारित हैं। इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया है कि यह दस्तावेज लचीला तथा व्यापार की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है। प्रेस विज्ञप्ति में लचीलेपन व संवेदनशीलता की ओर संकेत करते हुए कहा गया है कि एफटीपी पहले 2015-20 के लिए जारी हुई थी, पर इसके बाद इसमें काफी परिवर्तन हुए हैं। यह कथन सही हो सकता है, लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि नवीनतम आंकड़ों के अनुसार व्यापारिक निर्यात में ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। सेवाओं के निर्यात में अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन मुख्य रूप से इसका कारण यह है कि इस क्षेत्र में कार्यरत बिजनेसमैनों को सरकारी अधिकारियों से नहीं निपटना पड़ता है। उदाहरणार्थ किसी आईटी फर्म को ब्वायलर इंस्पेक्टर की चिन्ता नहीं करनी पड़ती है। एफटीपी 2023 का महत्वपूर्ण तत्व इसका खुलापन है। विदेश व्यापार के महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने मीडिया को बताया कि 'जब भी आवश्यकता होगी' इसे अद्यतन बनाया जाएगा। इसका एक और महत्वपूर्ण तत्व निर्यातकों को एक बार माफी योजना योजना है जिससे वे पुराने लंबित मामले निपटा कर आगे बढ़ सकते हैं। सारंगी ने कहा, 'नई नीति का उद्देश्य प्रोत्साहन आधारित टैक्स व्यवस्था से टैक्स वापसी व्यवस्था में परिवर्तन है।' देखना होगा कि यह नीति क्रियान्वयन में कितनी प्रभावी होती है। यदि एफटीपी 2023 के अच्छे इरादों को जमीन पर उतारा जाए तो 2 ट्रिलियन डालर निर्यात का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।

# पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था में सुधार

यदि अमीर लोग ज्यादा टैक्स दें तो बहुत अच्छा होगा। इससे सरकार को गरीबों की ज्यादा सेवा करने में सहायता मिलेगी। पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था में सुधार का यही लक्ष्य है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




लोकसभा ने 24 मार्च को वित्त विधेयक, 2023 को मंजूर कर लिया। इसमें एक संशोधन के अनुसार गैर-इक्विटी या कर्ज आधारित म्यूचुअल फंडों-डीएमएफ से पूंजीगत लाभ कर में बदलाव किया गया है। इससे निवेशक परिवारों व खासकर उच्च आय वाले व्यक्तियों-एचएनआई, कार्पोरेट, आदि पर कुछ दबाव पड़ेगा। हालांकि, उनका तर्क था कि इससे बांड बाजार के विस्तार प्रयासों को धक्का लगेगा जो अर्थव्यवस्था की दीर्घकालीन विकास आवश्यकताओं की फाइनेंसिंग के लिए महत्वपूर्ण है। उनका यह भी कहना था कि ऐसे परिवर्तन को केन्द्रीय बजट में शामिल किया जाना चाहिए था। आधिकारिक संशोधन के बजाय इस प्रक्रिया पर संसद में व्यापक चर्चा का अवसर मिलता। लेकिन अब यह वित्त कानून का हिस्सा है, इसलिए इसकी प्रक्रिया पर चर्चा केवल अकादमिक विषय रह गया है।

1 अप्रैल, 2023 से लागू संशोधन पर चर्चा से पहले हमें वर्तमान स्थिति पर विचार करना चाहिए। डीएमएफ ऐसी योजना है जो निश्चित आय उपकरणों, जैसे कार्पोरेट व सरकारी बांडों, कार्पोरेट कर्ज सिक्यूरिटीज़ तथा मनी मार्केट उपकरणों, आदि में निवेश करती है जो अन्य पूंजीगत लाभ प्रदान करते हैं। डेट फंड या कर्ज फंड को आय या बांड फंड भी कहा जाता है। वर्तमान समय में डेट फंड में यूनिटों को तीन साल या उससे लंबे समय के लिए डालने पर होने वाले पूंजीगत लाभ को दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ-एलटीसीजी माना जाता है। इसके सूचीगत लाभ पर 20 प्रतिशत कर लगता है। इसमें किसी व्यक्ति के निवेश पर मुद्रास्फीति का आंकलन किया जाता है जिससे प्रभावी रूप से उसका पूंजीगत लाभ और इस प्रकार उसका कर दायित्व घटता है। तीन साल के पहले किसी निवेशक द्वारा लगाई यूनिटों के पूंजीगत लाभ को अल्पकालीन पूंजीगत लाभ-एसटीसीजी माना जाता है और इस पर व्यक्तिगत आय कर स्लैब दरों के अनुसार आयकर लगता है।

हालिया संशोधन से 'विशिष्ट म्यूचुअल फंडों'-एसएमएफ के मामले में यह अंतर समाप्त कर दिया गया है। इसका अर्थ मूलतः उन म्यूचुअल फंडों से है जहां कुल धनराशि के 35 प्रतिशत से अधिक का निवेश घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप एसएमएफ से होने वाले लाभ पर उस स्लैब के अनुसार कर लगाया जाता है जिसमें कुल आय आती है, भले ही निवेशक द्वारा यूनिटें चाहे जितने समय के लिए ली गई हों और उनको एसटीसीजी माना जाता हो। एसएमएफ की परिभाषा के अनुसार नई कर व्यवस्था एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों-ईटीएफ, अंतरराष्ट्रीय फंडों, स्वर्ण-चांदी फंडों, आउटबाउंड म्यूचुअल फंडों और इक्विटी फंडों, आदि पर भी लागू होगी। इनसे प्राप्त होने वाले लाभ को व्यक्तिगत आयकर-पीआईटी स्लैब दर पर लागू किया जाएगा। यह संशोधन 1 अप्रैल, 2023 से लागू हो गया है। इसका अर्थ है कि निवेशकों के पास उपलब्ध सभी एमएफ यूनिटों तथा इस तिथि से पहले प्राप्त यूनिटों पर पुरानी व्यवस्था लागू रहेगी। ऐसे में यह देखना उचित होगा कि निवेशकों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। एक उच्च आयवर्ग वाले व्यक्ति की स्थिति पर गौर करें जिसकी आय प्रति वर्ष 2 करोड़ रुपये है। इस पर कर की प्रभावी दर 39 प्रतिशत होगी। यदि उसके पास 100 रुपये मूल्य की डीएमएफ यूनिटें हो जिससे 10 प्रतिशत प्रति वर्ष लाभ प्राप्त होता हो। इसके साथ ही यदि अनुमान लगाया जाए कि मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत होगी। इन मूल चीजों के साथ पुरानी व्यवस्था, यानी 20 प्रतिशत एलटीसीजी टैक्स लाभ के साथ उसकी आमदनी तीन साल के बाद 17.4 रूपये होगी। 17.4 रुपये पर 20 प्रतिशत की दर से टैक्स 3.5 रुपये होगा। नई कर व्यवस्था में सूचीबद्धता के लाभ के बिना प्रासांगिक स्लैब पर टैक्स दर से तीन साल बाद पूंजीगत लाभ कर 33.1 रुपये होगा। 33.1 रुपये पर 39 प्रतिशत की दर से टैक्स 12.9 रुपये होगा जो पुरानी व्यवस्था की तुलना में लगभग चार गुना अधिक होगा। कर बोझ में इस वृद्धि से उच्च आयवर्ग वाले लोगों पर बोझ पड़ेगा।

लेकिन हमें चीजों को सरकार के दृष्टिकोण से भी देखना चाहिए जिसे समावेशी विकास के लक्ष्य को ध्यान में रख कर कानून बनाने होते हैं तथा समाज के सभी वर्गों के सरोकारों पर ध्यान देना होता है। सरकार को केवल एक खास वर्ग के हित की चिन्ता नहीं करनी होती है। यदि अमीर वर्ग को थोड़ा ज्यादा भुगतान कर सरकार का राजस्व बढ़ाने में योगदान करना हो तो इससे बहुसंख्य गरीब लोगों की सहायता की जा सकती है। इस दृष्टिकोण से यह कदम पूर्णत: उचित है। वर्तमान कर व्यवस्था को मनमानी, असमान व परंपरागत रूप से एचएनआई-कार्पोरेट, आदि को लाभान्वित करने वाली कहा जा सकता है। किसी व्यक्ति द्वारा की जाने वाली आमदनी का कोई रंग नहीं होता है। आय चाहे जिस स्रोत से हो इससे किसी व्यक्ति की आमदनी बढ़ती है। इसमें वेतन, बिजनेस से मुनाफा तथा शेयरों, बांडों या म्यूचुअल फंडों में निवेश शामिल हैं। इसलिए सबके साथ समान व्यवहार होना चाहिए। आमदनी किसी खास स्रोत पर निर्भर नहीं हो सकती है। इसके बावजूद सरकार पूंजीगत लाभ कर को 20 प्रतिशत पर रख कर डीएमएफ निवेश को वरीयता दी थी, जबकि इस पर 39 प्रतिशत कर स्लैब लागू होता था।

यह अन्य स्रोतों में होने वाले निवेशों की तुलना में भी भेदभावपूर्ण था। उदाहरण के लिए, बैंकों में फिक्स डिपाजिटों-एफडी में निवेश से ब्याज की आय या सरकारों तथा कंपनियों द्वारा जारी बांडों से होने वाली आय को व्यक्तिगत आयकर स्लैब में शामिल किया जाता था। इस प्रकार की आमदनी को सूचीबद्धता का लाभ भी नहीं मिलता था। जहां एचएनआई को ज्यादा टैक्स देने में कोई कठिनाई नहीं है, वहीं कम आय वाले लोगों व खासकर मध्य वर्ग को नई व्यवस्था से कोई नुकसान नहीं होगा। 2023-24 के बजट में प्रस्तावित पीआईटी व्यवस्था से 700,000 रुपये की वार्षिक आय वाले को कोई कर नहीं देना होगा। 700,001-900,000 रुपये तक वार्षिक आय वाले लोगों के लिए कर की दर 10 प्रतिशत है, जबकि 900,001-1,200,000 रुपये वार्षिक आय वालों के लिए यह 15 प्रतिशत है। डीएमएफ में निवेश करने वाले सभी लोगों के लिए वर्तमान समय में लागू कर स्लैब में पूंजीगत लाभ कर को हस्तांतरित करना लाभदायक होगा। पुरानी व्यवस्था में उनको 20 प्रतिशत की उच्च दर से भुगतान करना होता था।

वित्त विधेयक, 2023 ने एक अन्य विसंगति को भी संबोधित किया है। इसका संबंध एक फैंसी उपकरण से है जिसे मार्केट-लिंक्ड डिबेंचर-एमएलडी कहा जाता है। जहां सामान्य डिबेंचर पर फिक्स रिटर्न का भुगतान किया जाता है, वहीं एमएलडी धारक को रिटर्न शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव के आधार पर भुगतान होता है। इसमें निफ्टी 50 सूचकांक शामिल है। पहले यदि एक साल से अधिक की अवधि तक रखा जाए तो सूचीबद्ध एमएलडी पर 10 प्रतिशत टैक्स लगता था। लेकिन एक साल की अवधि तक रखने पर इन पर स्लैब दर के अनुसार भी कर लगता था। अब उन पर स्लैब दर के अनुसार टैक्स लगेगा, चाहे उनका स्वामित्व एक साल से अधिक अवधि के लिए ही क्यों न हो।

कुल मिला कर कहा जाए तो 2023-24 के बजट ने सभी पूंजीगत लाभ पर कर को समान बना कर डीएमएफ को वरीयता समाप्त कर दी है, चाहे इसकी स्वामित्व अवधि कुछ भी क्यों न हो। इन पर स्लैब दर के अनुसार टैक्स लगेगा तथा सूचीबद्धीकरण का लाभ समाप्त कर दिया गया है। इसने कर व्यवहार को एफडी व बांडों, आदि से जोड़ कर समान आधार तैयार किया है।

इससे यह विश्वास करना गलत होगा कि डेट एमएफ, आदि उपकरणों का आकर्षण समाप्त हो जाएगा। यूनिट जैसे इन उपकरणों में निवेश तरल होता है, इनको किसी भी समय वापस लिया जा सकता है, जबकि एफडी पर समय से पूर्व वापसी पर दंडात्मक ब्याज दर लगती है। इसके साथ ही यूनिट जैसे उपकरणों में निवेश से पूंजीगत लाभ कर से राहत मिल सकती है क्योंकि कुछ यूनिटों पर होने वाला अल्पकालीन पूंजीगत नुकसान कर दायित्व घटाता है। इस प्रकार यह भय निराधार है कि वित्त विधेयक में किए इस संशोधन से अर्थव्यवस्था का दीर्घकालीन विकास प्रभावित हो सकता है।

# मिश्रित कार्यस्थल से जुड़ी चुनौतियां

"भौतिक निष्पादन के अलावा, कुछ प्रबंधकीय पहलुओं को इस परिवर्तन प्रबंधन का हिस्सा बनने की आवश्यकता है।"



**अर्नब घोष**
(लेखक कारपोरेट कम्पनी के प्रबंध निदेशक हैं)

महामारी के बाद के वाणिज्यिक रियल एस्टेट पेशेवर 'हाइब्रिड' शब्द से जूझ रहे हैं। चुस्त कार्यक्षेत्र मर चुका है। एक मिश्रित कार्यस्थल कार्यालय डिजाइन की नई पवित्र कब्र है। हम इस नए शब्द की व्याख्या कैसे करेंगे, यह अब नियोक्ता और कर्मचारी के संबंध को परिभाषित करेगा। सही समाधान आने में कुछ समय लगेगा। इस बीच, हम केवल इस हाइब्रिड पहेली को अपनी आंखों और कानों को चौड़ा करके हल करने का प्रयास कर सकते हैं।

हाइब्रिड वर्कप्लेस को डिजाइन करने में एक लचीला कार्य वातावरण बनाना शामिल है जो कर्मचारियों को दूरस्थ रूप से और साइट पर काम करने की अनुमति देता है। एक संक्षिप्त डिजाइन के रूप में, यह एक चुनौती है और इस प्रकार एक संरचित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

पहला कदम अपने कार्यबल की जरूरतों का आकलन करना है, जिसमें उनकी कार्यशैली, प्राथमिकताएं और नौकरी की आवश्यकताएं शामिल हैं। वरिष्ठ नेताओं के साथ एक-से-एक साक्षात्कार, ऑनलाइन सर्वेक्षण, और मौजूदा कार्यस्थलों से रीयल-टाइम ऑक्यूपेंसी डेटा बेसलाइन स्थापित करने में मदद करेगा।

दूसरा चरण आपकी तकनीकी संरचना का मूल्यांकन करना है। एक हाइब्रिड कार्यस्थल प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिसमें संचार उपकरण, सहयोग सॉफ्टवेयर और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम शामिल हैं। मूल्यांकन के बाद, हमें एक अंतराल विश्लेषण करने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि प्रस्तावित नई प्रौद्योगिकी अवसंरचना दूरस्थ और ऑन-साइट कार्य का समर्थन करने के लिए पर्याप्त मजबूत है।



एक बार उपरोक्त हो जाने के बाद, डिज़ाइनर अपनी डिज़ाइन थिंकिंग प्रक्रिया शुरू करने के लिए तैयार होता है। हाइब्रिड ऑफिस स्पेस डिजाइन करते समय कुछ दृष्टिकोण जो डिजाइनर के लिए काम कर सकते हैं, वे इस प्रकार हैं :

अधिक लचीला कार्य वातावरण बनाने के लिए अपने भौतिक कार्यालय स्थान को फिर से डिज़ाइन करें जो दूरस्थ और ऑन-साइट कार्य का समर्थन करता है। इसमें लचीले काम के फर्नीचर का सचेत चयन शामिल हो सकता है, जिसे विभिन्न कार्य वातावरणों, अलग करने योग्य विभाजन प्रणालियों, औपचारिक और अनौपचारिक बैठक स्थानों और शांत स्थानों के लिए पुनर्व्यवस्थित किया जा सकता है।

आज, यह समझना आवश्यक है कि कार्यालय का उद्देश्य नाटकीय रूप से बदल गया है-तदनुसार, जिन स्थानों में इसका उपयोग किया जाता था, उन्हें भी विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यालय का माहौल आज सभी कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक और समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वॉलपेपर, क्यूरेटेड आर्टवर्क, डिजाइनर वर्क फर्नीचर और सजावटी प्रकाश जुड़नार का उपयोग आज डिजाइनरों को उस वांछित वास्तविकता को प्राप्त करने में मदद करता है। सर्विस्ड कार्यालयों का नया चलन नए कार्यालय डिजाइन को आतिथ्य डिजाइन सिद्धांतों से दृढ़ता से प्रभावित होने के लिए मजबूर कर रहा है।

जब हम उपरोक्त सभी कार्य करते हैं, तो आइए हम जल्द ही होने वाले आसन्न जलवायु परिवर्तन व्यवधान को याद करें। इस प्रकार ऊर्जा दक्षता और तंदुरूस्ती को आज डिजाइनरों के लिए डिफ़ॉल्ट गोलपोस्ट होने की आवश्यकता है - उन पहलुओं पर कोई समझौता नहीं।

अंत में, कृपया अपने हाइब्रिड कार्यक्षेत्र की प्रभावशीलता का लगातार मूल्यांकन करें और आवश्यकतानुसार समायोजित करें। कर्मचारियों से प्रतिक्रिया प्राप्त करें और उनके इनपुट के आधार पर बदलाव करें। उपरोक्त चरणों का पालन करके, आप शारीरिक रूप से एक मिश्रित कार्यस्थल बना सकते हैं जो लचीला, उत्पादक और आपके कर्मचारियों की आवश्यकताओं का समर्थन करने वाला हो। हालांकि, भौतिक निष्पादन के अलावा, कुछ प्रबंधकीय पहलुओं को इस परिवर्तन प्रबंधन का हिस्सा बनने की आवश्यकता है।

हाइब्रिड वर्कप्लेस का एक प्रमुख पहलू कर्मचारियों के लिए समर्पित वर्कस्टेशन नहीं होना है। कर्मचारियों को समायोजित करने के लिए यह एक बड़ा बदलाव हो सकता है। कृपया काम के घंटे, संचार और उत्पादकता अपेक्षाओं सहित दूरस्थ कार्य के आसपास स्पष्ट नीतियां स्थापित करें। संगठनों को आज की नई वास्तविकता के प्रति जागरूक होना चाहिए और उसी के अनुसार अपने डिजाइन ब्रीफ को स्थापित करना चाहिए। डिजाइन और परियोजना पेशेवरों को अपने ग्राहकों को समाधान की सिफारिश करने से पहले सभी लेंसों के माध्यम से कार्यक्षेत्र को देखना चाहिए

## आप की बात

### मन की सुंदरता

**अक्सर** लोगों को एक दूसरे के बारे में गलत बोलना अच्छा लगता है। शायद उनकी आदत होती है या उन्हें ये सब बोलकर अच्छा महसूस होता है। लेकिन जिस इंसान का दिल ही अंदर से कठोर और ईर्ष्या से भरा हो वो इंसान दूसरे की अच्छाई को कभी नही पहचान सकता। हम इंसानों के बारे में अच्छा नही सोच सकते तो हम ये उम्मीद ही क्यों करें कि हम जानवरों से भी उतना लगाव रखेंगे। दिखावट की दुनिया ने समाज को और पीछे धकेला है। लोगों को लगता है दिखावट ही सब कुछ है पर अगर आप मन से सुंदर नहीं तो आपके अंदर सिर्फ दूसरों की कमियों की खोज करना जारी रहेगा। हमें ये छोटी-छोटी बात समझना होगा कि हमारे लिए क्या सही है क्या गलत। अगर आप दूसरों की बुराई कर खुद को महान बताते हैं तो इस सोच को खत्म करना होगा। हर इंसान में अपनी-अपनी खूबियां छिपी है। अपने मन को हर स्थिति में सुंदर रखने और सकारात्मक सोचने से जीवन पर पड़ रहा बोझ घटेगा। हमें सोचना चाहिए कि परमपिता परमात्मा ने यह दुनिया कितनी विविधतापूर्ण बनाई है तथा इसमें मनुष्य एवं जीव-जंतुओं के लिए उपयुक्त आहार की व्यवस्था की है। इस प्रकार प्रकृति से प्रेम एक प्रकार से ईश्वर से प्रेम भी है।

-**सृष्टि मौर्य**, फरीदाबाद

### विश्व आटिज्म दिवस

**2 अप्रैल** को श्विश्व ऑटिज्म-आत्मकेंद्रित स्वलीनता- जागरूकता दिवस है। वास्तव में, यह एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी या मानव मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार व संपर्क को प्रभावित करता है। इससे प्रभावित व्यक्ति एक ही काम को बार-बार दुहराता है। इसके लक्षण जन्म से या बाल्यावस्था के प्रथम तीन वर्षों में ही नज़र आने लगते है। इससे व्यक्ति की सामाजिक कुशलता और संप्रेषण क्षमता पर बहुत विपरीत प्रभाव डालता है। जिन बच्चों में यह रोग होता है उनका विकास अन्य बच्चों से असामान्य होता है। इसकी वजह से बच्चों या ग्रसित व्यक्ति के न्यूरोसिस्टम पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस की घोषणा 2 अप्रैल, 2007 में थी ताकि ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों और बड़ों के जीवन में सुधार के कदम उठाए जा सकें। ऑटिज़्म महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में अधिक देखने को मिला है। प्रत्येक 66 भारतीय बच्चों में से एक ऑटिस्टिक है। जागरूकता ही ऑटिज्म का सबसे अच्छा इलाज है। सरकार, स्वयंसेवी संस्थाओं व आम जनता का परसपर सहयोग जरूरी है।

-**सुनील कुमार महला**, पटियाला

### भ्रष्टाचार-विरोध

**खबर** है कि 1400 आईएएस अधिकारियों ने पिछले 11 साल से अपनी आय व संपत्ति से संबंधित ब्योरा नहीं दिया। ऐसा करने वाले देशभर के सभी राज्यों के उच्च अधिकारियों की संख्या इससे कई गुना अधिक होगी। हालांकि, सरकार समय-समय पर भ्रष्टाचार से निपटने की सख्त चेतावनी देती रहती है। मगर लगता है कि इनका कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों पर असर नहीं पड़ता है। भ्रष्ट तत्वों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके लिए जनता भी कम दोषी नहीं है। अब तो ऑनलाइन भ्रष्टाचार की शिकायत की जा सकती है जिस पर तत्काल कार्यवाही भी होती है। लेकिन मुट्ठी भर लोग ही इस बारे में शिकायत करते हैं। हालांकि, संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ताओं पर दबाव डालकर शिकायत वापस लेने को मजबूर कर सकते हैं। यदि सरकार बड़े पैमाने पर ऐसे अनुशासनहीन व भ्रष्ट अधिकारियों पर स्वत: कार्रवाई करे तो जनता में भ्रष्टाचार-विरोधी माहौल और मजबूत होगा तथा शिकायत करने वालों की संख्या भी काफी बढ़ जाएगी।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** के गरीब, मध्यम वर्ग, आदिवासी, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग समेत हर भारतीय आज मोदी का सुरक्षा कवच बना हुआ है।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**शत** प्रतिशत साक्षरता प्रदेश के लिए एक बड़ी पूंजी होगी। आने वाले समय में इस अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

- **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**भारत** का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है।

- **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

# स्थानीय निकायों पर जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लेना हैः भूपेन्द्र चौधरी

## ● अभियानों को सफल बनाने के लिए 4 व 5 अप्रैल को क्षेत्रीय स्तर पर होगी बैठक




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय जनता पार्टी** किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश की एक बैठक आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी जी उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का शक्तिशाली मोर्चा है जो किसानों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करता है और सरकार के किसान कल्याणकारी योजनाओं को लेकर किसानों के बीच जाता है। आगामी समय में स्थानीय निकाय का चुनाव उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को परिश्रम करके सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयश्री मिले यह संकल्प लेना चाहिए हम सभी लोगों का यह प्रयास होना चाहिए कि किसान चाहे गांव में रहता हो या शहर में उससे सम्पर्क, संवाद करके अपने पक्ष में खड़ा करना चाहिए। भाजपा प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर एवं संगठनात्मक स्तर पर स्थानीय भाजपा के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करके प्रभावी कार्य योजना किसान मोर्चा को बनानी चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर सभी से व्यापक जनसम्पर्क करें। किसान सम्पर्क, किसान संवाद तथा किसानों से संबध बनाकर हम प्रभावी रूप से स्थानीय निकाय चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते है।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आगे कहा कि 2014 से केन्द्र में कार्य कर रही मोदी सरकार तथा 2017 से उत्तर प्रदेश में कार्य कर रही योगी सरकार देश के आजादी के बाद किसानों के हितों में सबसे अधिक फैसलें किये हैं। हम सभी लोगों को मिलकर उन योजनाओं को आम किसानों तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। स्थानीय निकाय चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव के पहले हो रहा है इसलिए हम लोगों का उत्तरदायित्व और बढ़ जाता है। हम सभी लोग मिलकर कठोर परिश्रम करके सभी स्थानीय निकायों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित हो यह संकल्प लेना चाहिए।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती तक भारतीय जनता पार्टी सम्पूर्ण देश में सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मना रही है। इन सभी कार्यक्रमों में किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ता अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे, जबकि 9 अप्रैल को किसान मोर्चा विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के सभी ब्लाक केन्द्रों पर किसानों का एक वृहद किसान सम्मेलन तथा पद यात्रा का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें प्राकृतिक खेती तथा श्रीअन्न को लेकर जन.जागरण अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी के लिए किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ता नगरीय क्षेत्रों में जो गांव जोडे गए हैं वहां व्यापक जनसम्पर्क तथा स्थानीय निकाय स्तर पर बडे बडे किसान सम्मेलन आयोजित करेंगे। 30 अप्रैल 2023 को प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां एपिसोड है इस प्रसारण को किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर मन की बात किसानों के साथ सुनेंगे। कामेश्वर सिंह ने कहा कि इन सभी अभियानों को सफल बनाने हेतु आगामी 4 व 5 अप्रैल को क्षेत्रीय स्तर पर बैठक कर कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया जाएगा।

बैठक को भाजपा के प्रदेश महामंत्री तथा किसान मोर्चा के सह प्रभारी श्री संजय राय जी तथा भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम प्रभारीए भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने भी सम्बोधित किया। बैठक का संचालन मोर्चे के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल ने किया। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्षए मीडियाए सोशल मीडिया रिसर्च एवं पॉलिसी तथा प्राकृतिक खेती एवं श्रीअन्न अभियान के पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल सिंह ने बतायी।

# किसानों को कृषि निवेश अनुदान राहत प्रदान की जाएः मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न जनपदों में ओलावृष्टि, वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान राहत प्रदान करने के लिए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2023 से 02 अप्रैल 2023 के मध्य राज्य के 10 जनपद. फतेहपुर, पीलीभीत, बरेली, सीतापुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, सोनभद, हमीरपुर, सम्भल तथा उन्नाव ओलावृष्टि, वर्षा से प्रभावित हुए हैं। ओलावृष्टि, वर्षा से प्रभावित जनपदों में फसल क्षति का प्लॉटवार आकलन कराया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार 15 मार्च 2023 से अब तक हुए सर्वे में प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से 11 जनपदों.फ्तेहपुर में 5026 किसानों का 1343 हेक्टेयर, आगरा में 4738 किसानों का 2804.15 हेक्टेयर,ए बरेली में 3090 किसानों का 559 हेक्टेयर, चन्दौली में 11265 किसानों का 2986.81 हेक्टेयर, हमीरपुर में 396 किसानों का 271.83 हेक्टेयरए झांसी में 205 किसानों का 145 हेक्टेयर, ललितपुर में 7380 किसानों का 6216.23 हेक्टेयर, प्रयागराज में 9252 किसानों का 4448.20 हेक्टेयर, उन्नाव में 5505 किसानों का 2801 हेक्टेयर, वाराणसी में 58393 किसानों का 13112 हेक्टेयर तथा लखीमपुर खीरी में 2273 किसानों का 792.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफ्ल प्रभावित हुआ है। इस प्रकारए 11 जनपदों में कुल 01 लाख 07 हजार 523 किसानों का कुल 35480.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफ्ल प्रभावित हुआ है।

# सरकार की नीतियों से लाभान्वित हो रहा चीनी उद्योगः आयुक्त

## ● मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल में आसवनी की स्थापना के प्रस्ताव पर लगाई गई मुहर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य चीनी** निगम लि. की मोहिउद्दीनपुर इकाई मेरठ में बी हैवी शीरे पर आधारित 60 केएलपीडी क्षमता की आसवनी की स्थापना के प्रस्ताव को मंत्री परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना की स्थापना से क्षेत्रीय किसानों को गन्ना मूल्य का समय से भुगतान होने से मिल क्षेत्र के लगभग 35000 किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे, मिल परिसर के निकटवर्ती परिधि में आने वाले क्षेत्रीय जनसामान्य की वित्तीय स्थिति सुदृढ होगी, जिससे उनका सामाजिक स्तर बेहतर होगा तथा आत्मनिर्भरता आयेगी। मिल क्षेत्र में आने वाले जन.सामान्य एवं युवाओं के लिये 200 प्रत्यक्ष एवं 1000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सुनिश्चित होंगे।

आसवनी परियोजना के तकनीकि पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि यह आसवनी आधुनिकतम उपलब्ध तकनीकी पर आधारित है, जिसमें जीरो लिक्विड डिस्चार्ज एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण से सम्बन्धित आधुनिक संयत्र की स्थापना की जा रही है। उन्होंने भारत सरकार एवं राज्य सरकार को परियोजना की स्थापना से होने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि इस परियोजना की स्थापना होने से भारत सरकार की नीति के अनुसार एथेनॉल बलेंडिंग कार्यक्रम सुगम होगा तथा एथेनॉल आदि के विक्रय से चीनी मिल को आय होगी वहीं राज्य सरकार तथा भारत सरकार को राजस्व के रूप में प्रतिवर्ष लगभग 700 लाख रुपए की अतिरिक्त आय होगी। इससे विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। एथेनॉल जैव ईधन एवं इको फ्रैंडली ईंधन है तथा इसके प्रयोग से कार्बन मोनो ऑक्साईड का कम उत्सर्जन होगाए किसानों की आय को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषणकारी पैट्रोलियम पर निर्भरता कम होगी तथा यह हमारे पर्यावरण के लिये भी सुरक्षित है।

# सपा अपने सहयोगियों के साथ वाता कर लड़ेगी निकाय चुनाव

## ● जनता भाजपा को सिखाएगी सबकः अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ बातचीत कर चुनाव लड़ेगी। निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी का भाजपा से सीधा मुकाबला है। यादव ने कहा कि भाजपा ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया है। नगरों में कूड़ा भरा पड़ा है। नालियों में गन्दगी है। सफाई नहीं है। सफाई न होने से नगरों में बड़े पैमाने पर डेंगू फैला। व्यापारी परेशान है। नगर निकाय चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। दवाओं से लेकर खाने पीने की सब चीजों के दाम बढ़ गए हैं। बढ़ी महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए नए.नए मुद्दे लाती है। एक अप्रैल से दवाइयां महंगी हो गयी। इलाज महंगा हो गया। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पताल में दवाएं नहीं हैं। बेरोजगारी के मामले में भाजपा झूठ बोलती है। यूपी की नकली ग्रोथ रेट दिखाती है। झूठ को सच दिखाने के लिए 200 करोड़ रूपये खर्च कर अमेरिकी एजेंसी की मदद ली जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों की फसल तबाह हो गयी। किसान बर्बाद हो गया। भाजपा ने फसल बीमा का प्रचार किया था लेकिन आज किसानों को कुछ नहीं मिल रहा है। भाजपा ने बीमा कम्पनियों का मुनाफा कराया लेकिन किसान की मदद नहीं हुई। आलू किसान बर्बाद हो गया।

किसान को लागत भी नहीं मिल पा रही है। भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। महंगाई बढ़ा रही है। नौजवानों को बेरोजगार बना रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सिर्फ बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों की मदद करती है किसानों, नौजवानों की मदद नहीं करती है। भाजपा ने अपने एक उद्योगपति मित्र को सरकारी संस्थाओं से पैसा दिलवाकर दुनिया में नम्बर दो बनाया था। लेकिन एक रिपोर्ट आते ही उद्योगपति की पोल खुल गयी और उसकी कम्पनियां डूबने लगी। कम्पनी में लगाया गया सरकारी संस्थाओं का पैसा डूब रहा है। भाजपा सरकार जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी है। भाजपा ने पुलिस और अधिकारियों को भ्रष्टाचार की खुली छूट दे रखी है। भ्रष्टाचार से सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों की आय दोगुनी हो गयी है। किसान और आम जनता की आय घटती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास गेहूं खरीद की कोई तैयारी नहीं है। न बोरा है और न अन्य इंतजाम। किसानों के धान, आलू की खरीद नहीं हुई, अब गेहूं के साथ भी वही हाल होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो गयी है। जब से भाजपा सरकार आयी है। डायबटीज, हार्ट अटैकए कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियां तेजी से फैली है। बढ़ती बीमारियों के रोकथाम और उनके इलाज के लिए व्यवस्थाएं नहीं है फि्र भी भाजपा लम्बी.चौड़ी हांकने से बाज नहीं आ रही है।

# 1500 पुरानी बसे नीलामी के लिए की गईं बाहर

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि माह सितम्बर 2022 से मार्च 2023 तक कुल 1500 पुरानी बसे फ्लीट से नीलामी हेतु अलग की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की नई स्क्रेपिंग पॉलिसी के अन्तरर्गत 247 बसें 15 वर्ष या अधिक की थीं, को नीलाम हेतु फ्लीट से अलग किया जा चुका है। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम द्वारा यह 15 वर्ष या अधिक की बसें भारत सरकार की नोडल संस्था भी कहा जा सकता है उन्होंने बताया कि स्क्रेपिंग सेंटर में नीलाम की जाने वाली बस प्राप्त होने के उपरांत सर्टिफिकेट ऑफ डिपाजिट मिलेगा, जिसको प्रस्तुत करने पर परीवहन निगम या अन्य किसी राजकीय संस्था या अन्य वाहन स्वामियों जिसके वाहन नीलाम हो रहे हैंएको नई बस या वाहन क्रय करने पर रोड टैक्स में छूट मिलेगी। मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस स्क्रेपिंग पॉलिसी से सर्कुलर अर्थव्यवस्था को विकास की गति मिलेगी। साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषण मुक्त होगा।

# गेस्ट हाउस कांड न होता तो सपा-बसपा का गठबंधन देश पर राज करताः मायावती

## ● निकाय चुनाव तक संगठन के सभी कार्यों को स्थगित करने के निर्देश




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** निकाय चुनाव होने से पहले बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने यूपी बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रदेश के सभी 75 जिलों के पार्टी अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सपा और भाजपा दोनों को निशाने पर रखा। सन् 1995 में गेस्ट हाऊस काण्ड न हुआ होता तो दोनों पार्टियों का गठबंधन न टूटता। सपा अगर मान्यवर कांशीराम की मिशनरी सोच के हिसाब से यूपी में गठबंधन सरकार चलाती रहती तो यह गठबंधन में कभी दरार नहीं पड़ती बल्कि यह गठबंधन देश पर राज कर रहा होता। सपा की दलित व अति पिछड़ा विरोधी संकीर्ण राजनीति तथा मुस्लिम समाज के प्रति छलावे वाले रवैयों के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका, जिसका ही लाभ आज भाजपा उठा रही है।

पार्टी कार्यालय पर समीक्षा के दौरान मायावती ने कहा कि यूपी में दिन-प्रतिदिन की विकट समस्याओं से त्रस्त करोड़ों लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए बीएसपी ही एक मात्र आशा की किरण है और इसीलिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पार्टी के लोगों को खासकर यहाँ शीघ्र ही होने वाले निकाय चुनाव में पूरे तन, मन धन से जुट जाना है ताकि आगे चलकर उनको थोड़ी राहत पहुँचाने का काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व अन्य ज़िम्मेवार लोग इस चुनाव में उम्मीद्वारों का चयन काफी सोच-समझकर करें तथा उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दें, जो निजी स्वार्थ लाभ में डूबे रहने के बजाय, अपने क्षेत्र के लोगों के हित व कल्याण तथा क्षेत्र के विकास में रूचि रखते हों ताकि उनके जीतने का लाभ आगे स्थानीय लोगों को मिलना सुनिश्चित हो सके। यूपी में निकाय चुनाव को पूरी गंभीरता से लेकर और उस पर पूरा-पूरा ध्यान केन्द्रित करने का दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने पार्टी संगठन के कार्यों को निकाय चुनाव की समाप्ति तक स्थगित करने का निर्देश दिया। भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वैसे तो शहर ज्यादातर सुविधाविहीन हैं व इनकी दुदर्शा है, किन्तु कागजों पर, घोषणाओं व बयानबाजी आदि में वे 'स्मार्ट सिटी' कहला रहे हैं तथा महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि के कारण गाँवों के हालात आमतौर से काफी खराब हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सब कुछ ठेका-ठेका पर अस्थाई कर दिए जाने से इस ठेकाप्रथा के कारण स्थाई नौकरी अब लोगों के लिए दूर का सपना है। इस सरकार में वास्तविक विकास अगर किसी का हुआ है तो वह मुटठीभर सत्ताधारी लोगों का हुआ है, जो लोग कानून के ऊपर हैं तथा जिनके लिए कानून के राज जैसे अनुशासन का कोई मतलब नहीं है और यह सब जगजाहिर है। मायावती ने कहा कि वैसे तो सपा का दलित विरोधी चाल, चरित्र व चेहरा किसी से भी छिपा हुआ नहीं है, जिस कारण ही इन्होंने संसंद में प्रमोशन में आरक्षण का विधेयक फाड़ डाला था तथा इस दलित विरोधी व्यवस्था को यहाँ यूपी में बिना उचित सोच-विचार के लागू करके सरकारी कर्मचारियों को अघात पहुँचाया और साथ ही जिस प्रकार से सपा के शासनकाल में महान दलित संतों, गुरुओं व महापुरुषों विरोधी कार्य जातिगत द्वेष के कारण किए गए यह किसी से छिपा नहीं हैं, जिसके लिए उस पार्टी को कभी भी माफ नहीं किया जा सकता है।

# हज आवेदकों का किया चयन, सात अप्रैल तक प्रथम किशत करें जमा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हज सत्र 2023** हेतु 26786 हज आवेदकों का चयन हो गया है। सभी आवेदकों को उनके चयन की सूचना कवर हेड के रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। सभी चयनित हज आवेदकों को हज खर्च हेतु प्रथम किश्त के रुप में रु0 81,800 रु0 इक्यासी हज़ार आठ सौद्ध की धनराशि 07 अप्रैल, 2023 तक हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के स्टेट बैंक व यूनियन बैंक में संचालित खाते के माध्यम से पे.इन.स्लिप हज कमेटी ऑफ इण्डियाए मुम्बई की वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने उपरान्त स्टेट बैंक ऑफ इण्डियाध्यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की किसी भी शाखा पर कोर बैंकिंग के माध्यम सेए स्टेट बैंक ऑफ इण्डियाध्यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की किसी भी शाखा के चेक द्वारा उसी बैंक में जमा की जा सकती है। हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध है।

आनलाइन भुगतानध्उक्त माध्यमों से भुगतान करने हेतु आवश्यक होगा कि बैंक पे.इन.स्लिप पर हज कमेटी ऑफ इण्डियाए मुम्बई द्वारा आवंटित बैंक रिफरेंस नम्बर अवश्य डाल दें अन्यथा आवेदनकर्ता की धनराशि दूसरे के खाते में चली जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदनकर्ता का होगा।

आनलाइन आवेदन फार्म की हार्डकापी घोषणा पत्र सहित, मूल अर्न्तराष्ट्रीय पासपोर्ट जिसके पीछे पासपोर्ट साइज़ का एक फोटो चस्पा कर अपना कवर नम्बर अंकित करने उपरान्त, मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट के साथ सचिव, उप्र राज्य हज समिति, 10ए, विधान सभा मार्ग लखनऊ के कार्यालय को दस्ती, डाक द्वारा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। समस्त चयनित यात्रियों को ज़िला स्तर पर मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फ्टिनेस सार्टिफिकेट उपलब्ध कराये जाने हेतु सभी जनपदों के सीएमओ, डीएम को निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। चयनित यात्री मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा ज़िलें में निर्धारित किये गये चिकित्सा कैम्प पर उपस्थित होकर जाँच उपरान्त मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त कर लें।

# कांग्रेस करेगी 'जय भारत सत्याग्रह' व उपवास का आयोजन




**लखनऊ।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस मोदी अडानी गठजोड़ द्वारा जनता की गाढ़ी कमाई की लूट के मुद्दे को लेकर काफी मुखर है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े कार्पोरेट घोटाले को लेकर राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की नीति और नीयत के खिलाफ लगातार सवाल उठा रही है। अप्रैल माह के अंत में प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में लाखों की भीड़ जुटाकर वृहद स्तर पर 'जय भारत सत्याग्रह' कार्यक्रम करेगी जिसमें नेतागण एक दिन का उपवास भी रखेंगे। इस राज्य स्तरीय आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय कैबिनेट मंत्रीगण शामिल होंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी की आनन-फानन में समाप्त की गई संसद सदस्यता और राष्ट्रीय सम्पत्ति की भयंकर लूट के प्रकरण पर अत्यन्त आक्रोशित हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता इन मुद्दों पर एकजुट होकर भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ व्यापक रणनीति के साथ आर.पार का आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस परिपेक्ष्य में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, प्रदीप नरवाल की उपस्थिति में सभी प्रांतीय अध्यक्ष गण क्रमशः पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, योगेश दीक्षित, अनिल यादव ने प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ व्यापक विचार.विमर्श कर पूरे अप्रैल माह भर सत्य मेव जयते की टैग लाइन के साथ जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम पर व्यापक रणनीति के साथ जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठ नेताओंए पूर्व सांसद विधायकए फ्रंटल संगठनोंए विभागों और प्रकोष्ठों के नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ.साथ सिविल सोसाइटी के वरिष्ठजनों को प्रमुखता से शामिल कर मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 38 लाख की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के आशियाना इलाके में थल सेना से सेवानिवृत्त केशव राम के बेटे को सचिवालय में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 38-50 लाख रुपये जालसाज द्वारा ठग लिये गये। नौकरी न मिलने पर जब पीड़ित ने दिये हुए पैसों की मांग की तो कुछ पैसा वापस किया और अब लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने थक हार कर आशियाना में ठगी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आशियाना के सेक्टर ओ एलडीए कॉलोनी निवासी केशव राम के अनुसार कुछ वक्त पहले पत्नी मालती चौहान की आलमबाग के पवन मिश्र से जान पहचान हो गई थी। पवन ने ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए बेटे राहुल राज को यूपीपीसीएल और सचिवालय में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके एवज में मालती से 51 लाख रुपये ऐंठ लिए। तय समय पर जब नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने पवन से रकम वापस मांगी। पवन ने किसी तरह 12-5 लाख रुपये लौटाया और बाकी 38-50 लाख हड़प लिए। बाकी रकम वापस मांगने पर पवन धमकाने लगा। मालती की इस बीच 20 अप्रैल 2021 को मौत हो गई। केशव राम ने पवन से संपर्क कर बाकी रुपये वापस मांगने का प्रयास किया तो उनको भी धमकाना शुरु कर दिया। आजिज आकर पीड़ित ने केश दर्ज करा दिया है।

# कृषि के क्षेत्र में अब यूपी का विदेशों में भी हो रहा नामः दिनेश प्रताप

## ● आलू उत्पादन, भंडारण एवं विपणन निर्यात के लिए सरकार दे रही सहायता




**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपण एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार के प्रयासों और कृषि उत्पादन आयुक्त की लगन के कारण कृषि के क्षेत्र में अब यूपी का विदेशों में भी नाम हो रहा है। गल्फ कंट्रीज़ में यहां के आलू और तमाम तरह की फ्सलों की डिमांड हो रही हैए इस कारण अब निर्यात बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जरूरत है कि आधुनिक तकनीक के जरिए हम ज्यादा से ज्यादा विदेशों में व्यापार कर सकें। प्रदेश के आलू उत्पादकों को आलू उत्पादन, भंडारण एवं विपणन.निर्यात के लिए सरकार सहायता दे रही है। मंत्री ने यह बात रविवार को आगरा जनपद में इंटरनेशनल बायर सेलर मीट के आयोजन पर कही। केंद्र सरकार में मंत्री प्रो. एस पी सिंह बघेल और कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, विषेश सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण योगेश कुमार तथा निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण आरके तोमर उपस्थित रहे। इस इंटरनेशनल बायर सेलर मीट में लूलू ग्रुप के डायरेक्टर सलीम जी और अबु धाबी से आए विदेशी मेहमान और तमाम किसान भी शामिल हुए।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज हमारे देश में उद्यान फ्सलों में आलूए आम केला, हरी मिर्च, सब्जी मटर भिंडी, शहद के उत्पादन में उप्र से अत्यधिक मात्रा में होता है। औद्यानिक फ्सल करने वाले किसानों को अब उनकी उपज का निर्यात देश के साथ, विदेशों में होने से आय में वृद्धि होगी। बागवानी विकास के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार आलू की अच्छी प्रजातियों के लिए 02 सेंटर ऑफएक्सीलेंस (हापुड़ और कुशीनगर) में बनाया जा रहा है। इस वर्ष आलू भंडारण के लिए सरकार ने शीतगृहों से भंडारण शुल्क नहीं बढ़ाए जाने को कहा था, जिस कारण शीतगृह एसोसिएशन के माध्यम से भाड़ा नहीं बढ़ाया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के जरिए तकनीक में आई खूबियों के विषय में जानकारी दी। प्रजेंटेशन के जरिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों और फ्सलों के उत्पादन की तकनीक में आए सुधार को बखूबी समझाया। आधुनिक तकनीक की वजह से फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बल मिला है। इस क्षेत्र में किसानों और उत्पादन कर्ताओं के लिए लोन और सब्सिडी के बारे में भी बताया। कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा प्रदेश में बागवानी विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारत में प्रदेश के आम, केला, आंवला, अमरूद, आलू, शहद आदि में प्रथम स्थान है। औद्योगिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 जारी की गई हैए जिसके द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिए गए हैं। बायर.सेलर मीट में एक्सपोर्ट पोटेन्शियल फ्राम उत्तर प्रदेश, पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप, टू स्केल मॉडर्न डिजिटल एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इन द स्टेटए मार्केट इन्टरवेन्शन फॉर बेटर प्राइस विषयों पर तीन सेशन का आयोजन किया जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 3 अप्रैल 2023



# कार्यकर्ताओं से बनती है सरकार: सांसद

## ● निगोही में बूथ सत्यापन कार्यशाला का हुआ आयोजन



**शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी बृजबहादुर की अध्यक्षता में बूथ सत्यापन कार्यशाला का आयोजन विकास खंड सभागार निगोही में किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी बृजबहादुर और सांसद अरूण कुमार सागर आदि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यशाला में जिला प्रभारी बृजबहादुर ने बूथ समितियों का सत्यापन किया और बूथ सत्यापित किए। साथ ही जो बूथ सक्रिय नहीं थे, उन बूथों की मजबूती के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को टिप्स भी बताए। सांसद अरूण कुमार सागर ने भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में करें। कहा कि भाजपा के पास समर्पित कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या है, जिनके परिश्रम से भाजपा चुनाव लड़ती है। बूथ पर कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से ही बूथ विजय का मार्ग प्रशस्त होता है। कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने किया। इस मौके पर तिलहर-निगोही विधायक सलोना कुशवाहा, निगोही ब्लाक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, रजनी सिंह आदि सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में बहुत बढ़ा विश्वकर्मा समाज का सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया हमारे द्वारा तमाम ज्ञापनों के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के 16 करोड़ विश्वकर्मा भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों अति पिछड़े अति दलित ऐसी 50 जातियों के लोगों 35लाख ग्राम पंचायत सद्स्यों की दीन दशा पर विचार विमर्श करके उत्तर प्रदेश में आईपीएस राजकुमार विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश का पुलिस महानिदेशक बनाया व वाराणसी के भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान परिषद सदस्य बनाया। मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विश्वकर्मा सम्मान योजना और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्माए हंसराज विश्वकर्मा को एमएलसी, रामचंद्र जांगड़ा राज्यसभा सांसद बनाकर विश्वकर्मा समाज का पूरे देश में गौरव बढ़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग करते हुए मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा की राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री व उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाया जाए एवं विश्वकर्मा जाति के बढ़ई एलोहार एसुनार ए ठठेरा शिल्पी के नाम पर जो सीधी भर्ती पुलिस सभी विभागों में की जाती हैं। वो भर्ती मोदी योगी सरकार जाति के आधार पर सुनिश्चित कराएं ।

# टीबी को खत्म करने के लिए सामाजिक दृष्टिकोण की आवश्यकता: सांसद



**शाहजहांपुर।** सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया आज विकासखंड खुटार के गांव नवदिया मनकंठ पहुंचे। जहां मा. सांसद, गोद दिए गए टीवी मरीज श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री रामरहीस के घर पहुंचे। जहां सांसद जी ने श्रीमती रेखा देवी जी का कुशलक्षेम जाना तथा उनको अंग वस्त्र एवं पुष्टाहार सामग्री वितरित की। इस दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि ष्प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान मा. प्रधानमंत्री की नागरिक-केंद्रित नीतियों का विस्तार हैष्। सांसद जी ने इस बात पर जोर दिया कि 360-डिग्री दृष्टिकोण भारत में टीबी उन्मूलन की आधारशिला है और देखा कि 2025 तक टीबी को खत्म करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक सामाजिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो सभी पृष्ठभूमि के लोगों को एक जन आंदोलन में शामिल करे। सबका साथ-सबका विकास के साथ ही अगर सबका विश्वास हो तो भारत बड़े से बड़े लक्ष्य को पार कर सकता है। इसी सूत्र के साथ अब भारत ने देश से टीबी की बीमारी को हराने का संकल्प लिया है, और 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान साथ में मनोज त्रिवेदी बीडीसी, सुरेश वर्मा भाजपा नगर उपाध्यक्ष, मुनीष तिवारी, पप्पू यादव, राम लड़ैते मौर्या, विकास गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम अतिथियों ने सराहा

## ● शिक्षक सम्मान और छात्र अलंकरण समारोह आयोजित

**सीतापुर।** वीओ-वैसे तो समाज में गुरू का दर्जा सबसे ऊंचा है। गुरू की बलिहारी को दुनिया की सबसे बड़ी नेमत बताया गया है। लिहाजा गुरूजनों को सम्मान मिलना कोई विशेष बात नहीं है, लेकिन गुरूजनों में ही एक ऐसा तबका है जो काफी कम पैसों में घर-घर जाकर शिक्षा देता है लेकिन इनके योगदान की कभी कहीं कोई चर्चा तक नही होती। महोली नगर स्थित शक्ति लर्निंग टैम्पिल स्कूल के प्रबंधन द्वारा ऐसे गुरूजनों को सम्मानित कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तु किया गया है। मौका विद्यालय में आयोजित शिक्षक सम्मान और छात्र अलंकरण समारोह का था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बैरिस्टर मुख्य अतिथि के रूप में तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। छात्रा अंशिका शुक्ला ने दुर्गा स्तुति पर कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। स्थानीय चित्रकार कृष्णम शुक्ला ने मुख्य अतिथि को अपने द्वारा बनाया गया भगवान कृष्ण के बाल रूप का चित्र भेंट किया। कृष्णम शुक्ला अपनी चित्रकला को लेकर कई बार बड़े-बड़े मंचों पर भी सम्मानित हो चुके है। अतिथियों द्वारा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरण कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वालों को पुरस्कृत किया। समापन स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत हास्य नाटक और कव्वाली से हुआ। विद्यालय के संस्थापक देवेन्द्र मिश्र द्वारा गौसेवक हिमांशू त्रिवेदी, विकास शुक्ला घरो में ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक सुरेन्द्र मिश्रा, अखिलेश, रघुराज, सुरेन्द्र तिवारी, स्वाती गुप्ता, सूरज शुक्ला, विपिन गुप्ता, विनोद, उत्तम गुप्ता, अनुज और लेखराज आदि को विख्यात साहित्यकार को रमाकांत पाण्डेय अकेला द्वारा हस्त लिखित पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पियूष मिश्रा, नीरज गुप्ता, सुधीर दीक्षित, पियूष गुप्ता आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित आचार्य राज कुमार तिवारी, सुमन पाण्डेय व कल्याण सिंह आदि तमाम छात्रा-छात्राएं व अभिभावक और गणमान्य उपस्थित रहे।

## खेत पर गए किसान की हत्या पड़ोसी पर लगाया आरोप

**बरेली।** रात के समय खेत में पानी लगाने गए एक किसान की लाश आज सुबह खेत से कुछ ही दूरी पर पाई गई मृतक के परिजनों ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। आंवला थाना क्षेत्र के गांव आसपुर निवासी 65 वर्षीय मुन्नालाल पुत्र नेतराम की लाश आज सुबह उसके खेत से कुछ ही दूरी पर पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के छोटे भाई राजेंद्र ने पड़ोस में रहने वाले हीरालाल पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि मुन्नालाल को कुछ समय पहले गांव में ही रहने वाले तैयब ने कुछ जमीन दी थी लेकिन इस जमीन को हीरालाल अपनी बताता था जिसको लेकर हीरालाल और मुन्नालाल के बीच जमीनी विवाद चल रहा था और अक्सर झगड़ा होता था कल शाम को मुन्नालाल खेत में ट्यूबवेल से पानी लगाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन वह रात में वापस नहीं लौटे घरवालों ने सोचा कि वह खेत पर ही सोए होंगे लेकिन जब सुबह होने पर भी घर नहीं आए तो घर के लोग उन्हें देखने के लिए खेत पर गए लेकिन उन्हें मुन्ना लाल की लाश खेत के पास ही जमीन पर पड़ी मिली उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# कार डिवाइडर से टकराई, बिहार के रहने वाले एमबीबीएस छात्र की मौत

**शाहजहांपुर।** जूनियर छात्रों के साथ अयोध्या घूमकर वापस लौट रहे एमबीबीएस छात्र की कार डिवाइडर से टकरा गई। कार कई बार पलटी खाकर घिसटती चली गई। जिसमें बिहार के रहने वाले एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई। वहीं 2 छात्र घायल हो गए। जिनको लखीमपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं छात्र के शव को शाहजहांपुर के पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। सूचना मिलने के बाद छात्र के परिजन बिहार से शाहजहांपुर पहुंच गए। बेटे के शव को देखकर वो लोग बेसुध हो गए। बिहार के सिवान जिले के थाना मुफस्सिल क्षेत्र के गांव भंटा पोखर निवासी डाक्टर हरिराम पांडेय का 24 साल का बेटा प्रकाश चंद्र मुरादाबाद में मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। प्रकाश अपने दो जूनियर छात्रों के साथ तीन दिन की छुट्टी लेकर कार से अयोध्या घूमकर वापस मुरादाबाद जा रहा था। देर रात लखीमपुर के जेबीगंज क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके बाद कार कई बार पलटकर दूर घिसटती चली गई।

कार में पीछे बैठे छात्र प्रकाश चंद्र की मौके पर मौत हो गई। कार में आगे बैठे दोनों छात्र घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लखीमपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि छात्र प्रकाश के शव को शाहजहांपुर में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना मिलते ही बिहार में रहने वाले छात्र के पिता और भाई समेत तमाम परिजन शाहजहांपुर के पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

### एमबीबीएस थर्ड सेमेस्टर का एग्जाम दिया था

परिजनों के अनुसार छात्र प्रकाश चंद्र ने एमबीबीएस थर्ड सेमेस्टर का एग्जाम दिया था। एग्जाम खत्म होने के बाद छात्र ने तीन दिन की छुट्टी ली थी। कार डिवाइडर से टकराने के बाद लगभग सौ कदम तक घिसटती चली गई। जिसके बाद कार का पीछे वाला गेट खुल गया था। इसी के चलते प्रकाश चंद्र की मौत हो गई। प्रकाश एक भाई से बड़ा और दो बहनों से छोटा था।

## क्विक न्यूज

### शांति और अंहिसा का दिया गया संदेश

**सीतापुर।** भगवान महावीर जंयती के उपलक्ष्य पर शातिं और अहिंसा का संदेश दिया गया। शांति और अहिंसा का संदेश देने के लिए आयोजित रन फार पीस रन फार नान वायलेंस में जैन समाज के युवक-युवितियों के अलावा बुजुर्गो ने भी बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। सीतापुर शहर के महावीर उद्यान से प्रारम्भ हुयी दौड़ आँख अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः महावीर उद्यान पहुंच कर समाप्त हुयी। दौड़ का शुभारम्भ भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहेरोत्रा ने झंडी दिखाकर किया। दौड़ में डा0 तरुण सहगल माधुरी सेठिया, सुनील जैन, दीपांशु जैन, महवीर जैन, सीमा जैन, सरिता जैन, मंजू जैन, दीपा जैन, मुकेश जैन, ममता जैन, अनिल जैन, रश्मि जैन सहित समाज के बच्चे बुजुर्ग युवक युवतियां शामिल हुयी। माधुरी सेठिया महावीर जैन ने शांति और अहिंसा के प्रति जागरुक किया जैन समाज जिला अध्यक्ष महावीर जैन ने बताया कि महवीर जंयती पर 3 अप्रैल को महवीर पार्क से प्रातः आठ बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगें। यह यात्रा आँख अस्पताल, लालबाग पार्क होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर तक जाएगी।

### दुर्घटना में घायल तीसरे छात्र ने भी दम तोड़ा

**बरेली।** हाई स्कूल की परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार तीन छात्रों को बस ने टक्कर मार दी एक की मौके पर दूसरे ने इलाज के दौरान और तीसरे ने बीती रात जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। बहेडी थाना क्षेत्र के गांव अंबरपुर निवासी ओमप्रकाश के 14 वर्षीय बेटे पुष्पेंद्र की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि पुष्पेंद्र 16 फरवरी को हाई स्कूल की हिंदी की परीक्षा देने के लिए बहेड़ी स्थित साईं दत्ताराम धींगरा इंटर कॉलेज गया था जहां से वह परीक्षा संपन्न होने के बाद अपने दोस्त पनबडीया गांव के रहने वाले चंद्रपाल और अंबरपुर निवासी तफसीम के साथ घर लौट रहा था लेकिन अंबर पुर गांव के पास एक प्राइवेट बस में उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को देकर टक्कर मारने वाली बस और उसके चालक को रोक लिया मौके पर पहुंचीघायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक चंद्रपाल की मौत हो चुकी थी।

### ससुराल आए युवक ने ट्रेन के आगे बैठकर की आत्महत्या

**बरेली।** ससुराल आए युवक ने रात में पत्नी से यह विवाद के बाद सुबह होते ही ट्रेन के आगे बैठकर आत्महत्या कर ली। बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव खजरा निवासी दलाई के 20 वर्षीय बेटे कुलदीप ने आज सुबह फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव निवरिया के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे बैठकर आत्महत्या कर ली मृतक के परिजनों ने बताया कि कुलदीप का विवाद कुछ समय पहले निवरिया की रहने वाली उर्मिला से हुआ था और बुधवार को वह अपनी ससुराल आया था रात के समय जब शराब के नशे में था तो उसका पत्नी से विवाद हो गया इसके बाद मैं बिस्तर पर जाकर सो गया लेकिन सुबह होते ही वह बिना बताए घर से बाहर चला गया और कुछ दूरी पर ही रेलवे लाइन पर आकर बैठ गया इसी दौरान रेलवे लाइन पर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

### झोलाछाप डॉक्टर ने की आत्महत्या

**बरेली।** तनावग्रस्त चल रहे झोलाछाप डॉक्टर ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला मलूकपुर निवासी महनाज जीशान पुत्र स्वर्गीय जीशान ने बीती रात किला रेलवे फाटक पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली मृतक के परिजनों ने बताया कि जीशान बाकरगंज मे झोलाछाप डॉक्टर की दुकान पर आता था और पिछले कुछ दिनों से तनाव रस्ते चल रहा था इसी के चलते वह रात में घर से बाहर गया और ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली पता चलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बेकाबू ऑटो पलटा चालक की मौत

**बरेली।** रात के समय सवारियों को छोड़कर लौट रहा ऑटो अचानक बेकाबू होकर पलट गया जिससे उसके चालक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना आंवला निवासी 37 वर्षीय बबलू पुत्र अच्छन अहमद कि बीती रात आंवला थाना क्षेत्र में सेंधा पुल के पास हुई दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि बबलू ऑटो चलाता था और कल शाम को सवारियों को छोड़ने के लिए ऑटो लेकर बरेली आया था जहां से रात में वह घर लौट रहा था लेकिन सेंधा पुल के पास उसका ऑटो अचानक बेकाबू होकर पलट गया जिससे बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा और उसके पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी लेकिन घायल बबलू की रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जिला अस्पताल पहुंचे घरवालों ने सब की शिनाख्त कर ली।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके वालों में पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी सुनील की 21 वर्षीय पत्नी आरती की बीती रात में घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मड़वा वशीपुर निवासी राधेश्याम ने अपनी बेटी आरती का विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व सुनील से किया था जो ठेले पर खाने पीने का सामान देखता है आरती इस समय 2 साल के बेटे की मां की पति और पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था सुनील अक्सर शराब पीने के बाद पत्नी से मारपीट करता था कल शाम को भी उसने पत्नी आरती से मारपीट की थी जिसके बाद रात में किसी समय आरती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई लेकिन मायके वालों को घटना की जानकारी नहीं दी गई।

# निघासन में केंद्रीय मंत्री ने सात दिव्यांगजनों को दी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की सौगात, खिले चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**रविवार** सुबह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने तहसील व ब्लाक निघासन क्षेत्र अंतर्गत सात दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और हेलमेट का उपहार दिया। साथ ही उनका हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर दिव्यांगजन के चेहरे खुशी से खिल उठे।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने मोटराइज्ड ट्राई.साइकिल उपलब्ध कराते हुए कहा कि बैटरीचालित इस ट्राईसाइकिल से दिव्यांगजनों के जीवन में सुगमता आएगी, आवागमन में काफी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि शारीरिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें दिव्यांगता संबंधी उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। सरकार बिना भेद.भाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचाकर विकास से वंचित लोगों को भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य तेजी से कर रही है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अहम हिस्सा हैए उन्हें समाज में सम्मान से जीने का अधिकार है। उन्हें उपेक्षा महसूस न हो इसके लिए केंद्रए प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु योजनाएं संचालित की हैं ताकि वह भी जन.कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाकर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो और सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सकें। वितरण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने प्रत्येक दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल के साथ.साथ एक एक हेलमेट और लंच बॉक्स भी प्रदान किया।

# जागरुक प्रजापति महासभा ने आयोजित किया होली मिलन

## ● फ्री मेडिकल कैम्प में 150 मरीजों का स्वास्थय परीक्षण ● 39 जरुरतमंदो को दिया मुफ्त चश्मा

**सीतापुर।** जरुरतमंदो को निशुल्क चश्मा मिला तो उनके चेहरे खिल उठे इतना ही नहीं कई वृद्धजनों के नेत्रों की जाँच और स्वास्थय परीक्षण भी निशुल्क हो गया। दरअसल जागरुक प्रजापति महासभा ने होलीमिलन समारोह के साथ फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। शहर के श्याम गेस्ट हाउस में वागा हास्पिटल लखनऊ से आए डाक्टरों की टीम ने 150 वृद्धजनों के नेत्रों की जाँच की। कैम्प में 39 जरुरतमंदो को निशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। जागरुक प्रजापति महासभा के संस्थापक अध्यक्ष संतोष प्रजापति ने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर रहने की अपील की। उन्होनें कहा कि संगठन जल्द ही ईंट भट्ठा का लाईसेंस बिना किसी एन ओ सी या लाईसेंस के कुम्हार समाज को दिये जाने को लेकर आंदोलन करेगा। इस आंदोलन के जरिये कुम्हार समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने और कुम्हार समाज के माटी कला से जुड़े वृद्ध जनों को मासिक भत्ता भी देने का मांग भी उठायी जायेगी। कैम्प में समाज के शिक्षा व्यापार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बुजुर्ग नौजवान महिलाओं छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कृष्ण कुमार प्रजापति, अशोक प्रजापति, अयोध्या प्रसाद प्रजापति, राकेश प्रजापति, सरोज प्रजापति, रमेश प्रजापति, राम प्रजापति, सुरेद्रं प्रजापति, दिवाकर प्रजापति, बृजेश प्रजापति, अमित प्रजापति, अमन प्रजापति, रामदास प्रजापति, राधेश्यम प्रजापति, जगदीश प्रजापति सहित समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने हत्या का 48 घंटे के अंदर किया खुलासा



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी गणेश प्रसाद साह ने बताया की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिदायतनगर में साबिर की हुई हत्या के संबंध में सदर कोतवाली में मुकदमा लिखा गया था। पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन, ह्यूमन इंटेलीजेंस व तकनीकी सहायता के आधार पर घटना में सामिल मृतक के साले रोनक अली को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार अभियुक्त ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक जाबिर उसका रिस्ते में बहनोई था जिसका कई वर्ष पूर्व मेरी पत्नी के साथ अवैध संबंध था। रौनक काफी नाराज था। इसी बात को लेकर जब जाबिर सुबह नबाज पढ़ने जा रहा था तभी मोड़ पर रौनक ने मौका मिलते ही जाबिर की बांके से वार कर हत्या करके शव को बगल में एक अर्धनिर्मित बने मकान में डाल दिया था और में मौके से भाग गया था। हत्या की घटना का 48 घंटे के अन्दर खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बीस हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया है। पुलिस टीम में सदर कोतवाली प्रभारी चन्द्रशेखर सिंह, निरीक्षक अपराध राजेश यादव, उप निरीक्षक सुनीत कुमार, उप निरीक्षक दिनेश कुमार, उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल विजय कुमार शर्मा, कांस्टेबल हेमेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विकास यादव, कांस्टेबल शरद राज, कांस्टेबल मांगेराम, कांस्टेबल दुष्यंत यादव रहे शमिल।

## खस्ता हाल मकान का लिंटर गिरा दो भैंसों की मौत

**बरेली।** एक खस्ताहाल मकान का लिंटर आज सुबह अचानक धराशाई हो गया उसके नीचे चल रही देरी की साफ सफाई कर रही लड़की घायल हो गई दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई कई जानवर घायल हो गए लड़की को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला माधो बाड़ी में अपने दादा के पास रहने वाली 13 वर्षीय लड़की आरती पुत्री स्वर्गीय दिनेश कुमार को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके परिजनों ने बताया कि अपने माता पिता के निधन के बाद अर्शी अपने दादा के पास रहती थी जो दूध की डेयरी चलाते हैं और यहीं पर वह आज सुबह साफसफाई कर रही थी इसी दौरान डेयरी की छत का लिंटर धराशाई हो गया और उसके नीचे काम कर रही है अर्शी मलबे में दब गई इसके अलावा कई जानवर भी मलबे में दबकर घायल हो गए धमाके की आवाज सुनकर जब मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने तेजी से मलबे को हटाया तब तक दो भैंसों की मौत हो चुकी थी।

# पीएस खेरवा ने कड़ी मेहनत से तय किया फर्श से अर्श तक का सफर

## ● मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब

## ● निजी स्कूलों को मात दे रहा है ये सरकारी स्कूल हर क्षेत्र में है अव्वल



**लखीमपुर खीरी।** कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं हो सकता हैए एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारोंश् दुष्यंत कुमार की यह लाइनें इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय खेरवा की प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता पर सटीक बैठती हैं। महज चार साल में स्कूल में गुणवत्तायुक्त शिक्षा ही नहीं दी बल्कि विद्यालय का माहौल भी बदल दिया। डीएम की अभिनव पहल बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक से नवाजे गए बेहजम ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय खेरवा क्षेत्र के लिए नजीर बन चुका है। महकमे के मुताबिक इस विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता जिलेभर के अन्य सरकारी स्कूलों से काफी बेहतर है। वर्तमान में यहां 200 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं।

पीएस खेरवा में गौरव की नियुक्ति माह अप्रैलए वर्ष 2018 में हुई, उस समय विद्यालय की स्थिति अत्यंत जर्जर और दयनीय थी, प्रिंसिपल गौरव गुप्ता की लगन, कड़ी मेहनत से विद्यालय का हुआ कायाकल्प। 2018 में जहां विद्यालय में केवल 50 बच्चे थे। वही आज नामांकन 200 के ऊपर है। वर्तमान में विद्यालय में मात्र एक सहायक अध्यापक नरेंद्र अवस्थी के होते हुए इस विद्यालय में लगभग 10 गांव के बच्चे, प्राइवेट स्कूलों से नाम कटवाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय, कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर्स में संतृप्त है। विद्यालय का भौतिक, शैक्षणिक परिवेश अत्यंत ही उत्कृष्ट है। विद्यालय में सुसज्जित पुस्तकालय, खेल सामग्री है। विद्यालय को अनेक प्रकार के पौधों जैसे आंवला, आम, पीपल, अशोक, गुलाब, गेंदा और अन्य तरह.तरह के पेड़ पौधों से सजा संवरा है। शानदार चाहरदीवारी, आकर्षक बागवानी विद्यालय के भौतिक परिवेश को दूर से ही आकर्षित करतें हैं।

विद्यालय में नियमित टाइम टेबल से पढ़ाई होती है और यहां कक्षा एकए दोए तीन में पढ़ने वाले लगभग 70 फीसदी बच्चे निपुण लक्ष्य को हासिल कर चुके हैं। विद्यालय में बहुत बड़ा खेल का मैदान है। पीपल पेड़ की छाया में बच्चों के सर्वांगीण विकास विद्यालय का सर्वोच्च लक्ष्य है और यहां के नौनिहाल जिला स्तर तक विभिन्न खेलों में अपनी पहचान बना चुके हैं। शून्य निवेश नवाचार का प्रयोग से विद्यालय की कक्षाकक्षों की सभी दीवारें टीएलएम से सजी हैं। इनका प्रयोग बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने में किया जा रहा है। कक्षा पांच के अधिकतर बच्चे अंग्रेजी की किताबें धारा प्रवाह पढ़ते हैं।

विद्यालय में समय.समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें सभी छात्र छात्राओं की सहभागिता होती है। वर्तमान में विद्यालय में दीक्षा ऐपए रीड एलोंग ऐप और स्मार्ट क्लास (प्रोजेक्टर) का प्रयोग करते कार्य किया जा रहा। जिससे बच्चों की उपस्थिति 75 फीसदी के ऊपर रहती है। राज्य स्तरीय टीम भी विद्यालय के भौतिक परिवेश की जमकर सराहना कर चुकी है। अभिभावक यही चाहते हैं कि उनके बच्चों को गुणात्मक शिक्षा मिले और वे जिंदगी में सफलता हासिल करें। यही वजह है कि उनका झुकाव निजी स्कूलों की तरफरहता है।

# सेवा है मानव जीवन के उत्थान का मूल मंत्र : डॉ मोहन भागवत



- सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट पहुंच संघ प्रमुख किया गौ पूजन
- गौ सेवा एवं साधु सेवा के कार्य देखकर प्रसन्नता जताई

**संवाददाता।** चित्रकूट

**संघ** प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास दौरान जानकीकुंड में स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के निजी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की।

रविवार को ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित प्रकल्पों को देखा। रघुवीर मंदिर युगल सरकार के दर्शन कर गौशाला में गौ पूजन कर चिकित्सालय का भ्रमण किया। ट्रस्ट अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रूपल मफतलाल तथा उनके परिजनों ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सदगुरु परिवार की ओर से उनका स्वागत किया।

सरसंघ चालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि ट्रस्ट में पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से चल रहे मानव सेवा, गौ सेवा एवं साधु सेवा के कार्य देखकर उन्हें हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर हो रही इन सेवाओं की उन्होंने सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा का सुअवसर मनुष्य को सौभाग्य से मिलता है। मानव जीवन में उत्थान का यही मूलमंत्र है कि पूरी क्षमता से स्वयं को सेवा कार्यों में संलग्न रखें। उन्होंने सेवाकार्य में जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। चित्रकूट प्रवास बाद प्रयागराज को रवाना हुए।

# चित्रकूट के खरौंध गांव में अधेड़ की सनसनीखेज हत्या

- हत्या के बाद दीवार पर लिखा तीन लाख के साथ मिलने का फरमान
- घटना के खुलासे के लिए एसपी वृंदा शुक्ला ने गठित की तीन टीमें
- हत्या के तरीके ने ताजा करा दीं दस्यु युग के आतंक की यादें



**संवाददाता।** चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश के चित्रकूट जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के खरौध गांव में खेत की रखवाली कर रहे अधेड़ की गला दबाकर हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे ने मृतक के डेरा की दीवार पर एक मोबाइल नम्बर लिख तीन लाख रुपये से साथ मिलने का फरमान जारी कर पुलिस के होश उड़ा दिये है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने टीम टीमों का गठन कर हत्याकांड के जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये है।

विध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य यूपी-एमपी की सीमा पर बसा बुंदेलखंड का चित्रकूट जनपद करीब चार दशकों तक दुर्दांत डकैतों के आतंक का शिकार रहा है। पाठा के अंतिम पांच लाख के ईनामी डकैत गौरी यादव के खात्मे के बाद से चित्रकूट पूरी तरह से दस्यु मुक्त हो चुका है। जिसका असर भी चित्रकूट के पर्यटन को देखकर लगाया जा सकता है। वहीं शनिवार की रात जिले के सदर कोतवाली कर्वी अन्तर्गत खरौंद गांव के डेरा में सो रहे प्यारेलाल वर्मा (62) की अज्ञात लोगों ने गला घोट कर हत्या करने के बाद पास की दीवार मे एक फरमान लिखकर सनसनी फैलाने के साथ दस्यु युग के आतंक की यादें ताजा करा दी हैं।

हत्यारों ने शव के पास दीवार में लिखे एक मोबाइल नंबर में संपर्क कर तीन लाख रुपये के साथ मिलने की बात की है। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को मौके पर पहुंची पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने गहनता से छानबीन करने के बाद तीन टीमों का गठन कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिये है।

वहीं खरौंध के ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक प्यारेलाल वर्मा (62) का गांव के बाहर डेरा बना हुआ है। वह वहीं पर रात में रुककर खेतों की रखवाली करता था। रुकने के लिए एक कमरा भी बना हुआ है। बताते हैं कि प्यारेलाल शनिवार की शनिवार की शाम को डेरा में रुकने गया था। रविवार को सुबह काफी देर तक जब वह अपने घर नहीं पहुंचा तो चिंतित हुए परिजन उसकी खोज-खबर लेने डेरा पहुंचे। जहां प्यारेलाल वर्मा चारपाई में ही मृत अवस्था में पड़ा मिला। इस मामले में कर्वी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि शव के पास दीवार में एक मोबाइल नंबर लिखा मिला है। जिसके साथ यह भी लिखा हुआ है कि तीन लाख रुपये लेकर मिलना।

## रमजान का दूसरा अशरा आज से भरपूर करें ज़कातः कारी फ़रीद

**फतेहपुर।** रमजान माह का दूसरा अशरा कल से शुरू हो रहा है। दूसरे अशरे पर काजी शहर मौलाना कारी फ़रीद उद्दीन कादरी ने कहा कि मगफ़िरत वाले इस अशरे में ज्यादा से ज्यादा इबादत करके अपने परवरदिगार को याद करें और रोजदार गरीब, मोहताजों को भरपूर ज़कात देकर अपने माल को पाक-साफ़ बनायें क्योंकि पैगम्बरे इस्लाम ने इरशाद फ़रमाया शाबान मेरा महीना है और रमजान अल्लाह तआला का महीना है। लिहाजा जो बंदा पूरे माह के रोजे रखता है तो अल्लाह तआला उसके गुनाहों को बक्श देता है और रोजदार जन्नत (स्वर्ग) का हकदार हो जाता है। काजी शहर श्री कादरी ने कहा कि बचे हुए दूसरे और तीसरे अशरे में मुस्लिम समाज के लोग खूब इबादत करके अल्लाह तआला को राजी करें और अपने गुनाहों की गिड़गिड़ा कर माफ़ी तलब करें। शहरकाजी ने कहा कि जो आकिल (अक्लमंद) बालिग मुसलमान रोजा नहीं रखता वह गुनेहगार है और रमजान का रोजा एक भी जान बूझकर छोड़ता है तो वह पूरी जिन्दगी रोजा रखे तो भी छोड़े हुए एक रोजे की भरपाई नहीं कर सकता क्योंकि पैगम्बरे इस्लाम ने इरशाद फ़रमाया कि जो मुसलमान बगैर शर्रई उज़्र के एक भी रोजा छोड़ता है तो वह गुनेहगार होगा। उन्होंने अवाम से अपील किया कि इस मुकद्दस माह का अदबो एहतराम करते हुए नमाज की पाबंदी के साथ-साथ रोजे भी पाबंदी से रखें क्योंकि इस माह में अल्लाह के नजदीक रोजे से बढ़कर कोई इबादत नहीं है। रमजान माह में जन्नत के दरवाजे अल्लाह के बंदों के लिए खोल दिये जाते हैं।

# विहिप और बजरंग दल ने निकाली भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा



**कुठौंद, जालौन।** ग्राम पंचायत भदेख में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के तत्वावधान में रामोत्सव कार्यक्रम भव्य शोभायात्रा निकालकर मनाया गया। हर घर से माताओं, बहिनों ने भगवान श्री राम दरबार की पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा के बाद गांव में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भगवान श्री राम समरसता के आदर्श और असुरों के संहारकर्ता विषय पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रांतीय सहमंत्री अभिनव दीक्षित, धर्म यात्रा प्रमुख विष्णु अवतार पुरी, बिचोली आश्रम के महंत राघव दास महाराज, सह खंड कार्यवाह संजय गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष धीरज दीक्षित, उपाध्यक्ष बिहारी सिंह, मंत्री राधेश्याम प्रजापति, प्रखंड संयोजक बजरंग दल अमित तिवारी, कैलाश सिंह, बीपी सिंह सेंगर जुगराजपुर, प्रेम सिंह पाल प्रधान प्रतिनिधि, बिनोद कुशवाहा, कार्तिकेय उपाध्याय, केशव मिश्रा, अर्पित मिश्रा, भानु प्रताप मिश्रा, अमित गुप्ता, मोहित तिवारी, पारस त्रिपाठी, अभिषेक विश्वकर्मा, हिमांशु यादव मौजूद रहे।

## अप्रैल माह में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

**फतेहपुर।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से हो चुकी है। ऐसे में कई बदलाव भी हो रहे हैं। इसके अलावा, बैंकों में भी हर महीने की तरह इस माह भी छुट्टियां पड़ने वाली हैं। वित्त वर्ष 2024 के पहले महीने के दौरान करीब 15 दिन का अवकाश रहने वाला है। अगर आप बैंक संबंधी कोई भी काम अगले महीने करने के लिए जाने वाले हैं, तो छुट्टियों की लिस्ट देख लेनी चाहिए। अप्रैल में शनिवार और रविवार के साथ ही कुल 15 दिनों की छुट्टी रहने वाली है। इस महीने के दौरान महावीर जयंती, बाबू जगजीवन राम के जन्मदिन, गुड फ्राइडे, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती, संक्रांति या बीजू महोत्सव या बिसू महोत्सव, तमिल नववर्ष दिवस, विशु या बोहाग बिहू या हिमाचल दिवस, शब-एल-कद्र, ईद-उल-फितर के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे।

## सपा नेता को गुंडा एक्ट की नोटिस तामील

**संवाददाता।** फतेहपुर



**नगर** पालिका परिषद के निवर्तमान चेयरमैन प्रतिनिधि और सभासद (वरिष्ठ सपा नेता) हाजी रज़ा मोहम्मद को पुलिस ने गुंडा एक्ट की नोटिस तामील कराई है। नोटिस पर पक्ष रखने के लिये 11 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। सपा नेता ने कार्रवाई के पीछे राजनैतिक प्रतिद्वंदता का आरोप लगाया है। बताते चलें कि बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के एक नेता पर लगभग दो साल पहले हमला हुआ था, जिसको लेकर पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह द्वारा अपनी ही सरकार के विरोध में सदर कोतवाली में धरना दिया था। इस मामले पर राजनैतिक रंग चढ़ने के बाद शहर के पनी मोहल्ला निवासी वरिष्ठ सपा नेता हाजी रजा और उनके कई समर्थकों के खिलाफ लूटपाट, हत्या का प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। खबर है कि पुलिस की ओर से विगत 16 मार्च को हाजी रजा के खिलाफगुंडा एक्ट की रिपोर्ट भेजी गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट में रजा मोहम्मद को गुंडा और गैंगस्टर बताया है। साथ ही उससे समाज में भय और आतंक व्याप्त होने का भी तर्क दिया गया। साथ ही कोई भी गवाही देने का साहस नहीं जुटाता है। ज्ञातव्य रहे कि भाजपा अल्पसंख्यक नेता पर हमले के बाद तीन मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप की ओर से प्रकरण की नोटिस तामील कराने के पुलिस को आदेश दिए गए हैं।

## युवती की हत्या कर सड़क किनारे फेंका

**फर्रुखाबाद।** युवती की हत्या कर सड़क किनारे शव डाल गए और हत्यारोपियों ने केमिकल से शव को झुलसाया जिससे शव की शिनाख्त न हो सके। युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। थाना कंपिल पुलिस को आज सुबह करीब 6 बजे सूचना मिली कि कंपिल अटेना मार्ग से कारव रोड पर करीब 500 मीटर दूरी पर युवती का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही कंपिल थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर आर. के . सिंह एवं हल्का इंचार्ज मोहम्मद सरताज ने मौके पर पहुचें और जांच पड़ताल की। युवती का शव औधा पड़ा था युवती सलवार सूट पहने थी। थानाध्यक्ष ने फॉरेंसिक टीम एवं सर्विलांस टीम को आने के लिए सूचना भेजी। पुलिस को घटनास्थल के निकट प्लास्टिक की खाली बोतल मिली जिसमें केमिकल की दुर्गंध आ रही थी।

## क्विक न्यूज

### फसल काटने गयी युवती से दुष्कर्म, पुलिस कर रही जांच

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत कर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि जब वह गांव के ही मलखान यादव के खेत में कटाई कर रही थी और प्यास लगने पर वहीं पास के एक ट्यूबवेल में पानी पीने गई थी तभी वहां पहले से मौजूद रफीक पुत्र जुम्मन ने उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया और कहीं पर शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया जिसके बाद पीड़िता ने जब आरोपी के पिता से उक्त घटना के बाबत उलाहना दिया तो आरोपी के पिता ने भी घटना को किसी से न बताने की बात कहते हुए घर से भगा दिया, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को उक्त मामले की तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### जीएन एकेडमी में छात्रों को किया गया सम्मानित



**फतेहपुर।** शहर के आबूनगर स्थित जीएन एकेडमी में रविवार को वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा व अतिथि पूर्व सूबेदार श्रवण कुमार व बीके साहू रहे। प्रबंधक मुजाहिद हसन ने सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात परीक्षाफल की घोषणा की। आहिल हसन, समीरा नूर व सुमैया ने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मो. हस्सान, रोजी, अल्हम फात्मा ने दूसरा व यहया रजा, मो. हुजैफ, आमना फात्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। बच्चों को अतिथियों ने परीक्षाफल व उपहार देकर सम्मानित किया।

### गन्दगी से गुजरकर मस्जिद जाने को मजबूर रोज़ेदार

**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफ़ा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ने कर्वी ब्लाक के अपने गांव कोलगदहिया में भारी गन्दगी फैले होने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। उन्होंने कहा कि गांव में चार-चार सफाई कर्मी तैनात हैं। इसके बाद भी गांव में भारी गन्दगी फैलने से लोग संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। रविवार को कर्वी ब्लाक के कोलगदहिया गांव के गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफ़ा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांव में चार सफाई कर्मी तैनात हैं। छह माह से गांव की सफाई नहीं की गई। गांव की सभी नालियां चोक हो चुकी हैं। नालियों में घास उग आई है। पूरा रास्ता गन्दगी से भरा रहता है। गांव के लोग कीचडयुक्त गन्दगी से गुजरकर आने-जाने को मजबूर हैं।

### शासन से क्रय नीति लागू नही, केंद्रों में गेंहू की खरीदारी शुरू

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश में अभी तक गेहूं क्रय नीति लागू नही हुई मगर क्रय केंद्र खोलकर गेहूं की खरीददारी शुरु कर दी है। नीति व नयी गाइड लाइन न आने के कारण गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित नही हो पाया है। नयी ऋय नीति न आने से विभाग पुरानी ऋय नीति के आधार पर गेहूं किसानों से खरीदारी करेगा। यह पहला मौका है जब शासन स्तर पर क्रय नीति खरीद करने के पहले नही लागू की गयी है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी हमीरपुर बृजेश यादव ने आज बताया कि जिले में पचास गेहूं खरीद केंद्र निर्धारित किये गये है जिसमे पीसीएफके 42 व हाट शाखा के आठ केंद्र संचालित है। ऋय नीति शासन स्तर पर अभी तक न बन पाने के कारण खरीद तो शुरु हो गयी है,कल से शुरु हुई गेहू खरीद में ई पाश मशीन में किसान को अगूठा लगाना पड़ता है मगर सभी केंद्रो में मशीने ठीक से कार्य नही कर रही थी ज्यादातर स्थानों में नेट वर्क न आने के कारण जिलेमें केवल आफलाइन 754 कुंटल गेहूं की खरीदारी हो पायी है। केंद्रों में अव्यवस्था को देखते हुये ज्यादातर किसान गेहू लेकर वापस लौट गये है।

### पाथ फाइनडर्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**उरई, जालौन।** रविवार को पाथ फाइनडर्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर राजेश सिंह, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डीपीओ अमरेंद्र पोत्सियान व राघवेंद्र सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता राजकीय पॉलीटेक्निक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की, सरस्वती जी व गणेश जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया। सबसे पहले वैदिक मंत्रों के साथ कार्यक्रम को आरंभ किया गया। इसके बाद नर्सरी के छात्रों ने संगीत पर नृत्य किया। एलकेजी के छात्रों ने संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

# स्कूल चलो अभियान रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हमीरपुर।** परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराए जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने रैली निकालकर लोगो को बच्चों के प्रवेश के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी डा. चंद्रभूषण ने कहा कि बिना शिक्षा के न तो गांव न ही शहर और न ही देश का विकास होगा। इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा इस बार गत वर्ष की अपेक्षा और बेहतर नामांकन तथा परिणाम प्राप्त किया जाए। छात्र-छात्राओं के नामांकन में शिक्षकों द्वारा मा जनप्रतिनिधियों के साथ साथ ग्राम प्रधान तथा अन्य संबंधित का सहयोग प्राप्त कर शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराया जाए । उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा नामांकन के साथ-साथ बच्चों के अभिभावकों से नियमित रूप से संपर्क में रहकर बच्चों को साफ-सुथरे स्कूल ड्रेस में नियमित रूप से आने हेतु प्रोत्साहित किया जाए, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजकशोर गुप्ता ने कहा कि शिक्षा हमे सभी जगह सम्मान दिलाती है। आज बिना शिक्षा के हम किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो सकते हैं। अत: शिक्षा के इस महाअभियान से जुड़कर हर बच्चे को इस अभियान से जोड़कर इस अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जाए। जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने अभियान की शुरुआत मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर किया। स्कूल चलो अभियान की रैली अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर दीक्षित चौराहा ,किंग रोड ,जिला अस्पताल ,कोतवाली ,अमन शहीद ,पीडब्ल्यूडी ,बस स्टॉप होते हुए वापस कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

# कम्पोजिट विद्यालय महाराजपुर में हुआ हुआ स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** पहाड़ी, चित्रकूट




**स्कूल** चलो अभियान एवं पुस्तक वितरण समारोह कार्यक्रम कम्पोजिट विद्यालय महाराजपुर के प्रांगण मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी एवं विशिष्ट अतिथि दुर्गा प्रसाद एवं शारदा विश्वकर्मा ग्राम प्रधान पहाड़ी रहे।

नव प्रवेसी छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी ने रोली व चंदन लगाकर स्वागत किया एवं कक्षा आठ पास कर अन्य विद्यालय मे जाने वाले छात्र-छात्राओं को अंक पत्र एवं पुरस्कार देकर विदाई की गई। इस मौके पर उन्होने कहा कि शासन की मंशा अनुसार हर बच्चे को शिक्षा अनिवार्य है। इसके लिए हर बच्चे का स्कूल में नामांकन होना जरूरी है। आज नये सत्र के पहले दिन कम्पोजिट विद्यालय महाराजपुर के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार एवं ग्राम प्रधान दुर्गा प्रसाद व शारदा विश्वकर्मा द्वारा बच्चों को पुरस्कार एवं किताबों का वितरण किया गया। वही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के साथ सूर्य नमस्कार एवं योगा की अन्य क्रियाओं को करके दिखाई। खंड अधिकारी पहाड़ी द्वारा नव प्रवेशी बच्चों आयुष एवं मधु का रोली चंदन तिलक माला पहना पुस्तक देकर स्वागत किया।

वहीं आठवीं कक्षा पास करके अन्य स्कूलों में जाने वाले बच्चों को अंकपत्र व पुरस्कार देकर उनकी विदाई की गई। खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने कहा की सभी अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल जरूर भेजें और आसपास के जो बच्चे स्कूल ना जा रहे हो तो उनके घर वालों को प्रेरित करें। उनको भी स्कूल भिजवाने के लिए उनका मार्गदर्शन करें। कोई भी बच्चा शिक्षा से दूर नहीं होना चाहिए अगर अभिभावक जागरूक रहेंगे तो बच्चों की शिक्षा अपने आप हो जाएगी।

## ओवरफ्लो होने से किसान की फसल पानी में डूबी



**कुसमिलिया, जालौन।** डकोर क्षेत्र के गोरन माइनर से संबंधित बिरगुआं बम्बी ओवरफ्लो हो जाने से किसान की 18 बीघा की मटर की फसल में पानी भर गया। माइनर में पानी इस कदर बढ़ा कि आसपास स्थित कई गांवों के खेत जलमग्न हो गए। जब सुबह किसान नरेश कुमार पुत्र रामरतन निवासी कुसमिलिया खेत पर पहुंचा तो खेत में कटी मटर के खेत पानी से लबालब देख दंग रह गया। उन्होंने फौरन ही संबंधित विभाग के अफसरों से संपर्क किया लेकिन सूचना के बाद भी कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके चलते कई किसानों की मटर के कटे करपा पानी में डूब गए हैं। किसान नरेश ने बताया मौजा बिरगुआं तहसील उरई स्थित भूमि संख्या 152/1 रकवा 1.619 हेक्टेयर में सह संक्रमणीय भूमिधर है उसने अपने खेत पर मटर एवं गेंहू की फसल बोई थी। अपनी माता के खेत में गेहूं की फसल बोई थी जिसमें पानी भर गया।

# पेज एक का शेष

## सत्ता आते...

सामान्य हो। मैं केंद्रीय गृह मंत्री हूं और बिहार की कानून व्यवस्था मेरी भी चिंता है। शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश सरकार खुद ही गिर जाएगी। उन्होंने नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार , अराजकता और दमन का माहौल व्याप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था मोदी जी ही ठीक कर सकते हैं। शाह ने नीतीश के लिए राजग के दरवाजे हमेशा के लिए बंद होने के अपने कथन को फिर से दोहराते हुए कहा कि पिछले साल अगस्त में भाजपा को धोखा देने वाले नीतीश कुमार को एक सहयोगी के रूप में कभी भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। शाह ने कहा, जातिवाद का जहर फैलाने वाले नीतीश कुमार और जंगल राज के प्रणेता लालू प्रसाद से भाजपा कभी हाथ नहीं मिला सकती। गृह मंत्री ने साथ ही दावा किया कि बिहार के लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 40 लोकसभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने पूर्व गठबंधन सहयोगी जद (यू) को अपने धुर विरोधियों राजद, कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ एक ही पलड़े में रखते हुए कहा, कांग्रेस, जनता दल यू, राजद और ममता - इन सभी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था, लेकिन मोदी जी ने एक सुबह आधारशिला रखी और अब मंदिर आकार ले रहा है। अपने करीब 30 मिनट के भाषण में पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने महागठबंधन की खामियों को उजागर करते हुए कहा कि राजद प्रमुख और तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बनेगा। उन्होंने कहा, लेकिन वह नीतीश को नहीं जानते हैं। नरेन्द्र मोदी के सत्ता में तीसरी बार लौटने के बाद नीतीश कुमार का प्रधानमंत्री बनने का सपना चूर-चूर हो जाएगा और वह तेजस्वी को सत्ता नहीं सौंपेंगे। शनिवार की रात को बिहार पहुंचे शाह ने हिसुआ के लिए रवाना होने से पूर्व भाजपा नेताओं के साथ चर्चा की और अपने विरोधियों लालू प्रसाद और नीतीश कुमार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया, जिसने आतंकवाद को पनपने में मदद की। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म कर आतंकवाद को खत्म करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया।

## दोषसिद्धि के...

सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी आठ साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, बशर्ते कोई उच्च अदालत उनकी दोषसिद्धि तथा सजा पर रोक न लगा दे। राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उस टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने कहा था कि सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों है? राहुल को सजा सुनाए जाने के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।

## मोदी की...

प्रतिक्रिया देते हुए सिब्बल ने कहा, मोदी जी का आरोप : उन्होंने देश के भीतर और बाहर कुछ लोगों को मोदी की कब्र खोदने का ठेका दिया है। कृपया हमें इन लोगों, संस्थानों या देशों के नाम बताइए। यह कोई सरकारी रहस्य नहीं हो सकता। हमें उन पर मुकदमा चलाने दीजिए। वही कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर ऐसे वक्त हमला बोला है जब मीडिया में ऐसी खबरें आई हैं कि एक अप्रैल से 384 आवश्यक दवाओं और 1,000 से अधिक फॉर्मूलेशन के दाम में 11 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। खरगे ने एक ट्वीट में कहा, मोदी जी, आपने तो जनता की जेब काटने की सुपारी ली है।

## शिंदे ने...

लगाने के लिए राहुल गांधी जैसे लोगों की खुलकर निंदा करता हूं। मैं चुनौती देता हूं कि कोई भी सेलुलर जेल में उसी तरह एक दिन बिताकर दिखाए जैसे सावरकर जेल में रहते थे। उन्होंने नाम लिए बगैर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। शिंदे ने कहा, बालासाहेब ठाकरे ने ऐसी टिप्पणियों के लिए एक बार मणिशंकर अय्यर का पुतला फूंका था। दुर्भाग्य से बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा जताने वाले कुछ लोग अब उन लोगों (कांग्रेस नेता राहुल गांधी) के साथ बैठ रहे हैं जिन्होंने लगातार सावरकर पर हमला किया है। नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदुत्व को अल्पसंख्यकों के खिलाफ आक्रामकता के रूप में देखा जाता था लेकिन प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद इसका गौरव लौटाया। शिंदे ने कहा, हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। लेकिन कुछ लोग जानबूझकर इसकी गलत व्याख्या करते हैं। शिंदे तथा सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा गठबंधन के कुछ अन्य नेताओं ने एक अस्थाई रथ पर सवार होकर यात्रा में भाग लिया। रथ को फूलों से सजाया गया था और उसके पीछे मोटरसाइकिल पर सवार होकर समर्थक चल रहे थे। मुख्यमंत्री ने शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों से गुजरने वाली यात्रा के दौरान नागरिकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। यात्रा में भाग लेने वाले लोगों पर फूलों की बरसात की गई। इनमें से कई लोग 200 से अधिक मोटरसाइकिल और करीब 100 ऑटो रिक्शा पर सवार होकर यात्रा में शामिल हुए। भाजपा नेता डॉ. विनय सहस्रबुद्धे, ठाणे से विधायक संजय केलकर, ठाणे भाजपा प्रमुख और विधान परिषद सदस्य निरंजन देवखरे, पूर्व महापौर नरेश म्हास्के, शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक और सत्तारूढ़ गठबंधन के कई अन्य स्थानीय नेताओं ने यात्रा में भाग लिया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी यात्रा में भाग लिया। भाजपा के एक नेता ने कहा कि मुंबई के कुछ हिस्सों में भी ऐसी ही यात्रा निकाली गई।

## इसरो ने...

(हाइपरसोनिक उड़ान प्रयोग) मिशन के तहत आरएलवी-टीडी यान की पुन: प्रवेश की क्षमता का सफल परीक्षण किया था, जो पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसरो के अलावा भारतीय वायुसेना, सेना उड़न योग्यता और प्रमाणीकरण केंद्र, वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान और हवाई डिलीवरी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने इस परीक्षण में अहम योगदान दिया। अंतरिक्ष विभाग के सचिव और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ उन लोगों में शामिल थे, जो इस परीक्षण के गवाह बने।

## कूनो उद्यान...

एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें कर्मचारियों को इस चीते को जंगल में वापस जाने के लिए मनाने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए पांच मादा और तीन नर चीतों को पिछले साल 17 सितंबर को अपने 72वें जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था। एक मादा चीते की पिछले दिनों किडनी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। हालांकि इसके बाद एक अन्य मादा चीते ने चार शावकों को जन्म दिया।

## नहीं रहा...

खिलाफ ईडन गार्डंस पर अर्धशतक जमाने के बाद कानपुर टेस्ट में उन्हें नहीं चुना गया। इसका असर ऐसा था कि लोगों ने पोस्टर दिखा दिए, नो सलीम, नो टेस्ट। अफगानिस्तान टीम ने 2018 में जब बेंगलुरू में पहला टेस्ट खेला तो अफगान मूल के पठान दुर्रानी को भारतीय बोर्ड ने सम्मानित किया। अपने बिंदासपन, बेतकल्लुफी और जिंदादिली के लिए लोकप्रिय रहे दुर्रानी को खुद इसका अहसास नहीं था कि वह कितने बड़े खिलाड़ी हैं और यही खासियत उन्हें महान बनाती है।

# इजराइल का सीरिया के होम्स प्रांत में हमला

## ● पांच सैनिक घायल

**भाषा।** बेरूत



**इजराइल ने** सीरिया के होम्स प्रांत में रविवार तड़के कई जगहों पर हवाई हमले किए, जिनमें पांच सैनिक घायल हो गए। सीरिया की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। ईरान में सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि शुक्रवार को इजराइली हमले में जख्मी हुए ईरान के एक सलाहकार की मौत हो गई है। ईरान, सीरिया में मार्च 2011 में संघर्ष शुरू होने के बाद से ही राष्ट्रपति बशर असद की सरकार का समर्थन कर रहा है और युद्ध के शुरुआती दिनों से अपने सलाहकार भेजता रहा है। सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यमून राइट्स ने रविवार को बताया कि इस साल की शुरुआत से इजराइल ने नौवीं बार विभिन्न ठिकानों को निशाना बनाया है। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने सैन्य सूत्रों के हवाले से कहा कि होम्स शहर और आसपास के इलाकों में कई जगहों को निशाना बनाया गया है। एजेंसी ने दावा किया कि सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली ने कुछ इजराइली मिसाइल को हवा में ही मार गिराया। सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यमून राइट्स ने बताया कि मिसाइल ने सीरियाई सैन्य ठिकानों और ईरान से संबंधित मिलिशिया के प्रतिष्ठानों पर हमले किए, जिसमें एक शोध केंद्र भी शामिल है। इजराइल की ओर से हमलों को लेकर फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इजराइल हाल के वर्षों में सीरिया के सरकार नियंत्रित हिस्सों में सैकड़ों हमले कर चुका है। शुक्रवार को इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के उपनगर पर हवाई हमले किए थे जिसमें एक ईरानी सलाहकार की मौत हो गई थी। यह जानकारी सीरिया और ईरान की मीडिया ने दी है। ईरान के सरकारी टीवी ने शुक्रवार को खबर दी थी कि ईरानी सैन्य कमांडर मिलाद हैदरी हमले में मारे गए हैं और इसे इजराइल द्वारा आपराधिक हमला बताया था। ईरान के सरकारी टीवी ने रविवार को खबर दी कि शुक्रवार के हमले में जख्मी हुए रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक सलाहकार ने दम तोड़ दिया। सरकारी टीवी ने सलाहकार की पहचान मेगदाद महगनी के तौर पर की है और कहा है कि उनका अंतिम संस्कार रविवार को दमिश्क में होगा।

## रूस : कैफे में धमाके से सैन्य ब्लॉगर की मौत

**सेंट पीटर्सबर्ग ( रूस )।** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में रविवार को एक कैफे में हुए धमाके से एक चर्चित सैन्य ब्लॉगर की मौत हो गई और 15 लोग घायल हुए। रूसी मीडिया की खबरों में कहा गया है कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग में स्ट्रीट बार कैफे में हुए धमाके में ब्लॉगर व्लादलेन तातार्स्की की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। खबरों के मुताबिक, कैफे में आगंतुक द्वारा ले जाए गए विस्फोटक उपकरण से धमाके का दावा किया गया है। हालांकि, इस संबंध में अधिक विवरण सामने नहीं आया है। रूसी मीडिया और सैन्य ब्लॉगर्स ने कहा है कि तातार्स्की लोगों से मिल रहे थे और एक महिला ने उन्हें एक प्रतिमा भेंट की, जिसमें धमाका हो गया। धमाके में इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस में गोलीबारी और विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में किसकी संलिप्तता थी, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

# ह्यूस्टन विवि ने तमिल साहित्य व भाषा पर शोध के लिए आईसीसीआर के साथ समझौता किया

**भाषा।** ह्यूस्टन (अमेरिका)

**तमिल भाषा** साहित्य और संस्कृति पर शोध करने के वास्ते भारतीय अध्ययन की भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) पीठ स्थापित करने के लिए अमेरिका में ह्यूस्टन विश्वविद्यालय तथा आईसीसीआर ने एक समझौता किया है। यह समझौता 29 मार्च को हुआ और यह भारतीय अध्ययन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की कई वर्षों से जारी कोशिशों के तहत उठाया गया नया कदम है। विश्वविद्यालय की प्रमुख रेणु खाटोर ने बताया, हम इस सहयोग के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के आभारी हैं जो निश्चित रूप से हमारे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेगा। वह इस विश्वविद्यालय की अगुवाई करने वाली पहली प्रवासी भारतीय हैं और 2008 से इस पद पर हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन का विस्तार छात्रों के लिए शैक्षणिक अनुभव को बढ़ाएगा और उन्हें वैश्विक मंच पर सफलता के लिए तैयार करेगा। भारतीय अध्ययन की आईसीसीआर पीठ के पद पर भारत के विद्वान आसीन होंगे जो तमिल अध्ययन में विशेषज्ञ होंगे। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पीठ का उद्देश्य तमिल भाषा, साहित्य और संस्कृति पर शोध करना और शिक्षा देना तथा शिक्षा साझेदारी को गहरा करना है। महाजन ने कहा, तमिल भाषा को दुनिया की सबसे पुरानी भाषा माना जाता है और यह अमेरिका में बोली जाने वाली शीर्ष पांच भाषाओं में से एक है।

## विक्रमसिंघे ने श्रीलंका में शासन और लोक नीति विवि स्थापित करने के लिए भारत की मदद मांगी

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने देश में शासन और लोक नीति विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए रविवार को भारत से सहयोग मांगा। विक्रमसिंघे ने यह अनुरोध तब किया जब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ गुड गवर्नेंस के महानिदेशक भरत लाल ने उनसे मुलाकात की और प्रभावी निगरानी उपायों को लागू करके देश की सिविल सेवा के प्रदर्शन में सुधार के तरीकों पर चर्चा की। राष्ट्रपति कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि बैठक के दौरान लाल ने सूचना प्रौद्योगिकी की मदद से सार्वजनिक सेवा मुहैया कराने में भारत की सफलता को साझा किया, जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण प्रगति और लागत बचत हुई। दोनों पक्षों ने प्रभावी निगरानी उपायों को लागू करके देश की सिविल सेवाओं की क्षमता बढ़ाने और सरकारी संस्थानों के प्रदर्शन में सुधार करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

## ब्रिटेन में सरकारी कार्यालयों को मुफ्त में दिए जाएंगे महाराजा चार्ल्स तृतीय के चित्र

**लंदन।** ब्रिटेन में सरकार ने एक योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यालयो को मुफ्त मे महाराजा चार्ल्स तृतीय के चित्र उपलब्ध कराने के लिए करीब 80 लाख पाउंड के बजट को मंजूरी प्रदान की है। ब्रिटेन की सरकार के मंत्रिमंडल के कार्यालय के मुताबिक सरकारी परिषदों, अदालतों,स्कूलों, पुलिस, अग्निशमन विभाग और अन्य सरकारी संस्थानो को महाराजा चार्ल्स तृतीय का नया आधिकारिक चित्र निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसका खर्च ब्रिटेन के करदाता वहन करेंगे।

## बुरुंडी : खदान में पानी भरने से फंसे 13 स्वर्ण खनिकों की मौत

**नैरोबी (केन्या)।** बुरुंडी मे दो खदानों से 13 स्वर्ण खनिको के शव बरामद किए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सबिटोक के उत्तर-पश्चिमी प्रांत के एक जिला प्रशासक निकोडेम नडाहबोनीमाना ने कहा कि शुक्रवार रात मूसलाधार बारिश से खदान मे पानी भर गया था, जिसके बाद खनिको को नही बचाया जा सका। उन्होने कहा कि लापता और मृत मान लिए गए दो अन्य खनिको के शव बरामद नही हो पाए है।

## अमेरिका : ओक्लाहोमा के बार में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत

**ओक्लाहोमा सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका के ओक्लाहोमा सिटी के एक बार मे शनिवार रात हुई गोलीबारी मे कम से कम तीन लोगो की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। समाचार चैनल कोको टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम ओक्लाहोमा सिटी में न्यूकैसल रोड के पास स्थित व्हिस्की बैरल सैलून में शनिवार रात नौ बजे के आसपास हुई गोलीबारी मे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य को मामूली चोटे आईं। ओक्लाहोमा सिटी पुलिस ने ट्वीट करके बताया कि जांचकर्ता मौके पर मौजूद है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भूकंप से तीन बच्चों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत मे 3.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमे तीन बच्चों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रांत मे आए भूकंप का केंद्र बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से 60 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम मे था।ईरान की सीमा से सटे शहर चमन मे तीन बच्चो की मौत उस समय हो गई थी, जब भूकंप के कारण उनका मिट्टी से बना मकान ढह गया। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, मृतक बच्चो मे दो लड़कियां भी शामिल है।

## अमेरिका में शॉपिंग सेंटर में गोलीबारी में एक की मौत

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** लॉस एंजिलिस के एक शॉपिग सेंटर के बाहर मादक पदार्थों की सौदेबाजी के दौरान शनिवार को हुई गोलीबारी मे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के उप प्रमुख एलन हैमिल्टन ने बताया कि वेस्ट हिल्स मे वानोवेन और फालब्रूक के एक पार्किंग क्षेत्र मे दोपहर तीन बजकर करीब 45 मिनट पर मादक द्रव्य के सौदे के दौरान विवाद हुआ और कई संदिग्धो ने एक-दूसरे पर गोलियां चलाईं। उन्होने बताया कि अभी मृतक की शिनाख्त नही हो सकी है। शनिवार शाम को तीन संदिग्धो को हिरासत मे लिया गया और जांचकर्ताओ का मानना है कि गोलीबारी मे किसी गिरोह के सदस्य शामिल थे।

## नामी पत्रकार को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई

**अल्जीयर्स।** उत्तरी अफ्रीका के देश अल्जीरिया की अदालत ने एक नामी पत्रकार को रविवार को पांच साल की जेल की सजा सुनाई। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा होने के आरोप मे उनकी वेबसाइट और रेडियो स्टेशन को भी बंद करने का आदेश दिया गया। पत्रकार इहसाने अल-कादी को 23 दिसंबर को राजधानी अल्जीयर्स में उनके घर से हिरासत मे लिया गया।

# जापान और चीन की एक दूसरे को खरी-खरी

## ● विदेश मंत्रियों की बैठक , मुद्दों पर बात

**भाषा।** तोक्यो

**जापान के** विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने रविवार को अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात के दौरान बीजिंग में जापानी नागरिक को हिरासत में लिए जाने पर विरोध जताया और ताइवान व जापान के आसपास चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधि को लेकर कड़ी चिंता जताई। हयाशी दो दिन की यात्रा पर चीन गए हैं। वह दोनों देशों में बढ़े तनाव के बीच पिछले तीन साल से अधिक समय में चीन की यात्रा करने वाले पहले जापानी राजनयिक हैं। रविवार को ही उनका प्रधानमंत्री ली कियांग और शीर्ष राजनयिक वांग ई से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। चीन के विदेश मंत्री छिन कांग से मुलाकात के दौरान उन्होंने जापानी दवा कंपनी एस्टेलास फार्मा के कर्मचारी को जल्द रिहा करने की मांग की, जिसे पिछले महीने जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया गया था। दोनों देशों में से किसी ने भी उस व्यक्ति और उसपर लगे आरोपों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। हयाशी ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने पूर्वी और दक्षिणी चीन सागरों में चीन की बढ़ती समुद्री गतिविधियों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व स्थिरता के महत्व को रेखांकित किया। हयाशी ने कहा कि उन्होंने छिन से कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्र में बेहतर सहयोग की संभावना है। साथ ही कई समस्याएं और गंभीर चिंताएं भी हैं।

### अमेरिका खलनायक मदद न करें : चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने रविवार को अपने जापानी समकक्ष योशिमासा हयाशी से आग्रह किया कि वह बीजिंग के खिलाफ अमेरिका द्वारा प्रौद्योगिकी के संबंध में लगाए गए प्रतिबंधों का समर्थन करके किसी खलनायक की मदद ना करें। कांग ने हयाशी से कहा, अमेरिका ने जापान के सेमीकंडक्टर उद्योग को दबाने के लिए धौंस देने वाली रणनीति का इस्तेमाल किया और अब वह चीन के खिलाफ अपने पुराने हथकंडे दोहरा रहा है।



## ब्लिंकन ने रूस से हिरासत में लिए गए दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने की अपील की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रूस से दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने का आग्रह किया है। विदेश विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्लिंकन ने रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ फोन पर बात की और पिछले सप्ताह हिरासत में लिए गए समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार और एक अन्य अमेरिकी नागरिक पॉल व्हेलन को रिहा करने का आग्रह किया। विदेश विभाग के अनुसार रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत में ब्लिंकन ने क्रेमलिन द्वारा पत्रकार इवान गेर्शकोविच को जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ब्लिंकन ने गेर्शकोविच को तत्काल रिहा करने का आग्रह किया। ब्लिंकन ने व्हेलन की तत्काल रिहाई की भी मांग की और कहा कि उन्हें गलत तरीके से हिरासत में लिया गया है। मिशिगन कॉरपोरेट सुरक्षा कार्यकारी व्हेलन दिसंबर 2018 से जासूसी के आरोपों में रूस में कैद है। उनके परिवार और अमेरिकी सरकार ने इन आरोपों को निराधार बताया है।

## यूक्रेन के अधिकारी ने रूस से मुक्त क्रीमिया के लिए योजना पेश की

**कीव।** यूक्रेन के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रीमिया पर अपने देश का नियंत्रण होने के बाद उठाए जाने वाले कदमों की रूपरेखा पेश की है। इनमें उस रणनीतिक पुल को ध्वस्त करना भी शामिल है जो रूस को कब्जे वाले काला सागर प्रयद्वीप से जोड़ता है। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव ओलेकसी डेनिलोव ने इस योजना का खुलासा किया। यूक्रेन रूसी हमले के करीब 13 महीने बाद युद्ध को समाप्त करने के लक्ष्य से पलटवार की नई योजना बना रहा है। रूस ने 2014 में क्रीमिया को अपने नियंत्रण में ले लिया था लेकिन दुनिया के ज्यादातर देशों ने उसे रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता नहीं दी थी। इस प्रायद्वीप का भविय रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति को लेकर होने वाली किसी भी वार्ता में महत्वपूर्ण होगा। क्रेमलिन (रूसी शासन) ने मांग की है कि यूक्रेन क्रीमिया पर रूस की संप्रभुता एवं अन्य भूभागों पर उसके कब्जे को शांति की पूर्व शर्त के रूप में मान्यता दे। यूक्रेन ने तबतक के रूस के साथ किसी भी शांति वार्ता से इनकार कर दिया है जबतक रूसी सैन्य बल क्रीमिया समेत सभी कब्जे वाले क्षेत्रों को छोड़ नहीं देता है।

## क्विक न्यूज

### कनाडा-अमेरिका सीमा के पास मृत पाए गए दो लोगों की पहचान हुई, भारतीयों की शिनाख्त बाकी

**टोरंटो।** कनाडा की पुलिस ने अमेरिका-कनाडा सीमा के निकट एक इलाके में मृत पाए गए आठ लोगों में से दो की पहचान कर ली है जबकि चार भारतीयों की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। पुलिस उनकी मौत की परिस्थितियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। पुलिस को शुक्रवार को क्यूबेक, ओंटारियो और न्यूयॉर्क राज्य के आसपास अकवेसाने इलाके में एक नदी के पास आठ लोगों के शव मिले थे। पुलिस ने कहा है कि माना जा रहा है कि मृतक भारतीय और रोमानियाई मूल के दो परिवारों से थे और कनाडा से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। इनमें तीन साल से कम उम्र के दो बच्चे भी थे, दोनों कनाडा के नागरिक थे। शनिवार को, पुलिस ने कहा कि चार भारतीय नागरिकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का मानना है कि वे अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे।

### डोनाल्ड ट्रंप कानूनी संकट का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति नहीं हैं

**न्यूयॉर्क,।** डोनाल्ड ट्रंप कानूनी संकट का सामना करने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति नहीं हैं। ट्रंप सरकार या सैन्य अनुभव के बिना अमेरिका के राष्ट्रपति बनने वाले पहले व्यक्ति रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने दो बार महाभियोग का सामना किया। भले ही वह 2025 में व्हाइट हाउस में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं लेकिन अब वह पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर आरोप तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 में एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में मैनहट्टन ग्रैंड जूरी ने ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने का फैसला किया है और वह मंगलवार को अदालत में पेश होंगे। ट्रंप के तत्कालीन वकील माइकल कोहेन द्वारा पोर्न फिल्म की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को 2016 में ।,30,000 डॉलर की राशि दिए जाने से ट्रंप के खिलाफ जो आरोप बनते हैं उनमें झूठे कारोबारी रिकॉर्ड अहम हैं। ट्रंप कानूनी संकट का सामना करने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति नहीं हैं।

### ताइवान की राष्ट्रपति ने माया पिरामिड का दौरा किया

**ग्वाटेमाला सिटी।** ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन और ग्वाटेमाला के विदेश मंत्री मारियो बुकारो ने शनिवार को पुरातात्विक स्थल टिकाल का दौरा किया। साई के ग्वाटेमाला के इस दौरे का उद्देश्य मध्य अमेरिका में अपने शेष सहयोगियों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। ताइवान की नेता ग्वाटेमाला के बाद बेलीज का दौरा करेंगी। होंडुरास, निकारागुआ, अल साल्वाडोर और पनामा अपना पाला बदलकर चीन के पक्ष में आ गए हैं। साई और बुकारो ने शनिवार को माया पिरामिड का भी दौरा किया। दोनों देश के नेताओं ने एक संयुक्त संदेश में ग्वाटेमाला और ताइवान की एकता, एकजुटता और साझा मूल्यों पर बात की। साई ने ग्वाटेमाला को एक सहयोगी और साझेदार देश बताया। उन्होंने ग्वाटेमाला सरकार को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। ग्वाटेमाला पहुंचने से पहले साई ने अमेरिका का भी दौरा किया था।

### पोप फ्रांसिस ने वैटिकन में पाम संडे की प्रार्थना शुरू की

**वैटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ने पाम संडे के दिन सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना सभा की शुरुआत की। ब्रोंकाइटिस (सांस संबंधी समस्या) के उपचार और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पोप ने पहली बार किसी समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह के दौरान फ्रांसिस ने एक लंबा, हाथीदांत रंग का कोट पहना था। पोप को एक वाहन के जरिए सेंट पीटर्स स्क्वायर ले जाया गया और इस दौरान उनके आगे सैकड़ों धर्माध्यक्षों और पादरियों का दल भी मौजूद रहा। फ्रांसिस (86) को बुधवार को सेंट पीटर्स स्क्वॉयर में साप्ताहिक सार्वजनिक संबोधन के दौरान सांस लेने में परेशानी होने के बाद गेमेली पॉलीक्लीनिक में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब पत्रकारों ने पोप फ्रांसिस से पूछा कि अब वह कैसा महसूस कर रहे हैं तो उन्होंने मजाक में कहा, अभी जिंदा हूं। ईसाइयों के लिए पाम संडे से ही पवित्र सप्ताह की शुरुआत हो जाती है और इसका समापन ईस्टर के दिन होता है। इस मौके पर विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाती हैं, गीत गाए जाते हैं, बाइबल का पाठ किया जाता है और लोग चर्च जाते हैं। इस दिन लोग ताड़ के पत्तों का उपयोग करते हैं।

# बाजवा ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करने के लिए मुझ पर दबाव बनाया : इमरान का दावा

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने उन पर भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करने का दबाव बनाया था। भारत और पाकिस्तान के संबंध कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारण अक्सर तनावपूर्ण रहे हैं। भारत द्वारा पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने एवं राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद संबंध और खराब हो गए। खान ने शनिवार शाम लाहौर के जमां पार्क स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में दावा किया, जनरल बाजवा चाहते थे कि मैं भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करूं। उन्होंने इसके लिए मुझ पर दबाव बनाया और हमारे रिश्ते खराब होने की एक वजह यह भी थी। हालांकि, इमरान ने अपना रुख दोहराया कि पाकिस्तान को भारत के साथ केवल तब शांति वार्ता करनी चाहिए, जब नई दिल्ली जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करे। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि वह आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल में इस्लामाबाद के साथ सामान्य पड़ोसी वाले संबंध चाहता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान (70) ने आगे कहा कि जनरल (सेवानिवृत्त) बाजवा ने पाकिस्तान के साथ जो किया वह दुश्मन भी नहीं कर सका। उन्होंने कहा, सेना द्वारा बाजवा को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# अमेरिका के मिडवेस्ट और साउथ में बवंडर ने मचाई तबाही, 26 की चली गई जान

**भाषा।** विन (अमेरिका)



अमेरिका के मिडवेस्ट एवं साउथ में आए बवंडर (टॉरनेडो) से मची तबाही के कारण कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। इन शक्तिशाली बवंडर से अमेरिका के मिडवेस्ट एवं साउथ में कई मकान और शॉपिंग सेंटर धाराशाई हो गए और इलिनोइस में हेवी मेटल्स संगीत कार्यक्रम के दौरान थिएटर की छत गिर गई। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बवंडर ने कम से कम आठ राज्यों में मकानों एवं कारोबारी संस्थाओं को नुकसान पहुंचाया। प्राधिकारियों ने बताया कि इस बवंडर के कारण हुए हादसों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई, जिनमें टेनेसी की काउंटी में नौ, अरकंसास के विन में चार, इलिनोइस में चार और इंडियाना के सुलिवन में तीन लोगों की मौत हुई। अलबामा और मिसिसिपी के अलावा अरकंसास के लिटिल रॉक में भी लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। एडम्सविले के मेयर डेविड लेकनर ने पुष्टि की कि टेनेसी की मैकनेरी काउंटी में नौ लोगों की मौत हुई है। लेकनर ने कहा कि ज्यादातर नुकसान घरों और रिहायशी इलाकों में हुआ है। पूरे इलाके में शुक्रवार की रात मची तबाही के बाद आपात सेवा के कर्मी तबाही का आकलन कर रहे हैं। तूफान प्रणाली के प्रभावी होने से उठे बवंडरों से साउथ के मैदानों के जंगलों में आग लगने की घटना हुई है। ऊपरी मिडवेस्ट में भी स्थिति खराब है। मिडवेस्ट अमेरिका के जनगणना ब्यूरो के चार जनगणना क्षेत्रों में से एक है। क्रॉस काउंटी की सरकारी अधिकारी एली लॉन्ग ने केएआईटी-टीवी को बताया कि मरने वालों में अरकंसास के छोटे शहर विन के चार लोग शामिल हैं।

# अब भी पक्षपात का सामना कर रही हैं महिलाएं

## ● पूर्वाग्रह की वजह का असर, भेदभाव पर कोई प्रभाव नही हो रहा है

**भाषा।** सान फ्रांसिस्को

**अगर आप** किसी बड़ी कंपनी, विश्वविद्यालय या बड़े संगठन में काम करते हैं तो संभवत: आपने कार्यस्थल पर लैंगिक और नस्लीय भेदभाव के खिलाफ लड़ने से जुड़े अनिवार्य प्रशिक्षण सत्र में भी हिस्सा लिया होगा। नियोक्ता डीईआई नीति के नाम से प्रसिद्ध... विविधता, समानता और समावेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, अध्ययनों की मानें तो इन प्रयासों का अनजाने में किए जाने वाले भेदभाव पर कोई प्रभाव नहीं हो रहा है और अंत में बढ़ते-बढ़ते यह स्पष्ट भेदभाव में बदल जाता है। मैं पेशे से प्रोफेसर और भौतिकीविद हूं और विश्वविद्यालय में 30 साल से काम कर रही हूं। मैं मेडिसिन और विज्ञान के क्षेत्र में भी भेदभाव के बारे में पढ़ती हूं और बोलती हूं। ज्यादातर महिला सहकर्मियों की तरह, अपने पूरे करियर में कई मौकों पर मैंने भी व्यक्तिगत रूप से लैंगिक भेदभाव को देखा और महसूस किया है। लेकिन, हाल के वर्षों में दो बातें बदली हैं। पहली, आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रभावी हस्तक्षेप पर वर्षों के अध्ययन का प्रभाव दिखने लगा है। दूसरा, मैं देख रही हूं कि लोगों में भी धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है और अब लोग पहले के मुकाबले भेदभाव और प्रताड़ना आदि से निपटने में ज्यादा मुखर हैं। अगर इन बदलावों को एक साथ देखें तो इससे मुझे आशा दिखी है कि संभवत: चिकित्सा क्षेत्र भी भेदभाव के खिलाफ लड़ाई की दिशा में प्रगति करने का प्रयास कर रहा है। मैंने यह समझने के लिए एक अध्ययन किया कि आखिरकार ऐसा क्या है जो महिलाओं को उनके करियर में पीछे खींच रहा है, मैंने



मेडिसिन शिक्षा से जुड़े क्षेत्र के उच्च पदस्थ लोगों सहित 100 से ज्यादा पुरुषों और महिलाओं से इस बारे में बात की। मेरे अध्ययन में दर्जनों लोगों ने मुझे डीईआई (विविधता, समानता, समावेशीकरण) नीतियों के बारे में कहानियां बताईं, मंशा सही होने के बावजूद उसके परिणाम अच्छे नहीं मिल रहे हैं। उदाहरण के लिए नियोक्ता समिति को प्रोत्साहित किया जाता है कि वह किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की संख्या में विविधता रखे। मेरे अध्ययन में मैंने पाया कि किसी महिला या कम प्रतिनिधित्व वाले समूह के किसी व्यक्ति को नियुक्ति देने या उसे पदोन्नत करने को नियोक्ता समिति कोटा पूरा करने या छवि अच्छी बनाने वाले कदम के रूप में देखती है और समिति ऐसे कदमों को पद के लिए सर्वोत्तम अभ्यर्थी के चयन की उनकी क्षमता पर दबाव डालना समझती है। मैंने जिन लोगों से बातचीत की थी, उनमें से एक पुरुष संकाय सदस्य ने दावा किया कि उनकी नई सहकर्मी को सिर्फ महिला होने के कारण नियुक्ति दी गई है, जबकि उसके पास योग्यता अन्य पुरुष अभ्यर्थियों के मुताबिक ही योग्यता थी। ऐसी प्रतिक्रिया बहुत बड़ी वजह है कि नीतियों को लागू करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है और महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पदोन्नति मिल रही है। यह भी स्पष्ट है कि प्रत्यक्ष लैंगिक भेदभाव भी हो रहा है। 2021 में मैंने जो अध्ययन प्रकाशित किया था।

## बुल्गारिया में दो साल में पांचवीं बार हो रहे आम चुनाव के लिए मतदान जारी

**सोफिया।** राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे बुल्गारिया में बीते दो साल में पांचवीं बार रविवार को आम चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। उम्मीद है कि इससे यहां की राजनीतिक अस्थिरता खत्म होगी और यूक्रेन में जंग की वजह से आई आर्थिक परेशानियों से पार पाने में मदद मिलेगी। शुरुआती परिणाम सोमवार तक आने की उम्मीद है।

## यूक्रेन : अदालत ने पादरी को नजरबंद करने का आदेश दिया

**कीव।** यूक्रेन की एक अदालत ने एक प्रमुख ऑर्थोडॉक्स पादरी को शनिवार को घर में नजरबंद करने का आदेश दिया, जिस पर अधिकारियों ने रूस के हमले को सही ठहराने का आरोप लगाया है। यूक्रेन की शीर्ष सुरक्षा एजेंसी ने आरोपी ऑर्थोडॉक्स धर्मगुरू पर रूस के आक्रमण को जायज ठहराने का आरोप लगाते हुए अदालत से उन्हें घर में नजरबंद करने का अनुरोध किया था।

**प्रपत्र सं.यूआरसी-2**

**अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत पंजीकरण के बारे में सूचना देते हुए विज्ञापन**

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कंपनीज़ (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुपालन में]

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुपालन में एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि एक साझेदारी फ़र्म बरकोज़ मेलॉडी हाउस के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार के समक्ष एक आवेदन किया गया है जिसे इसके शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत पंजीकृत किया जा सकता है।
2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार से हैं :
   (क) कैफ़े, रेस्तां, होटल, कैटरिंग, बार्स, पब्स, फ़ास्ट फूड रेस्तां और स्नैक बार्स के कारोबार को चलाना
   (ख) फूड और बेवरेजेज़ के निर्माता, डीलर्स, सर्विस प्रोवाइडर्स का व्यवसाय और आनलाइन बिज़नेस व इससे जुड़ी सेवाओं के होलसेल और रिटेल का कारोबार चलाना
3. प्रस्तावित कंपनी के असोसिएशन के मैमोरेंडम और आर्टिकल्स के प्रारूप का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय पते बी-26, मेफ़ेयर गार्डन, हौज़ ख़ास, नई दिल्ली-110016 पर किया जा सकता है।
4. एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि इस आवेदन पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो वह लिखित में अपनी आपत्ति कंपनी के पंजीकृत पते के साथ-साथ सीआरसी मानेसर को प्लॉट नं.6, 7, 8 सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, ज़िला गुड़गांव, हरियाणा-122050 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर भेजें।

दिनांक 3 अप्रैल 2023

| हस्ता./- | हस्ता./- | हस्ता./- | हस्ता./- |
|---|---|---|---|
| कबीर किशिन अडवानी | समीर अडवानी | देवी अडवानी | अमित अडवानी |

# जी-20 बैठक से बढ़ेगा पर्यटन क्षेत्र : रेड्डी

**● 130 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे**

**भाषा।** सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)



**केंद्रीय पर्यटन मंत्री** जी. किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि जी-20 पर्यटन कार्य समूह की दूसरी बैठक घरेलू पर्यटन को मिशन मोड में पेश करने पर केंद्रित है और इससे भारत को इस क्षेत्र में अपनी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी में एक अप्रैल से तीन अप्रैल तक आयोजित बैठक में 130 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें जी-20 के सदस्यों देशों, आमंत्रित देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं उद्योग साझीदारों के प्रतिनिधि और राज्य के पर्यटन अधिकारी तथा पर्यटन क्षेत्र से जुड़े स्थानीय कारोबारी शामिल हैं। बैठक के दूसरे दिन रेड्डी ने कहा कि इस सम्मेलन के पीछे घरेलू पर्यटन को मिशन मोड में पेश करने की सोच है। उन्होंने कहा, यह पर्यटन क्षेत्र में अपनी क्षमता को अधिकतम करने में भी भारत की मदद करेगा। रेड्डी ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास के लिए एक व्यापक पर्यटन नीति भी तैयार की है। अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉन बारला ने सिलीगुड़ी में प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल वह भूमि है, जहां से भारत को राष्ट्रगान मिला।

उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य स्थल है और इसलिए देश के इस हिस्से में दुनियाभर के अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

दिन की शुरुआत में आयुष मंत्रालय ने जी-20 के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के लिए योग सत्र आयोजित किया। इसके बाद केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने हिमालयन कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

## हिमालय, गंगा में दो मेगा पर्यटन योजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है सरकार

**सिलीगुड़ी।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि सरकार इस साल हिमालय और गंगा में दो मेगा एडवेंचर टूरिज्म ट्रेल्स शुरू करने की योजना बना रही है रेड्डी ने जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ए योजनाएं इस साल शुरू होने की उम्मीद हैं।उन्होंने कहा, मंत्रालय 2023 में दो योजनाओं- गंगा और उत्तर पश्चिमी हिमालई ट्रेल्स- के विकास के लिए राज्यों और उद्योगों के साथ काम करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार इन दो परियोजनाओं की शुरुआत कर रही है, लेकिन भविष्य में अन्य योजनाएं भी शुरू होंगी।

## मेरठ के मलियाना नरसंहार मामले में साक्ष्य के अभाव में 40 आरोपित बरी

**मेरठ ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश के मेरठ की एक अदालत ने मलियाना में हुए नरसंहार के 36 साल पुराने मामले के 40 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। एक अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। मेरठ में वर्ष 1987 में टीपी नगर थाना क्षेत्र के मलियाना में दंगे के दौरान हुए नरसंहार मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखविंदर सूद ने फैसला सुनाते हुए 40 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आरोपियों के अधिवक्ता सीएल बंसल ने बताया कि अदालत ने साक्ष्य के अभाव में सभी 40 आरोपियों को बरी कर दिया। उन्होंने बताया कि अदालत के सामने यह तथ्य रखा गया कि पुलिस ने मतदाता सूची सामने रखकर नरसंहार में आरोपित बना दिए थे, जबकि उनका कोई कसूर नहीं था। घटना का ब्यौरा देते हुए उन्होंने बताया कि मेरठ में सांप्रदायिक दंगे के बाद 22 मई 1987 को हाशिमपुरा नरसंहार हुआ, जिसमें 42 लोगों की हत्या की गई थी।

# मैं छोटे दलों के विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनने को प्रेरित करता : थरूर

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकसभा के** सदस्य शशि थरूर ने वपक्षी एकता की हालिया लहर का स्वागत करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अन्य दलों के लिए वास्तविक केंद्र बिंदु रहेगी, लेकिन यदि वह पार्टी नेतृत्व में होते, तो इस बात की शेखी बघारने के बजाय 2024 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए किसी छोटे दल को विपक्षी गठबंधन के संयोजक की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते। थरूर ने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा कि 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने की घटना ने विपक्षी एकता की आश्चर्यजनक लहर पैदा कर दी है और कई विपक्षी दलों को इस सूक्ति की अहमियत समझ आने लगी है कि एकता हमें मजबूत बनाती है और फूट हमें कमजोर करती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि ज्यादातर विपक्षी दलों को एकजुट होने के लिए नया कारण मिल गया और उन्होंने एक-दूसरे के वोट काटना बंद कर दिया, तो भाजपा के लिए 2024 के चुनाव में बहुमत हासिल करना बहुत मुश्किल हो सकता है। राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने का संज्ञान लेने के लिए जर्मनी को धन्यवाद देने संबंधी कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ट्वीट के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा कि वह अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता को ऐसा न कहने की सलाह देते। थरूर ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित करना और भारत के लिए प्रेस में नकारात्मक खबर (नरेन्द्र) मोदी और उनकी सरकार के लिए हैरानी की बात नहीं होगी। इस (मोदी) सरकार की लोकतांत्रिक साख को लेकर शंकाएं कुछ साल से बढ़ रही हैं, जैसा वैश्विक मीडिया में नजर आता है। कांग्रेस नेता ने कहा, इसके बावजूद, मैं अत्यंत सम्मानित अपने वरिष्ठ पार्टी सहयोगी एवं मित्र को ऐसा न कहने की सलाह देता। कांग्रेस दृढ़ता से हमेशा यह बात मानती आई है कि 200 वर्ष तक औपनिवेशिक शासन के अधीन रहने के बाद हमें अब किसी विदेशी संरक्षण की न तो आवश्यकता है और न ही हम इसे स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व की भावना हर भारतीय के मन में गहरी समाई हुई है।

# भाजपा ने राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूनिया को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान विधानसभा** में भाजपा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को रविवार को पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष बनाया जबकि पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां को उनके स्थान पर विपक्ष का नया उपनेता बनाया गया है। इस साल फरवरी में असम के राज्यपाल के रूप में गुलाब चंद कटारिया की नियुक्ति के बाद से विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद खाली था। नई नियुक्तियों के बारे में निर्णय की घोषणा पार्टी मुख्यालय में भाजपा विधायकों, पदाधिकारियों की बैठक के बाद की गई। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने की। जयपुर के आमेर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक सतीश पूनिया तीन साल से अधिक समय से पार्टी की राज्य इकाई का नेतृत्व कर रहे थे। कुछ दिन पहले उनकी जगह पर चित्तौड़गढ़ के सांसद सीपी जोशी को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी विधायकों और अन्य नेताओं की बैठक में राठौड़ को राज्य विधानसभा में विपक्ष के नए नेता के रूप में घोषित किया गया और पूनिया को उपनेता बनाया गया। राठौड़ चूरू विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे हैं। राठौड़ और पूनिया के नए पदों की घोषणा पर उनके समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर उनके समर्थन में नारेबाजी कर खुशी का इजहार किया। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रभारी विजया रहाटकर समेत अन्य मौजूद थे।

# किसी और पीएम ने शौचालय बनाने की बात नही की : कोविंद

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि लाल किले की प्राचीर से शौचालय बनाने की बात करने वाले नरेंद्र मोदी को छोड़कर किसी अन्य प्रधानमंत्री ने इस विषय पर जोर नहीं दिया। कोविंद स्वच्छता के समाजशास्त्र पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जहां मोदी का संदेश भी पढ़ा गया। प्रधानमंत्री के संदेश में कहा गया, स्वच्छता और स्वच्छता के परिवर्तनकारी परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करने से भी विषय विशिष्ट पेशेवरों को तैयार करने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अधिक अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में कोविंद ने महात्मा गांधी के शब्दों को याद किया, जिन्होंने हमेशा स्वच्छता को प्राथमिकता दी थी। कोविंद ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहा करते थे कि स्वच्छता ईश्वरत्व से भी बढ़कर है। जिस प्रकार हृदय की निर्मलता के बिना ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार यदि हमारा शरीर स्वच्छ नहीं है, तो ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सवाल किया, जब कोई अस्वच्छ स्थान में रहता है तो उसका शरीर कैसे स्वच्छ हो सकता है? पूर्व राष्ट्रपति ने शौचालय निर्माण और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान की सराहना की। कोविंद ने कहा, गांधी जी की यह मान्यता थी कि स्वतंत्रता से अधिक स्वच्छता आवश्यक है। एक बार उनसे पूछा गया कि वह स्वतंत्रता और स्वच्छता के मिशन में शामिल हैं, लेकिन अगर उन्हें किसी एक को प्राथमिकता देनी हो, तो वह किसे चुनेंगे? उन्होंने कहा था कि देश अंततः स्वतंत्र हो जाएगा, लेकिन स्वच्छता पर ध्यान आज से ही दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह हमारे हाथ में है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, उसके बाद स्वच्छता के महत्व को अगर किसी ने समझा तो वह हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। कई बार इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि वह लाल किले की प्राचीर से शौचालय बनाने की बात करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। किसी भी प्रधानमंत्री ने इस बारे में बात नहीं की। कुछ लोगों ने इसका मजाक उड़ाते हुए कहा कि अब प्रधानमंत्री के पास बस यही काम है। रविवार से शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रोफेसर शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का आयोजन दिल्ली स्थित सुलभ इंटरनेशनल की सहायक संस्था सुलभ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एक्शन सोशियोलॉजी द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में, कोविंद ने स्वच्छता के अध्ययन को सामाजिक परिवर्तन का औजार बताते हुए शिक्षाविदों से स्वच्छता और इसके अध्ययन से संबंधित मुद्दों को बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने स्वच्छता और सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में भूमिका के लिए सुलभ इंटरनेशनल के

## क्विक न्यूज

### लैवेंडर की खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र के साथ सहयोग करेगा हिमाचल प्रदेश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में लैवेंडर की खेती को बढ़ावा देने के लिए अरोमा मिशन के तहत केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। एक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। अरोमा मिशन, लैवेंडर की खेती से संबंधित एक पहल है, जो जम्मू- कश्मीर में किसानों के लिए एक वरदान साबित हुई है। चंबा सहित हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों की जलवायु परिस्थितियों के जम्मू-कश्मीर के समान होने के कारण, राज्य सरकार का लक्ष्य हिमाचल प्रदेश में इस पहल की सफलता को बड़े पैमाने पर दोहराना है। बयान के मुताबिक इस पहल से किसानों के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस संबंध में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह से चर्चा भी की है। जितेंद्र सिंह ने इस परियोजना के लिए किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान करने का हिमाचल प्रदेश को आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि इस पहल में किसानों के जीवन को बदलने की क्षमता है तथा राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से अरोमा मिशन कृषि क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी कदम साबित हो सकता है। लैवेंडर की खेती जिसे बैंगनी क्रांति के रूप में भी जाना जाता है, हिमाचल प्रदेश के किसानों के लिए एक आकर्षक विकल्प साबित हो सकती है।

### युवाओं के मन में माता पिता के प्रति अनादर की भावना पैदा की जा रही है : त्रिवेदी

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को कहा कि यह चिंताजनक है कि युवाओं के मन में माता-पिता के प्रति अनादर की भावना पैदा की जा रही है। त्रिवेदी ने कहा किसी भी कहानी या विज्ञापन में आठ साल का छोटा बच्चा अपने ही मां-बाप को ज्ञान देता नजर आता है। मन में क्या अंकित किया जा रहा है, [8230] भविष्य में इसके परिणाम देखने को मिलेंगे। वह रविवार को नवोन्मेष फाउंडेशन की ओर से सनातन संस्कृति और हिंदुत्व पर आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। आज मानवाधिकारों का सदुपयोग करने के बजाय दुरुपयोग किया जा रहा है, और विभाजनकारी ताकतें ऐसा कर रही हैं। बच्चों के मन में अपने माता-पिता के प्रति अनादर की भावना बैठाई जा रही है और साथ ही युवा मन को सिखाया जा रहा है कि बॉस हमेशा सही होता है। इसका मतलब यह है कि माता-पिता जो भी कहते हैं वह गलत है और आपको उनका विरोध करना चाहिए, जबकि कार्यालय में बॉस जो भी कहते हैं वह सही है। एक भारतीय परिवार में सदस्यों की औसत संख्या 30 वर्षों में 5.2 से घटकर 4.5 हो गई है और इससे करोड़ों नए घरों की आवश्यकता होती है और इसका अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ेगा।

### नफरती भाषण पर दक्षिणपंथी महिला कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज, 50 हिरासत में

**गिर सोमनाथ ( गुजरात )।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के उना में पुलिस ने एक दक्षिणपंथी महिला कार्यकर्ता के खिलाफ उसके कथित नफरत भरे भाषण के लिए प्राथमिकी दर्ज की है और सांप्रदायिक झड़प के बाद दंगे के आरोप में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। झड़प में दो लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार की रात रामनवमी के अवसर पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में काजल हिंदुस्तानी के अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाने वाले भाषण से तनाव के बीच शनिवार को उना के एक संवेदनशील इलाके में दो समूहों ने एक-दूसरे पर पथराव किया, जिसमें सांप्रदायिक झड़प हुई। पुलिस ने बताया कि नफरत भरे भाषण के बाद उना में तनाव बढ़ गया। व्यापारियों द्वारा बाजार बंद रखने के बाद, पुलिस और स्थानीय नेताओं ने शनिवार को शांति समिति की बैठक बुलाई थी जिसमें दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था। लेकिन, बैठक के कुछ घंटे बाद सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में झड़प हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रीपाल शेषमा ने संवाददाताओं से कहा, हमने दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। एक काजल हिंदुस्तानी के खिलाफ नफरती भाषण के लिए, दूसरी दंगा करने के लिए भीड़ के खिलाफ। उन्होंने कहा, हमने 50 से 60 लोगों को हिरासत में लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। हम स्थानीय खुफिया जानकारी का इस्तेमाल कर रहे हैं और आगे की कार्रवाई के लिए हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थानः पानी की टंकी पर चढ़े भाजपा के पार्षद, छाबड़ा अनुमंडल को जिला घोषित करने की मांग

**कोटा ( राजस्थान )।** राजस्थान सरकार से बारां के अनुमंडल छाबड़ा को स्वतंत्र जिला घोषित करने की मांग को लेकर रविवार को भाजपा के तीन पार्षद यहां पानी की टंकी पर चढ़ गए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले महीने राज्य में 19 नए जिले और तीन नए संभाग बनाने की घोषणा की थी। 2008 के बाद यह पहली बार था कि राजस्थान में नए जिले बनाए गए, जिससे राज्य में जिलों की संख्या 50 हो गई।छाबड़ा नगरपालिका के पार्षद विपिन शर्मा, रोहित अरोड़ा और मनमोहन सेन को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।तीनों ने करीब दो घंटे तक कृषि उपज मंडी परिसर में लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की पानी टंकी पर चढ़े रहे और छाबड़ा के लोगों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# निलंबित भाजपा विधायक राजा सिंह के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**भाषा।** हैदराबाद



**रामनवमी के** अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने और शांति भंग करने के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी के निलंबित विधायक टी राजा सिंह और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हैदराबाद पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, राजा सिंह और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 505 (2) के तहत शाहिनयाथगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी एक पुलिस उपनिरीक्षक की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है, जिसने इन लोगों पर विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच शत्रुता और नफरत पैदा करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब 30 मार्च को राजा सिंह के नेतृत्व में शोभायात्रा चूड़ी बाजार पहुंची तो विधायक ने अपने भड़काऊभाषण में कहा कि इस देश में हिंदू राष्ट्र की स्थापना की जानी चाहिए। राजा सिंह के भाषण को सुनने के बाद उनके कुछ समर्थकों ने शोभायात्रा में महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की तस्वीरें लहराईं और धर्म के आधार पर जनता के बीच शत्रुता पैदा करने के इरादे से भी नारे लगाए। इससे पहले पुलिस ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए अफजलगंज पुलिस थाने में राजा सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा- 153ए (धर्म, नस्ल, जन्मस्थान, भाषा, निवास आदि के आधार पर अलग-अलग समूहों मे द्वेष उत्पन्न करना) और धारा-506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए राजा सिंह ने एक वीडियो संदेश में कहा, मेरे खिलाफ एक के बाद एक मामले दर्ज हो रहे हैं। अगर मैं हिंदू राष्ट्र और लव जिहाद पर बोलता हूं तो मामला दर्ज किया जाता है। क्या मैंने शोभायात्रा के दौरान किसी धर्म या व्यक्ति का नाम लिया? राजा सिंह ने कहा कि उनके खिलाफ एहतियाती हिरासत (पीडी) अधिनियम को फिर से लागू करने की साजिश के तहत मामले दर्ज किए गए थे। विधायक ने कहा कि उन्हें संदेह है कि तेलंगाना भारत का हिस्सा है या पाकिस्तान का हिस्सा है। राजा सिंह ने कहा कि उन्हें धमकी भरे फोन आ रहे थे कि उनके बेटे का अपहरण कर लिया जाएगा।

# भोपाल-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ने भरी रफ्तार



**● 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अपेक्षित गति सीमा पार की**

**भाषा।** नई दिल्ली

**भोपाल-नई** दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ने शनिवार को अपनी शुरुआती यात्रा के दौरान अधिकतम 161 किलोमीटर प्रति घंटे की गति हासिल की, जबकि इसकी अपेक्षित गति सीमा 160 किलोमीटर प्रति घंटा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भोपाल और नई दिल्ली के बीच यात्रा के समय को एक घंटे कम करने वाली ट्रेन ने आगरा और मथुरा में राजा की मंडी के बीच 161 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार को छुआ। आगरा छावनी और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी के एक छोटे से हिस्से को गति सीमा के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इससे पहले रेल मंत्रालय ने एक आदेश में कहा था कि रानी कमलापति-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आगरा छावनी-तुगलकाबाद खंड पर अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

# उद्धव के खिलाफ राणे का बयान असंसदीय लेकिन यह शत्रुता को बढ़ावा नही देता : अदालत

**भाषा।** मुंबई





**महाराष्ट्र के रायगढ़** जिले की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री नारायण राणे राजनीतिक क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्ति होने के नाते 2021 में राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ की गई असंसदीय टिप्पणी के परिणाम से अवगत थे, लेकिन कानून के प्रावधानों के तहत यह शत्रुता को बढ़ावा देने के समान नहीं है, क्योंकि उन्होंने किसी समुदाय को निशाना नहीं बनाया। अदालत ने राणे को शनिवार को इस मामले में आरोपमुक्त करार देते हुए कहा कि उपलब्ध कराई गई सामग्री और दस्तावेज राणे के खिलाफ अपराधों को साबित नहीं करते हैं, इसलिए आरोपी पर लगाए गए आरोप निराधार पाए जाते हैं। उसने कहा कि आरोपी के बयान को विवादित एवं राजनीतिक रूप से असंवेदनशील कहा जा सकता है, जिसकी किसी केंद्रीय मंत्री से अपेक्षा नहीं की जाती। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रायगढ़-अलीबाग) एस. डब्ल्यू. उगाले ने राणे को बरी करते हुए शनिवार को ए टिप्पणियां कीं। विस्तृत आदेश रविवार को उपलब्ध हुआ। मजिस्ट्रेट ने कहा, यह कहना पर्याप्त है कि वह (राणे) प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वह जो भी बात बोलते हैं, उन्हें उसकी प्रतिक्रिया की जानकारी होती है। उन्होंने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री के खिलाफ असंसदीय बयान दिया था और राजनीतिक क्षेत्र में एक प्रभावशाली व्यक्ति होने तथा राजनीति में लंबा अनुभव होने के नाते उन्हें इन शब्दों के परिणाम और समाज पर इसके पड़ सकने वाले असर की पूरी तरह जानकारी थी। लेकिन अदालत ने साथ ही कहा कि इस बयान में किसी समुदाय का जिक्र नहीं किया गया है।

राणे के खिलाफ रायगढ़ जिले के महाड में 2021 में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्हें उनकी टिप्पणी के लिए रत्नागिरी जिले से गिरफ्तार किया गया था। राणे ने कहा था, यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री (उद्धव ठाकरे) को स्वतंत्रता प्राप्ति के वर्ष के बारे में नहीं पता है।

## भाई के कथित विवाहेतर संबंध को लेकर इंजीनियर को जिंदा जलाया

**तिरुपति ( आंध्र प्रदेश ),।** तिरुपति के समीप अपने भाई के कथित विवाहेतर संबंध से पैदा हुए विवाद को हल करने की कोशिश के लिए 35 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर को जिंदा जला दिया गया। चित्तूर जिले के वेदुरु कुप्पम मंडल में ब्राह्मणपल्ली गांव में नागराजू को कथित तौर पर रिपिनजया, चाणक्य प्रताप और गोपीनाथ रेड्डी ने उसकी ही कार में जिंदा जला दिया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया, नागराजू के भाई पुरुषोत्तम पर रिपिनजया की पत्नी से विवाहेतर संबंध रखने का आरोप है जिसके कारण उनके बीच विवाद हुए। इन विवादों को सौहार्द्रपूर्ण तरीके से हल करने के लिए नागराजू, रेड्डी के जरिए मध्यस्था कर रहा था। पुलिस के अनुसार, नागराजू के छोटे भाई पुरुषोत्तम की हाल में बेंगलुरु में नौकरी लगी। वह भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

# सेना प्रमुख जनरल चार दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया रवाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेना प्रमुख** जनरल मनोज पांडे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने के तौर-तरीकों पर विचार करने के लिए रविवार को चार दिनों के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर रवाना हुए। जनरल पांडे द्विपक्षीय रक्षा सहएग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आस्ट्रेलिया के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। सेना ने कहा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे तीन अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा के लिए आस्ट्रेलिया गए हैं। उसने कहा कि वह दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आस्ट्रेलिया के शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ भेंटवार्ता करेंगे। सेना ने एक बयान में कहा, जनरल पांडे आस्ट्रेलियाई रक्षा बलों की विभिन्न सेवाओं के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे।

### वाइस एडमिरल एस जे सिंह ने नौसेना उप प्रमुख का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह ने नौसेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। भारतीय नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे का स्थान लिया है जो 39 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। पुणे की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से पास एडमिरल संजय जसजीत सिंह भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में 1986 में तैनात किए गए। अपने 37 साल के करियर में उन्होंने भारतीय नौसेना के ज्यादातर जहाजों पर सेवा दी और नौसेना स्टाफ के असिस्टेंट चीफ (सीएसएनसीओ), पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग समेत कई पदों पर रहे। नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख का पदभार संभालने से पहले वह इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ऑपरेशंस) के उप प्रमुख थे। अपनी उल्लेखनीय सेवा के लिए फ्लैग ऑफिसर को 2009 में नौसेना पदक और 2020 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।



नाडिया में पेड़ पर बैठी सनबर्ड

# हैदराबाद पर राजस्थान रॉयल्स की शाही जीत

- बटलर, जायसवाल और सैमसन के पचासा
- सनराइजर्स को 72 रन से हराया



**भाषा।** हैदराबाद

**पिछले साल की** उप विजेता राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर (54 रन) और यशस्वी जायसवाल (54 रन) की पावरप्ले में धमाकेदार बल्लेबाजी और कप्तान संजू सैमसन (55 रन) के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन से पराजित किया।

राजस्थान रॉयल्स ने शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 203 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर उसके गेंदबाजों ने इस लक्ष्य के दबाव में आई सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में आठ विकेट पर 131 रन ही बनाने दिए। ट्रेंट बोल्ट (एक मेडन, 21 रन देकर दो विकेट) ने अपनी ख्याति के अनुरूप गेंदबाजी करते हुए पहले ही ओवर में दोहरे झटके देकर मेजबान टीम की उम्मीदों को करारा झटका दिया। फिर युजवेंद चहल (17 रन देकर) ने प्रत्एक ओवर में चार विकेट झटके। आईपीएल में पदार्पण कर रहे हैरी ब्रुक (13 रन) पर सभी की निगाहें लगी हुई थीं लेकिन वह केवल 21 गेंद ही खेल सके। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इम्पैक्ट प्लेयर अब्दुल समद नाबाद 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। अंत में उमरान मलिक ने आठ गेंद में नाबाद 19 रन बनाए। इससे पहले बटलर (22 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) और जायसवाल ने भुवनेश्वर कुमार (नियमित कप्तान ऐडन मार्कराम की अनुपस्थिति में इस मैच में कप्तानी कर रहे) की अगुआई वाली सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाई। कप्तान सैमसन ने फिर अपनी 32 गेंद की पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के जड़े। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पिछले सत्र की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत शानदार रही। बटलर और जायसवाल (37 गेंद, नौ चौके) ने पावरप्ले में चौकों और छक्कों की झड़ी लगा दी जिससे टीम ने पहले छह ओवर में एक विकेट पर 85 रन बनाए। इससे राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में पावरप्ले में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जो पहले 81 रन का था। पावरप्ले में यह किसी भी टीम का ओवरआल छठा सबसे बड़ा स्कोर भी है। इंग्लैंड की सीमित ओवर टीम के कप्तान बटलर ने तीसरे ओवर में भुवनेश्वर पर डीप मिडविकेट पर एक छक्का लगाया और जायसवाल ने दो चौके जड़े जिससे इस ओवर में 17 रन बने। फिर बटलर ने हाथ खोलते हुए वाशिंगटन सुंदर के पहले ही ओवर में मिडविकेट के ऊपर और काऊ कॉर्नर पर दो गगनचुंबी छक्के जड़ दिए, फिर जायसवाल ने एक गेंद को बैकस्क्वायर लेग पर चौके के लिए भेजा जिससे चौथे ओवर में टीम के खाते में 19 रन का इजाफा हुआ। पांचवें ओवर में चार चौकों से 17 रन बने। बटलर ने छठे ओवर में फजलहक फारूकी पर चौका जड़कर महज 20 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। पर इस गेंदबाज की अगली गेंद सीमारेखा के पार कराने के बाद उनके स्टंप उखड़ गए।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स :** जायसवाल का अग्रवाल बो फजलहक फारूकी 54, बटलर बो फजलहक फारूकी 54, सैमसन का अभिषेक शर्मा बो नटराजन 55, पडीक्कल बो उमरान मलिक 02, पराग का फजलहक फारूकी बो नटराजन 07, हेटमायर नाबाद 22, अश्विन नाबाद 01, **अतिरिक्त :** 08, **कुल :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 203 रन, **विकेट पतन :** 1-85, 2-139, 3-151, 4-170, 5-187, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-36-0, फारूकी 4-0-41-2 सुंदर 3-0-32-0, नटराजन 3-0-23-2, राशिद 4-0-33-0, मलिक 3-0-32-1

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक बो बोल्ट 00, अग्रवाल का बटलर बो चहल 27, त्रिपाठी का होल्डर बो बोल्ट 00, ब्रुक बो चहल 13, सुंदर का हेटमायर बो होल्डर 01, फिलिप्स का आसिफ बो अश्विन 08, समद नाबाद 32, राशिद स्ट सैमसन बो चहल 18, भुवनेश्वर बो चहल 06, मलिक नाबाद 19, **अतिरिक्त :** 07, **कुल :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 131 रन, **विकेट पतन :** 1-0, 2-0, 3-34, 4-39, 5-48, 6-52, 7-81, 8-95, **गेंदबाजी :** बोल्ट 4-1-21-2, आसिफ 3-0-15-0 होल्डर 3-0-16-1, अश्विन 4-0-27-1, चहल 4-0-17-4, सैनी 2-0-34-0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### आईपीएल टिकट परामर्श : मैचों के दौरान सीएए और एनआरसी विरोध संबंधित बैनर को अनुमति नहीं



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच देखने के लिए आने वाले दर्शकों के लिए एक विशेष सलाह जारी की गई है जिसके अनुसार दिल्ली, मोहाली, हैदराबाद और अहमदाबाद चार शहरों में उन्हें नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) का विरोध करते हुए बैनर ले जाने की अनुमति नही दी जाएगी। पेटीएम इनसाइडर चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, लखनऊसुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स का टिकट साझीदार है, उसने कुछ प्रतिबंधित सामानों की सूची जारी की है और इसमे से एक सीएए और एनआरसी विरोध से संबंधित बैनर है। समझा जा सकता है कि यह परामर्श फ्रेंचाइजी द्वारा जारी किया गया है जो अपने संबंधित घरेलू मैचों के टिकट का कामकाज देखती है। यह सामान्यतः बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से सलाह के बाद किया जाता है क्योंकि यह खेल प्रतियोगिता किसी भी संवेदनशील राजनीतिक या नीतिगत मुद्दो के प्रचार की अनुमति नही देती। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब इस परामर्श के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, टिकट देना पूरी तरह से फ्रेंचाइजी के अधिकार क्षेत्र में है। हम सिर्फ सूत्रधार है जो उन्हे स्टेडियम मुहैया कराते है। हमारी टिकट संबंधित परामर्श मे कोई भूमिका नही है। एक आईपीएल फ्रेंचाइजी के एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिबंधित सामान पर कोई भी परामर्श हमेशा ही बीसीसीआई से विचार विमर्श के बाद किया जाता है।

### विलियमसन आईपीएल से बाहर, गुजरात ने पुष्टि की



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज केन विलियमसन घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए है। टीम ने इसकी पुष्टि की। न्यूजीलैड के चैम्पियन बल्लेबाज को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को पहले मैच के दौरान एक कैच लपकने का प्रयास करते समय चोट लगी थी। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने एक विज्ञप्ति में कहा , टूर्नामेंट में इतने पहले केन को चोट के कारण खोना दुखद है। हम उनके जल्दी फिट होने की कामना करते है। अब विलियमसन स्वदेश रवाना होकर इलाज कराएंगे। टीम उनके विकल्प का ऐलान जल्दी ही करेगी। विलियमसन को रूतुराज गायकवाड़ का छक्का बचाते हुए सीमारेखा के पास गिरने से चोट लगी। उन्हे मैदान से बाहर ले जाया गया और फिर वह मैदान पर नही लौटे।

### मैने अपनी उपयोगिता साबित कर दी है : मायर्स

लखनऊ। लखनऊसुपर जाइंट्स के नए खिलाड़ी काइल मायर्स ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में 38 गेंद मे 73 रन बनाने के बाद कहा कि उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। मायर्स ने कहा , मैने हमेशा आईपीएल खेलने का सपना देखा था और आज मौका मिला। मै अच्छी शुरूआत करके अपनी काबिलियत दिखाना चाहता था और मैने वही किया। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटोन डिकॉक की जगह टीम मे शामिल किए गए मायर्स ने कहा , यह नई पिच थी और हमें पता नही था कि कैसी रहेगी। हमने तेजी से रन बनाने की कोशिश की। मै यहां पिछले साल भी आया था लेकिन खेलने का मौका नही मिला। मैने टीम के माहौल मे रहकर काफी कुछ सीखा। इससे मुझे काफी फायदा मिला। मायर्स पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हे एक भी मैच में नही उतारा गया।

### लचर था क्षेत्ररक्षण, गेंदबाजों ने काफी छक्के दिए :पोंटिंग



लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिग ने लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 50 रन से मिली हार के बाद अपने क्षेत्ररक्षकों और गेंदबाजो के प्रदर्शन पर निराशा जताई। पोंटिग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , ईमानदारी से कहूं तो लखनऊने हमारी उम्मीद से ज्यादा रन बना डाले। पहले चार ओवर में हमारी फील्डिंग बहुत खराब थी। कई कैच छूटे और मिसफील्डिंग हुई। उन्होने कहा , मायर्स का भी कैच छूटा और उसके बाद उसने काफी रन बना डाले। आईपीएल में अच्छे खिलाड़ियों को इस तरह मौके देना खतरनाक होता है। मायर्स ने इसका पूरा फायदा उठाया। हमने इससे सबक ले लिया है। आगे के मैचों में हमें चुस्त क्षेत्ररक्षण करना होगा। हम इस तरह विरोधी टीम को मौके नही दे सकते। गेंदबाजी मे भी सुधार करना होगा क्योंकि उनके बल्लेबाजों ने 16 छक्के लगा डाले।

### एआईएफएफ याचिका पर पांच अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) से जुड़ी याचिका पर पांच अप्रैल को सुनवाई कर सकता है। इस याचिका में एआईएफएफ के संविधान के मसौदे के कुछ पहलुओं पर आपत्तियां भी शामिल है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई कार्य सूची के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ बुधवार को एआईएफएफ द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय मे 27 मार्च को इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा द्वारा तत्काल सुनवाई के लिए इस याचिका का उल्लेख किया गया था।

### वेस्टाप्पेन ने एफवन आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीती

**मेलबर्न।** रेडबुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने सत्र की पहली आस्ट्रेलियाई ओपन फॉर्मूला वन ग्रां प्री जीत ली। यह पिछले 12 साल में आस्ट्रेलियाई ओपन में रेडबुल की पहली जीत है। सात बार के विश्व चैम्पियन मर्सीडीज के लुईस हैमिल्टन दूसरे और एस्टोन मार्टिन के फर्नांडो अलोंसो तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले गत चैम्पियन फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क को पहले लैप के बाद दुर्घटना के कारण रेस छोड़नी पड़ी।

### मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को हराया

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के अहम मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी लिवरपूल को 4-1 से हरा दिया लेकिन दोनो टीमो के बीच एक बार फिर तनाव देखने को मिला। प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में दूसरे स्थान पर काबिज सिटी के प्रशंसकों पर लिवरपूल ने टीम बस पर हमला करने और नफरत भरे नारे लगाने का आरोप लगाया। सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला भी लिवरपूल के सब्स्टीट्यूट कोस्टास सिमिकास और आर्थर मेलो के सामने आक्रामक तरीके से जीत का जश्न मनाते नजर आए। उन्हे इसके लिए माफी मांगनी पड़ी। एक अन्य मैच में आर्सनल ने लीड्स को 4-1 से हराकर शीर्ष पर अपनी जगह पुख्ता करके आठ अंक की बढत बना ली। उसने हालांकि सिटी से एक मैच अधिक खेला है। लिवरपूल चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहम से सात अंक पीछे है।

### मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने चौथा पेशेवर मुकाबला जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने विस्कोनसिन के मिलवायूकी में अमेरिका के रेयान रेबार को तकनीकी नॉकआउट से हराकर अपना चौथा पेशेवर मुकाबला जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मंदीप (29 वर्ष) 2020 मे पेशेवर बने थे जिसमे उनका रिकॉर्ड अब 4-0 हो गया है। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कर चुके मंदीप से हाल मे अमेरिका के महान मुक्केबाज रॉय जोस जूनियर ने अगले तीन साल के लिए पेशेवर सर्किट में मुक्केबाजी के लिए करार किया था। इससे मंदीप अमेरिका के इस महान मुक्केबाज से जुड़ने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गए। यह जोस के मार्गदर्शन मे उनका पहला मुकाबला था।

### भारतीय निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजो ने रविवार को साइप्रस के लारनाका में समाप्त हुए आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन मे निराशाजनक प्रदर्शन किया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) टूर्नामेंट में दो पेयर्स स्पर्धाओ मे प्रवेश किया था। लक्ष्य श्योराण और मनीषा कीर ने 132 अंक जुटाए जिससे यह जोड़ी 23 टीम के लाइन-अप मे 13वें स्थान पर रही। बख्तयायुद्दीन मालेक और सबीरा हैरिस की जोड़ी 122 अंक से 20वें स्थान पर रही।

# कोहली और डुप्लेसी ने दिलाई आरसीबी को जीत

- मुंबई को 8 विकेट से किया पराजित

**भाषा।** बेंगलुरू



**अनुभवी विराट** कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी की आकर्षक अर्धशतकीय पारियों की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) रविवार को यहां मुंबई इंडियंस को 22 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। आरसीबी के सामने 172 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था लेकिन कोहली (49 गेंदों पर नाबाद 82 रन, छह चौके, पांच छक्के) और (डुप्लेसी (43 गेंदों पर 73 रन, पांच चौके, छह छक्के) ने पहले विकेट के लिए 148 रन जोड़कर उसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आरसीबी ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसानी से जीत दर्ज की। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे मुंबई का स्कोर छठे ओवर में तीन विकेट पर 20 रन था। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने यहीं से अकेले जिम्मेदारी संभाली और 46 गेंदों पर नाबाद 84 रन बनाए जिसमें नौ चौके और चार छक्के शामिल हैं। वर्मा ने नेहल वढेरा (13 गेंदों पर 21 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 50 रन और अरशद खान (नौ गेंदों पर नाबाद 15 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 17 गेंदों पर 48 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर सात विकेट पर 171 रन तक पहुंचाया। आरसीबी ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के सामने अच्छी शुरुआत की और पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 53 रन बनाए। डुप्लेसी ने इंपैक्ट प्लेयर जेसन बेहरनडॉर्फ पर लगातार दो छक्के लगाए जबकि कोहली ने जोफ्रा आर्चर का स्वागत चौके और छक्के से किया। डुप्लेसी ने कैमरन ग्रीन पर दो चौके और फिर छक्का जड़कर रोहित शर्मा को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। डुप्लेसी ने रितिक शौकीन पर लगातार दो छक्के लगाए। इनमें से पहले छक्के से उन्होंने 29 गेंदों पर आईपीएल में अपना 26वां अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने इसके बाद 11वें ओवर में पीयूष चावला पर छक्का लगाकर स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने 38 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया जो आईपीएल में उनका 50वां पचासा है। कोहली ने इसके बाद आर्चर और अरशद खान पर छक्के जड़कर लंबे शॉट खेलने के अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया। अरशद ने डुप्लेसी को लॉन्ग ऑन पर कैच कराया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियंस :** शर्मा का कार्तिक बो आकाशदीप 01, किशन का पटेल बो मोहम्मद सिराज 10, ग्रीन बो टॉप्ले 05, यादव का शाहबाज अहमद बो ब्रेसवेल 15, वर्मा नाबाद 84, वढेरा का कोहली बो कर्ण शर्मा 21, डेविड बो कर्ण शर्मा 04, शौकीन का डुप्लेसिस बो हर्षल पटेल 05, खान नाबाद 15, अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर मे सात विकेट पर 171 रन, विकेट पतन : 1-11, 2-16, 3-20, 4-48, 5-98, 6-105, 7-123, गेंदबाजी : सिराज 4-0-21-1, टॉप्ले 2-0-14-1, आकाशदीप 3-0-29-1, पटेल 4-0-43-1, शर्मा 4-0-32-2, ब्रेसवेल 2-0-16-1, मैक्सवेल 1-0-16-0

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** कोहली नाबाद 82, डुप्लेसी का डेविड बो अरशद 73, कार्तिक का वर्मा बो ग्रीन 00, मैक्सवेल नाबाद 12, अतिरिक्त 05, कुल (16.2 ओवर मे दो विकेट पर) 172, विकेट पतन : 1-148, 2-149, गेंदबाजी: बेहरनडॉर्फ 3-0-37-0, खान 2.2-0-28-1, आर्चर 4-0-33-0, चावला 4-0-26-0, ग्रीन 2-0-30-1, शौकीन 1-0-17-0

### मंत्रालय के पत्र के बाद एनआरएआई प्रमुख रनिंदर लंबी छुट्टी पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रमुख को खेल कोड के तहत बारह वर्ष से अधिक पद पर नहीं बने रहने के खेल मंत्रालय से मिले निर्देश के बाद भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष रनिंदर सिंह लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। मंत्रालय ने एनआरएआई से अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनाव कराने के लिए भी कहा है। ऐसा नहीं करने पर खेल कोड के तहत कार्वाई की जाएगी। मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि रनिंदर ने बतौर अध्यक्ष बारह वर्ष (29 दिसंबर 2010 से 29 दिसंबर 2022) पूरे कर लिए हैं और खेल कोड के तहत वह पद पर आगे बने नहीं रह सकते। रनिंदर को सितंबर 2021 में फिर अध्यक्ष चुना गया था। एनआरएआई ने 30 मार्च को अपनी संचालन ईकाई के सदस्यों को लिखे पत्र में छह अप्रैल को आपात बैठक की सूचना दी है। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कालीकेश नारायण सिंह देव अध्यक्ष का काम संभालेंगे।

# क्वितोवा को मियामी ओपन खिताब, रिबाकिना हारी

**भाषा।** मियामी गार्डन्स



**बारहवीं वरीयता प्राप्त** पेत्रा क्वितोवा ने सातवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7- 6, 6- 2 से हराकर मियामी ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। चेक गणराज्य की 33 वर्ष की क्वितोवा ने अपने से दस साल छोटी रिबाकिना के 13 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई और उसे लगातार दूसरा खिताब नहीं जीतने दिया। रिबाकिना ने हाल ही में इंडियन वेल्स में भी खिताबी जीत दर्ज की थी। पुरूष एकल फाइनल में जानिक सिनेर का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनेर ने गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। पुरूष युगल फाइनल में सैंटियागो गोंजालेस और एडुअर्ड रोजर वेसलीन ने आस्टिन क्राइसेक और निकोलस माहूत को 7- 6, 7- 5 से हराया।

### आईटीएफ मैसुरु ओपन : लोफहागेन ने ब्लेक को हराकर एकल खिताब जीता

**भाषा।** मैसुरु

**जॉर्ज लोफहागेन** ने रविवार को यहां तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में आस्ट्रेलिया के एलिस ब्लेक को हराकर आईटीएफ मैसुरु ओपन 2023 में एकल खिताब जीत लिया। मैच के दौरान कई मोड़ आए लेकिन ब्रिटेन के गैर वरीय खिलाड़ी ने दो घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को 4-6 6-2 7-6 से पराजित किया। लोफहागेन ने मैच के बाद कहा, यह काफी अच्छा टूर्नामेंट रहा और मुझे यहां खेलने में काफी मजा आया। फाइनल चुनौतीपूर्ण रहा और पहला सेट गंवाने के बाद मैं मैच में बने रहने में सफल रहा। यह काफी थकाने वाला रहा लेकिन खिताब जीतना शानदार है।

# चेपक पर जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नई

- सुपर किंग्स का आज लखनऊ जायंट्स से जंग



**भाषा।** चेन्नई

**पहला मैच** हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य इस सत्र में जीत का खाता खोलने का होगा। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चार बार की चैम्पियन टीम यहां चार साल बाद लौटी है। दर्शकों में इसे लेकर काफी उत्साह है और पूरा स्टेडियम कल चेन्नई के पीले रंग में रंगा रहेगा। रूतुराज गायकवाड़ की शानदार पारी के बावजूद चेन्नई को पहले मैच में गुजरात टाइटंस ने हराया। चेन्नई के प्रशंसकों को बाकी बल्लेबाजों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पहले मैच में नाकाम रहे थे। आईपीएल नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रूपए में खरीदे गए इंग्लैंड के सुपरस्टार बेन स्टोक्स पहले घरेलू मैच में अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। बीच के ओवरों में धीमी रनगति के अलावा गेंदबाजों का फॉर्म भी धोनी की चिंता का सबब है। चेन्नई के लिए राहत की बात यह है कि मैच एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर हो रहा है जहां स्पिनरों की भूमिका अहम हो सकती है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दस दिन पहले यहां खेले गए तीसरे वनडे में ऐसा ही देखा गया था। रविंद्र जडेजा और मिशेल सेंटनेर पहले मैच में प्रभावी नहीं रहे लेकिन यहां लय में लौटने की कोशिश में होंगे। चेन्नई एक अतिरिक्त स्पिनर को भी उतार सकती है। श्रीलंका के महीश तीक्षणा पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं है तो देखना होगा कि किसे मौका दिया जाता है। दूसरी ओर केएल राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स पर भारी अंतर से जीत दर्ज की। काइल मायर्स ने तूफानी बल्लेबाजी की तो मार्क वुड ने पांच विकेट चटकाए। बल्लेबाजी में मायर्स के अलावा कप्तान राहुल, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस पर भी नजरें होंगी।

### अंडर-20 एथलेटिक्स कल

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में लखनऊ जिला अंडर-20 पुरुष व महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप 4 अप्रैल को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार चैंपियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों की उम्र 18 व 19 वर्ष साल 2004 व 2005 में जन्म होनी चाहिए। इसके साथ वो एथलीट भी भाग ले सकते है जिनकी उम्र 16 व 17 वर्ष ;साल 2006 व 2007 में जन्म होगी। उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना आधारकार्ड लाना होगा। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि इच्छुक एथलीट आयोजन स्थल पर सुबह 7 बजे संपर्क कर सकते है।

### लेपर्ड्स की जीत

**लखनऊ।** ज़ोरदार लेपर्ड्स ने पूर्वोत्तर रेलवेए लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में खेली जा रही डिवीज़नल चैंपियंस लीग के पहले मैच में बलवान पैंथर्स के खिलाफ 37 रन से जीत दर्ज की। ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर खेले गए मैच में ज़ोरदार लेपर्ड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 161 रन का स्कोर बनाया। टीम से जितेंद्र ने 26 गेंदों पर 4 चौके व एक छक्के से 36 रन और पवन कुमार ने 34 गेंदों पर 4 चौके से 35 रन बनाये।

# बटलर की मौजूदगी युवाओं के लिए सकारात्मक : सैमसन

**भाषा।** हैदराबाद

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद पर मिली 72 रन की जीत के बाद कहा कि इंग्लैंड की टी20 विश्व कप विजेता कप्तान जोस बटलर की बल्लेबाजी ही नहीं बल्कि उनकी मौजूदगी भी टीम के युवाओं पर सकारात्मक असर डाल रही है। सैमसन ने मैच के बाद कहा, उनकी मौजूदगी ही टीम पर काफी सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। आप देख सकते हो कि यशस्वी जायसवाल इस सत्र में किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं। इसका असर आप युवाओं पर देख सकते हो और उनकी भूमिका भी हर किसी की तरह महत्वपूर्ण है। सैमसन ने कहा कि बटलर जिस तरह से गंभीर दिखते हैं, वह ऐसे हैं नहीं बल्कि वह मस्ती मजाक करने वाले खिलाड़ी हैं। वह थोड़ा गंभीर दिखते हैं लेकिन वह काफी मस्ती मजाक करने वाले खिलाडी हैं, वह ड्रेसिंग रूम और टीम बस में भी यही करते रहते हैं। वह लोगों से बात करना पसंद करते हैं और लोग उनसे काफी कुछ सीख रहे हैं।

### पावरप्ले में अच्छी शुरूआत से आक्रामक होकर खेल सकते हो: बटलर

**हैदराबाद।** टी20 विश्व कप विजेता इंग्लैड टीम के कप्तान जोस बटलर ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के नए सत्र मे राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने के बाद कहा कि पावरप्ले मे अच्छी शुरूआत से आक्रामक होकर खेल सकते है। बटलर ने 22 गेंद में 54 रन की पारी खेली जिससे टीम पांच विकेट पर 203 रन का विशाल स्कोर खड़ा सकी। पिछले आईपीएल सत्र में सर्वाधिक रन जुटाने वाले बटलर ने टीम की 72 रन की जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, इस समय वास्तव मे अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हू और स्पष्ट सोच के साथ खेल रहा हूं।

### श्रीलंका ने पहले टी20 में न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हराया

**भाषा।** आकलैंड

**श्रीलंका ने** पहले टी20 मैच में न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हरा दिया जबकि पुछल्ले बल्लेबाज ईश सोढी ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मैच को सुपर ओवर में खिंचा था। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 196 रन बनाए। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 13 रन चाहिए थे। सोढी श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर मैच को टाइब्रेकर में ले गए। सुपर ओवर में न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम और मार्क चैपमैन उतरे जबकि श्रीलंका ने महीश तीक्षणा को गेंदबाजी सोंपी। मिशेल ने पहली गेंद पर एक रन लिया। दूसरी गेंद वाइड थी और तीसरी गेंद पर नीशाम आउट हो गए। चैपमैन ने दो रन लिए, फिर चौका लगाया और आखिरी गेंद पर आउट हो गए। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस और चरित असालांका उतरे और गेंदबाज जिम्मी नीशाम थे।

# टूट गया सिंधू का सपना

- मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में हारी



**भाषा।** मैड्रिड

**भारत की पीवी** सिंधू रविवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से सीधे गेम में हार गई।चोट के कारण पांच महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने पर शुरुआती दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहने के कारण पिछले मंगलवार को शीर्ष 10 से बाहर होने वाली सिंधू फाइनल में किसी भी समय लय में नहीं दिखी और विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग से 8–21, 8–21 से हार गई इस फाइनल से पहले सिंधू का इंडोनेशिया की 23 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 7–0 था लेकिन वह मैच में दबदबा बनाने में असफल रही और इस तरह से पिछले आठ महीनों में पहला खिताब जीतने का उनका सपना चकनाचूर हो गया। सिंधु फाइनल में भले हार गई लेकिन लंबे समय बाद खिताबी मुकाबले में जगह बनाने से उनका वर्ष के आगामी टूर्नामेंट के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। अगले महीने से पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट भी शुरू हो रहे हैं। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने अपना आखिरी खिताब अगस्त 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था जबकि उन्होंने विश्व टूर का अंतिम खिताब पिछले साल जुलाई में सिंगापुर ओपन के रूप में जीता था। कोरिया के पार्क ताइ सुंग के हटने के बाद सिंधू की कोच अभी विधि चौधरी है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में फाइनल से पहले तक अच्छा प्रदर्शन किया था तथा इस बीच एक भी गेम नहीं गंवाया था।

### लक्ष्य सेन ने रिचार्ज होने के लिए ब्रेक लिया

**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म मे चल रहे राष्ट्रमंडल खेलो के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान लगाने के लिए छोटा सा ब्रेक लिया है। अल्मोड़ा का 21 साल का खिलाड़ी इस सत्र मे कई टूर्नामेंट मे लगातार शुरू मे ही बाहर हो रहा है। सेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट मे कहा, मै ब्रेक करने की अहमियत पर बात करना चाहता हूं। मुझे महसूस हुआ है कि कभी कभार अपने लिए सबसे अच्छी चीज यही होती है कि आप रिचार्ज (तरोताजा होने के लिए) एक कदम पीछे लो। इसलिए मैने सामान्य दिनचर्या से खुद पर ध्यान लगाने के लिए थोड़ा ब्रेक लिया है। उन्होंने कहा, मै काफी समय अपने प्रियजनों के साथ बिता रहा हू, अपने पसंदीदा शौक मे समय बिता रहा हू और अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रख रहा हूं।